

रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हम - 12





बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 174 अंक मजबूत, निफ्टी 42 अंक- 12



भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा : जयशंकर - 13



टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने युनाइटेड किंगडम - 14


आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.49
सूर्यास्त 06.04

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 04:57 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

बुधवार, 18 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 359, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## फ्रांस के सहयोग से भारत बनाएगा माउंट एवरेस्ट तक उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर

### राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा, व्यापार व प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

- दोनों नेताओं ने हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने वाली इकाई का डिजिटल तरीके से किया उद्घाटन

नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी

भारत और फ्रांस ने द्विपक्षीय संबंधों को मंगलवार को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मुकाम तक पहुंचाया और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति के मुंबई पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, मोदी ने वहां मैक्रों के साथ व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच एक विशेष संबंध है। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा, इसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण के आधार पर, आज हम अपने (द्विपक्षीय) संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मोदी ने एच-125 हेलीकॉप्टर 'असेंबली लाइन' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि दोनों देश मिलकर भारत में दुनिया का एकमात्र ऐसा हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट (विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी) की ऊंचाई तक उड़ान भर सकेगा और इसे पूरी दुनिया में निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा, 2026 भारत और यूरोप के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। कुछ ही दिन पहले, हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस संबंधों को वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक बताया। उन्होंने कहा, वर्तमान में, विश्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है।



मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### मैक्रों ने मुंबई के मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' की, 26/11 हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचे और अपने दिन की शुरुआत कोस्टल रोड के पास मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' के साथ की। मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने बाद में दक्षिण मुंबई के ताज महल पैलेस होटल में नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह भारत में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेंगे और मुंबई में मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन करेंगे। राष्ट्रपति मैक्रों की यह भारत की चौथी और मुंबई की पहली यात्रा है। इससे पहले दिन में, महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

## प्रशिक्षण से चुनौतियों को अवसर में बदलने की सीख : मुख्यमंत्री

- भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला में मुख्यमंत्री धामी ने दिया जीत का मंत्र
- कहा-भाजपा ही एकमात्र पार्टी जिसके कार्यक्रम निर्बाध गति से चलते हैं

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजधानी में भाजपा की प्रशिक्षण महाभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

मुख्यमंत्री ने पार्टी के इस प्रशिक्षण को कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, नए उत्साह व नवीन परिवर्तन के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसके कार्यक्रम निर्बाध गति से चलते रहते हैं। समय-समय पर संगठन में नवीनता के लिए इस तरह के प्रशिक्षणों से ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर स्थापित हुई है। इस अभियान से हमें और बेहतर स्पष्ट होगा कि किस तरह हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसको विकास में सहभागी बनाना है।

यह प्रशिक्षण हम सब कार्यकर्ताओं को सिखाएगा कि कैसे चुनौतियों को अवसर में बदल जाता है और कैसे जन सेवा के क्षेत्र में हमें संवेदनशीलता और समर्पण की वृद्धि करनी है। मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि बार-बार देश और प्रदेश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें मौका देना बताता है कि वह झूठ, भ्रम, अफवाह और खोखले वादों पर विश्वास नहीं करती है। प्रदेश की जनता भी आज बेहद समझदार है और उसकी निर्णय की क्षमता अद्भुत है। वह काम पर विश्वास करती है और सकारात्मक बदलाव से प्रभावित होती है। सबके सहयोग से सभी कार्य सही हो रहे हैं, लिहाजा हमें सिर्फ इस पर विचार करना है कि कैसे उसे ठीक तरह से लोगों तक पहुंचाया जाए।



भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी।

### सीखने की तो कोई उम्र ही नहीं: मौर्य

क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रभारी अमरपाल मौर्य ने कहा कि, जिस तरह सीखने की कोई उम्र नहीं होती उसी तरह संगठन को मजबूत करने, उसके प्रभाव को बढ़ाने और नए-नए विचारों को आत्मसार करने की दृष्टि ही ये प्रशिक्षण होता है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के जिस मूल मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ा रहे हैं, हम पार्टी में भी अंदरूनी तौर पर इसी तरह बेहतर नागरिक और समाज निर्माण की दृष्टि से काम करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि यह प्रशिक्षण हम सभी कार्यकर्ताओं के सामाजिक कार्यक्षेत्र की कुशलता और विस्तार के लिए बहुत आवश्यक है जिसमें आने वाले दिनों में संगठन की रीति नीति, विचार और सिद्धांत के साथ कार्यपद्धति को बारीकी से समझने और दोहराने का अवसर मिलेगा।

## ब्रीफ न्यूज

### दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिवार को 1.5 करोड़ रुपये का मुआवजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 2022 में एक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 48 वर्षीय एक व्यक्ति के परिवार को 1.53 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। पीड़ित रक्षा मंत्रालय में कार्यरत थे। पीठासीन अधिकारी विजय कुमार झा ने पीड़ित मुकेश कुमार कश्यप के परिवार द्वारा दायर दावा याचिका पर सुनवाई की। कश्यप, रक्षा मंत्रालय के वैमानिकी) में कार्यरत थे।

### तेलंगाना के मंत्री के काफिले पर पथराव पुलिसकर्मी घायल

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता और तेलंगाना के श्रम मंत्री जी विवेक वेंकटस्वामी के काफिले पर मंगलवार को मंचरियाल जिले में पथराव किया गया। इस घटना में एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया। यह घटना उस समय हुई जब मंत्री और अन्य कांग्रेस नेता क्याथनपल्ली नगरपालिका अध्यक्ष के चुनाव में भाग लेने जा रहे थे।

### राज्य में दूसरे दिन भी बम की धमकी

**नैनीताल/देहरादून :** उत्तराखंड में मंगलवार को दूसरे दिन नैनीताल के अलावा, टिहरी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग जनपद न्यायालयों (कोर्ट) की आधिकारिक मेल पर तीनों परिसरों में आरडीएक्स रखे होने की सूचना दी गई। इसके अलावा अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में भी इसी तरह के धमकी भरे ई-मेल भेजे गए। सभी स्थानों पर संयुक्त टीमों द्वारा सघन जांच में कहीं कुछ नहीं मिला। इन मामलों में अभियोग दर्ज कराया जा रहा है। (विस्तृत पेज-2)

## भराड़ीसैंण में 9 मार्च से बजट सत्र पांच दिन चलेगा, 500 प्रश्न मिल चुके

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा भवन में आगामी 09 से 13 मार्च तक पांच दिवसीय बजट सत्र आहूत करने का राज्य सरकार की ओर से फैसला किया गया है।

राज्यपाल की अनुमति मिलने से तिथि सम्बन्धी अधिसूचना निर्गत होने की प्रतीक्षा शेष है। इस संबंध में विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग ने विधानसभा सचिवालय को पत्र भेज दिया है।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूडी ने बताया कि भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र कराने के लिए हमारी तैयारी पूरी है। विधानसभा सचिवालय के कर्मचारी व्यवस्थाओं में लगे हैं। राज्यपाल की अनुमति के बाद बजट सत्र की अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि बजट सत्र के लिए अभी तक विधायकों की ओर से लगभग पांच सौ प्रश्न प्राप्त हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भराड़ीसैंण भवन में मरम्मत कार्य के कारण देहरादून विधान भवन में बजट सत्र आहूत किया गया था। पिछले दिनों कैबिनेट ने बजट सत्र की तिथि व स्थान तय करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया था। उन्होंने पहले ही संकेत दिए थे कि बजट सत्र गैरसैंण में ही होगा।

## तारिक ने बांग्लादेश के पीएम पद की ली शपथ

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार का 18 महीने से जारी शासन समाप्त हो गया, जिस दौरान बांग्लादेश में राजनीतिक अनिश्चितता और अराजकता की स्थिति रही थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के शीर्ष राजनीतिक एवं सैन्य नेतृत्व की उपस्थिति में जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' के खुले परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी थे। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान (60) को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' में पद की शपथ दिलाई। आम चुनावों में अपनी पार्टी को शानदार जीत दिलाने वाले रहमान ने कहा, मैं प्रधानमंत्री के तौर पर कानून के अनुसार कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों तक स्वनिर्वासन में लंदन में रहने के बाद दो महीने पहले स्वदेश लौटे थे।



- लोस अध्यक्ष ओम बिरला ने समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया

## अडानी समूह का एआई डेटा सेंटर के लिए 100 अरब डॉलर का निवेश

**नई दिल्ली।** अडानी समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की मंगलवार को घोषणा की। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत 'एनर्जी-कंप्यूट' प्रतिबद्धताओं में से एक है।

समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि इस पहल से 'सर्वर' निर्माण, 'क्लाउड' मंच एवं सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा, दुनिया एक ऐसी बुद्धिमत्ता क्रांति में प्रवेश कर रही है जो पिछली किसी भी औद्योगिक क्रांति से कहीं अधिक गहन है।







## चारधाम यात्रा : ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को देना पड़ेगा शुल्क

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- 19 अप्रैल से शुरू होगी यात्रा शुल्क का जल्द होगा निर्धारण

**अमृत विचार:** इस वर्ष 19 अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के दौरान ऑनलाइन पंजीकरण कराने वाले श्रद्धालुओं से न्यूनतम पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा। शुल्क का जल्द निर्धारण किया जाएगा।

यात्रा के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित संचालन के उद्देश्य से सभी हितधारकों के साथ गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह तय किया गया। आयुक्त ने मंगलवार को कहा कि, बैठक में स्टेकहोल्डर्स (हितधारकों) ने मांग की कि चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पर फीस लगाई जाए ताकि गलत लोग यात्रा में शामिल न हो सकें। फीस तय करने के लिए गढ़वाल डिविजन के एडिशनल कमिश्नर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। फीस लगाने पर फैसला सरकार की तरफ से कमेटी की रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद लिया जाएगा। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष तीर्थयात्रियों की संख्या सीमित नहीं की जाएगी लेकिन प्रत्येक यात्री के लिए पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। फर्जी पंजीकरण पर सख्ती से रोक लगाने हेतु न्यूनतम पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया जाएगा। पंजीकरण प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी तथा उसे सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाया जाएगा।

वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, चारधाम यात्रा उत्तराखंड की लाइफ लाइन है। हमने पिछली यात्रा के समापन होते ही अगली यात्रा की तैयारी प्रारंभ कर दी थी।

हमारा हर तरफ से प्रयास है कि पिछले वर्षों के अनुभव लेकर इस साल की यात्रा और अच्छी, सुखद और ऐतिहासिक हो। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि यात्रा सभी के लिए सुरक्षित हो। सभी हितधारकों के साथ बात करके सभी विभागों के साथ मिलकर यात्रा की व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है।

स्टेट ब्रीफ

## गंगा में डूबे आईआईटी के छात्र का शव बरामद

**रुड़की :** रुड़की शहर में नगर निगम गंगा घाट पर पैर फिसलने से पानी की तेज धार में बहे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के वाराणसी निवासी छात्र के शव को मंगलवार को मोहम्मदपुर झाल से एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के डीप डाइवर्स ने सात दिन की मशक्कत के बाद खोज निकाला। एसडीआरएफ के कमांडेंट आईपीएस अर्पण यदुवंशी ने बताया कि छात्र के डूबने की सूचना मिलते ही बचाव टीमों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी जिसके बाद मंगलवार को उसका शव मिला। बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान एसडीआरएफ द्वारा आधुनिक उपकरणों जैसे सोनार सिस्टम, अंडरवाटर ड्रोन तथा डीप डाइविंग तकनीक का प्रयोग करते हुए नदी के संभावित क्षेत्रों, गहराई एवं तेज प्रवाह वाले हिस्सों में लगातार खोजबीन की गई। उन्होंने बताया कि परिजनों द्वारा शव की शिनाख्त आशीष शुक्ला (29) पुत्र विरेन्द्र शुक्ला निवासी कंचनपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश के रूप में कर ली गई है। वैधानिक कार्रवाई जिला पुलिस द्वारा की जा रही है।

## दिन में धूप के बाद शाम को छाई धुंध ने बढ़ाई ठंड

**नैनीताल :** नैनीताल में मंगलवार को दिन में धूप के बाद शाम को छाई धुंध ने ठंड बड़ा दी है। नगर में सुबह के समय तेज धूप का मौसम बना हुआ था लेकिन दोपहर में मौसम ने रुख बदल लिया और बादलों के साथ धुंध छानी शुरू हो गई। अपरान्ह तीन बजे ठंड महसूस होने लगी। इसके बाद सांय छः बजे तक धुंध छंट गई और मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी धुंध व बादलों के छाने की संभावना बनी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 50 प्रतिशत रही।

## बेहोश नर गुलदार का किया सफल रेस्क्यू

**लोहाघाट :** बाराकोट ब्लाक के सुंगरखाल गांव के निकट वन विभाग की टीम ने एक मूर्छित नर गुलदार को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया है। ग्रामीणों की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने गुलदार को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ग्रामीणों ने सूचना दी कि सुंगरखाल गांव के समीप एक गुलदार मूर्छित अवस्था में पड़ा हुआ है। डर के कारण कोई भी उसके पास नहीं जा रहा था। काली कुमाऊं के रेंजर राजेश जोशी के नेतृत्व में टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने गुलदार को रेस्क्यू किया और वन विभाग की छीड़ा चौकी में लाकर रखा। रेंजर राजेश जोशी ने बताया कि गुलदार के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं गुलदार की उम्र 5-6साल होगी। उपचार के लिए लोहाघाट से पशु पालन विभाग की टीम को बुलाया गया है।

### अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत जनमित्र अवार्ड से सम्मानित, पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया सम्मान

# साहित्य की सार्थकता तभी जब वह समाज हित में हो : डॉ. रीता बहुगुणा जोशी

वाराणसी कार्यालय

**अमृत विचार:** मंगलवार को वाराणसी के अशोका इंस्टीट्यूट के बुद्ध सभागार में वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत को जनमित्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश श्रीनेत कई बड़े समाचारपत्रों में भी संपादक रहे हैं। 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने राजेश श्रीनेत को सम्मान देते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बहुआयामी प्रतिभा के संपादक है।




वाराणसी में इतिहासविद व पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी से पुरस्कार प्राप्त करते अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत।

इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने इस अवसर पर कहा कि साहित्य नैतिक मूल्य, मानवीय संवेदनाएं व प्रेम विकसित कर समाज में शांति स्थापित करता है। साहित्य समाज को संस्कारित व जागृत करने का साधन होता है। इसकी सार्थकता सामाजिक उत्तरदायित्व और समाज हित में ही निहित होती है। उन्होंने कहा कि अच्छा लेखन वही है जिसकी पुस्तकें पढ़ी जाएं और जिनसे समाज को वास्तविक लाभ मिले। वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर डॉ. जोशी ने यह भी कहा कि जीवन का कोई भी मार्ग सरल नहीं होता। हर उपलब्धि के पीछे संघर्ष की लंबी यात्रा छिपी होती है। 'सपनों की पगडंडियां' केवल एक व्यक्ति विशेष की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, संकल्प और शिक्षा के प्रति समर्पण की गाथा है। डॉ. जोशी ने काशी की धरती को विद्वानों और विचारकों की जन्मस्थली बताया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्रा ने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। आने वाले समय में पत्रकारिता किस रूप में होगी, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं है।ऐसे समय में विजय विनीत ने पत्रकारिता और एआई जैसे विषयों पर गंभीर लेखन कर पत्रकारों और पत्रकारिता के विद्यार्थियों को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने विजय विनीत की चर्चित कृति 'मैं इश्क लिखूं तुम बनारस समझना' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्मृतियों को साहित्य में ढालना साधारण कार्य नहीं है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विजय विनीत केवल लेखक नहीं, बल्कि संवेदनशील और निर्भीक पत्रकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडे ने कहा कि विजय विनीत ने अत्यंत स्पष्ट और सादगीपूर्ण भाषा में प्रोफेसर कुशवाहा के व्यक्तित्व को उकेरा है। वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने कहा कहा कि विजय विनीत ऐसे लेखक हैं जो किसी चरित्र को उसकी वास्तविकता में प्रस्तुत करने का साहस रखते हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले अशोका इंस्टीट्यूट के संस्थापक अशोक कुमार मौर्य को मानवाधिकार जन निगरानी समिति की ओर से 'जनमित्र अवार्ड' से सम्मानित किया गया। पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार राम जी यादव, उद्घोषक अशोक आनंद, रणभेरी न्यूज़ की संपादक समेला आफरीन की प्रतिनिधि सुमन अग्रहरि, पत्रकार रोहित सेठ चित्रकार अमित मेहता के अलावा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह सहित अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों और कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय विनीत ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया। संचालन अशोक आनंद ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन 'मेरा शहर' संस्था की अध्यक्ष सोनम उपाध्याय ने किया।

# परिवार पहला विद्यालय व मातृशक्ति राष्ट्र निर्माण की धुरी: मुख्यमंत्री धामी

### राजधानी में मातृ संस्कार समागम में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा- मां के संस्कारों से ही बनता है राष्ट्र का चरित्र

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मातृशक्ति को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताते हुए कहा कि, संस्कारों से ही उत्तराखंड सशक्त होगा। आधुनिकता और परंपरा का संतुलन ही विकास का मार्ग है। परिवार ही पहला विद्यालय है और मां के संस्कारों से ही राष्ट्र का चरित्र बनता है।

विश्व मांगल्य सभा के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में "मजबूत परिवार, मजबूत राष्ट्र" विषय पर 'मातृ संस्कार समागम' में सांस्कृतिक जागरण का संदेश दिया गया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने बचपन और निजी जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनका जीवन किसी विशेष सुविधा या संसाधनों से नहीं, बल्कि संघर्ष, अनुशासन और संस्कारों की पूंजी से बना है।

साधारण परिवार में पले-बढ़े होने के कारण उन्होंने प्रारंभ से ही मेहनत, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता का महत्व समझा। सीमित संसाधनों के बीच बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संकल्प ही उनके व्यक्तित्व की असली ताकत बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि साधारण जीवन शैली ने उन्हें जमीन से जुड़े रहने की सीख दी। सादगी, संयम और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना ने उनके विचारों और निर्णयों को आकार दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जीवन में ऊंचा पद या प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र और स्पष्ट उद्देश्य ही व्यक्ति को महान बनाते हैं। यही मूल्य आज भी उनके हर निर्णय और कार्यशैली का आधार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता का स्थान सर्वोच्च माना गया है। मातृशक्ति को परिवार की धुरी बताते हुए उन्होंने कहा कि परिवार समाज की मूल इकाई है और यदि परिवार सशक्त होगा तो समाज और राष्ट्र भी सशक्त होंगे। हमारी सांस्कृतिक परंपराओं, धर्मग्रंथों और ऐतिहासिक घटनाओं में माता द्वारा दिए गए संस्कारों का अद्वितीय महत्व रहा है। उन्होंने प्रभु श्रीराम एवं माता कौशल्या, भगवान श्रीकृष्ण एवं माता यशोदा तथा छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माता जीजाबाई के उदाहरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान विभूतियों के व्यक्तित्व निर्माण में मातृसंस्कारों की निर्णायक भूमिका रही है। माता द्वारा दिए गए संस्कार ही व्यक्ति के चरित्र, विचार और व्यवहार की नींव रखते हैं तथा उनमें नैतिकता, धैर्य, सहनशीलता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके जीवन में भी उनकी माताजी द्वारा दिए गए संस्कारों और मूल्यों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने आधुनिकता और पारिवारिक मूल्यों के बीच संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए 'कुटुंब प्रबोधन' की अवधारणा को समय की मांग बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालीं ममता राणा, ममता रावत, शैला ब्रिजनाथ, साध्वी कमलेश भारती, राजरानी अग्रवाल, मन्जू टम्टा, व कविता मलासी को सप्त मातृ शक्ति सम्मान से सम्मानित किया।



सप्त मातृशक्ति सम्मान से महिला को सम्मानित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### सामाजिक सेवा ही मानवीय जीवन का मूल: गीता

मुख्यमंत्री धामी की पत्नी गीता धामी ने कहा कि सामाजिक सेवा ही मानवीय जीवन का मूल है और जब सेवा किसी परिवार की परंपरा बन जाती है तो उसका प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह पूरे समाज की चेतना को जागृत करता है। हमारी सनातन संस्कृति में 'सेवा परमो धर्मः' का भाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन की वास्तविक साधना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा की भावना नहीं, बल्कि संवेदना, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ भी पढ़ाया जाना चाहिए। डॉक्टर, इंजीनियर या अधिकारी बनना महत्वपूर्ण है, किंतु उससे भी अधिक आवश्यक है कि बच्चे अच्छे और संवेदनशील नागरिक बनें। परिवार को उन्होंने पहली पाठशाला बताते हुए कहा कि यहीं से समाज को दिशा देने वाले नागरिक तैयार होते हैं। बढ़ती एकल परिवार व्यवस्था और सीमित संवाद के कारण पारिवारिक संबंधों में जो दूरी आ रही है, उसे पाटने में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# दूर होगा जाम का झाम, 11 जगहों पर जल्द मिलेगी पार्किंग सुविधा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश के बड़े शहरों, तीर्थ स्थलों और पयर्टन केंद्रों पर जाम की समस्या दूर करने के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के क्रम में प्रदेश के 11 स्थानों पर जल्द पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, जिसमें 1082 वाहन पार्क हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यभार ग्रहण करते ही आवास विभाग को विकास प्राधिकरणों के जरिए बड़े शहरों, तीथार्टन और पयर्टन केंद्रों में युद्धस्तर पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, इसके बाद विभिन्न विकास प्राधिकरणों के जरिए 195 स्थानों पर पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव प्राप्त हुए, इसमें सरफेस पार्किंग से लेकर मल्टी लेबल पार्किंग और टनल पार्किंग के तक के विकल्प शामिल थे। इसी आधार पर आवास विभाग 114 जगह पार्किंग की डीपीआर को मंजूरी प्रदान कर चुका है, जिसके लिए बजट भी जारी हो चुका है। जिसमें से प्रथम चरण में 54 स्थानों पर कुल 3244 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है, यानि इन स्थानों पर पार्किंग सेवा शुरु हो चुकी है। अब दूसरे चरण में 11 अन्य स्थानों पर पार्किंग निर्माण करीब 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है, आवास विभाग इसी वित्तीय वर्ष में यहां निर्माण पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इससे 1082 वाहनों के लिए पार्किंग सेवा उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा विकास प्राधिकरणों द्वारा अपने संसाधनों से 11 अन्य स्थानों पर भी पार्किंग निर्माण की जा रही है, जिससे 359 वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। सचिव आवास डॉ आर राजेश कुमार ने सभी विकास प्राधिकरणों को पार्किंग निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी यात्रा सीजन से पहले सभी चिन्हित स्थानों पर पार्किंग सुविधा बहाल की जाए, साथ ही पार्किंग स्थलों पर शौचालय, लाइट और साफ सफाई की भी उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पालन करने के भी निर्देश दिए हैं।

> उत्तराखंड में प्रतिवर्ष करोड़ों लोग तीर्थाटन, पयर्टन के लिए पहुंच रहे हैं। सड़कों का नेटवर्क अच्छा होने से अब बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों से आते हैं, इस कारण यातायात जाम की समस्या होने की स्वाभाविक है। इसी समस्या को देखते हुए, बीते चार सालों में विभिन्न स्थानों पर करीब छह वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने पर काम किया जा रहा है। जिसमें से कुछ पर काम पूरा भी हो चुका है। इससे यातायात जाम की समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी। **-पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

# 81.04 फीसदी मतदाताओं ने डाले वोट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कोर्ट परिसर को उड़ाने की ई-मेल धमकी से उपजी आशंकाओं के बीच मंगलवार को हल्द्वानी सिविल कोर्ट में उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य पदों के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की निगरानी में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सुबह दस बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान न्यायालय परिसर में चहल-पहल रही। प्रत्याशियों के समर्थक अधिवक्ताओं से संपर्क कर समर्थन जुटाते नजर आए। सुरक्षा के मद्देनजर प्रवेश द्वारों पर जांच की गई और परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत के अनुसार, कुल 1092 अधिवक्ता मतदाता सूची में दर्ज थे, जिनमें से 885 ने मतदान किया। इस प्रकार लगभग 81.04 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतपेटियों में प्रत्याशियों का भाग्य सुरक्षित हो गया है और परिणाम बुधवार को घोषित किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर बार काउंसिल के 23 सदस्य पदों के लिए 104 अधिवक्ताओं ने दावेदारी पेश की है। हल्द्वानी सहित विभिन्न जनपदों में मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। ई-मेल से मिली धमकी के कारण अधिवक्ताओं के बीच क्षणिक चिंता अवश्य रही, लेकिन मतदान प्रक्रिया पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए यह संदेश दिया कि भय के माहौल में भी लोकतंत्र की मजबूती कायम रहती है।



वोट डालने के लिए कतार मे खड़े अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## पुष्कर बने श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष



**हल्द्वानी :** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र बिष्ट ने बताया कि प्रदेश महामंत्री विश्वजीत सिंह नेगी के निर्देशानुसार संगठन को सशक्त एवं सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में हल्द्वानी नगर अध्यक्ष पद पर श्री पुष्कर अधिकारी को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे संगठन की गरिमा, उद्देश्य एवं पत्रकार हितों को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# दूसरे दिन भी कोर्ट में बम की धमकी

संवाददाता, नैनीताल/देहरादून

- नैनीताल, रुद्रप्रयाग, टिहरी, अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ भेजे गए धमकी भरे ई-मेल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में मंगलवार को दूसरे दिन नैनीताल के अलावा, टिहरी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग जनपद न्यायालयों (कोर्ट) की आधिकारिक मेल पर अलग-अलग तीनों के परिसरों में आरडीएक्स रखे होने की सूचना दी गई। हालांकि सघन जांच में कहीं कुछ नहीं मिला। इन मामलों में अभियोग दर्ज कराया जा रहा है।

कोर्ट खुलने पर जब इस मेल का पता चला तो तत्काल पुलिस प्रशासन द्वारा परिसरों को खाली कराया गया। तीनों जनपद न्यायालयों की आधिकारिक मेल पर सुबह 7:11:09 बजे ये ई-मेल भेजे गए और 11:15 बजे इनके फटने की बातें कही गईं। कोर्ट खुलने पर जब मेल चेक किए गए तो इसका पता चला। इसके बाद तीनों जनपद न्यायालयों के परिसरों को खाली कराने के पश्चात बारीकी से बम निरोधक, श्वान दस्तों के साथ ही, अग्निशमन, एसटीएफ और एलआईयू सहित केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी। एसपी नैनीताल जगदीश चंद्र ने बताया कि फिलहाल जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। इससे पहले सोमवार को भी नैनीताल और उत्तरकाशी जनपद न्यायालयों को इसी तरह के ई-मेल भेजे गए थे जिन्हें भेजने वाले आईपी एड्रेस की तलाश में राज्य की साइबर पुलिस की टीम लगातार लगी हुई हैं। प्रथमदृष्टया ई-मेल भेजने वाले आईपी एड्रेस की लोकेशन तेलंगाना होने की संभावना व्यक्त की गई। आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि दोनों ही जिलों में जिला अदालतों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। फिलहाल कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

### अल्मोड़ा व पिथौरागढ़ भी भेजे ई-मेल

**नैनीताल/पिथौरागढ़ :** अल्मोड़ा में भी जिला जज की ऑफिशियल मेल आईडी पर एक ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई जिसके बाद कोर्ट परिसर में सघन चेकिंग की गई। वहीं, पिथौरागढ़ जिला कोर्ट को आई ई-मेल में इसे आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद संयुक्त टीमों ने सर्च अभियान चलाया हालांकि टीम को कोई भी संदिग्ध वस्तु कोर्ट परिसर में नहीं मिली। सीओ केएस रावत ने कहा कि जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस सतर्क है। फिलहाल कोर्ट परिसर में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई है।

## विकास के नाम पर शहर गड्ढे में तब्दील

**देहरादूनः** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाते हुए कहा है कि शहरों में पेयजल, सीवर और आधारभूत ढांचे के विकास के नाम पर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों को खोदकर अधूरा छोड़ दिया गया है। परिणामस्वरूप हर गली और मोहल्ला कीचड़ व गड्ढों में तब्दील हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष आर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा संचालित इन योजनाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। कार्यस्थलों पर सूचना बोर्ड नहीं लगाए गए हैं, न परियोजनाओं की समय-सीमा स्पष्ट है और ठेकेदार तथा कंपनियों की जानकारी सार्वजनिक भी नहीं की गई है। उन्होंने मांग की कि सभी परियोजनाओं के कार्यादेश, कुल लागत एवं निर्धारित समय-सीमा तत्काल सार्वजनिक की जाए।

बैठक | आवास सचिव ने की विभिन्न परियोजनाओं की मैराथन समीक्षा

# ई-बीआरटीएस, पीआरटी व रोपवे परियोजनाओं को मिली रफ्तार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के क्रम में प्रदेश की शहरी परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में उत्तराखंड ई-बीआरटीएस की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें देहरादून और हरिद्वार सहित ऋषिकेश क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं की प्रगति पर गंभीर मंथन हुआ। बैठक में उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया। सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार शहरी ट्रांसपोर्ट सिस्टम को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में जानकारी दी गई कि त्रिवेणी घाट से नीलकंठ मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे परियोजना को आवश्यक एनओसी/अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।



योजना के अनुसार स्थलीय निरीक्षण करते आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार।

### दून में ई-बीआरटीएस- 31.52 किमी का मेगा कॉरिडोर

देहरादून शहर में प्रस्तावित ई-बीआरटीएस परियोजना के अंतर्गत दो कॉरिडोर प्रस्तावित हैं। प्रथम कॉरिडोर आईएसबीटी से रायपुर तक होगा, जिसमें 35 स्टेशन प्रस्तावित हैं और कुल लंबाई 31.52 किमी होगी। बैठक के उपरांत सचिव ने निगम अधिकारियों के साथ प्रथम कॉरिडोर का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजधानी की बढ़ती आबादी और ट्रैफिक दबाव को देखते हुए इस परियोजना को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कॉरिडोर शहर के मुख्य आवागमन मार्गों को कवर करेगा और सार्वजनिक परिवहन को नई दिशा देगा।

### परिवहन नेटवर्क विकसित करने पर फोकस

आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को आधुनिक, सुरक्षित और सतत शहरी परिवहन व्यवस्था से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। देहरादून और हरिद्वार जैसे तीव्र गति से विकसित हो रहे शहरों में समेकित ट्रांजिट सिस्टम समय की मांग है। रोपवे, पीआरटी और ई-बीआरटीएस परियोजनाएं न केवल यातायात दबाव कम करेंगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन संवर्धन में भी सहायक होंगी।




मैराथन को फ़्लैगऑफ़ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### मुख्यमंत्री ने किया दौड़ का फ्लैग ऑफ

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कैंट रोड से सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित पांच किलोमीटर दौड़ का फ्लैग ऑफ किया। विभिन्न आयु वर्गों के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस दौड़ में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना एवं पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक खजान दास, सविता कपूर एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### संयुक्त निदेशक ने किया आईटीआई का निरीक्षण

**हल्द्वानी :** संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, कुमाऊं मंडल मयंक अग्रवाल ने मंगलवार को आईटीआई हल्द्वानी का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षण कक्षों और कार्यशालाओं का निरीक्षण कर अनुदेशकों के लेसन प्लान, दैनिक डायरी, उपस्थिति रजिस्टर और इंडेंट बुक की जांच की। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण संबंधी जानकारी लेकर अनुदेशकों व कार्यदेशकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सहायक निदेशक निश्चल जोशी, आईटीआई के प्रधानाचार्य नितिन कुमार शर्मा, कार्यदेशक मोहन सिंह मेहरा, भगवंत सिंह, रोहित कुमार वर्मा रहे।

### तीन सौ वाहनों का चालान, 60 सीज

**हल्द्वानी :** परिवहन संभाग हल्द्वानी ने मंगलवार को शहर के साथ ही हल्द्वानी, रुद्रपुर, खटीमा, काशीपुर, टनकपुर और रामनगर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में मालवाहनों, भूसा ढोने वाले वाहनों और डंपरों पर विशेष फोकस रखते हुए अनधिकृत रूप से चल रहे वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की गई। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए चलाए गए इस विशेष अभियान में कुल 300 से अधिक वाहनों के चालान और 60 वाहन सीज किए गए। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग के साथ ही अन्य नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। इस दौरान खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों को अनिवार्य रूप से ढककर चलाने के निर्देश दिए गए। बिना ढके सामग्री ले जाते पाए गए वाहनों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई।

# छात्रसंघ अध्यक्ष से अभद्रता को लेकर चंदन अस्पताल में हंगामा

## एबीवीपी का आरोप- अभिषेक गोस्वामी से हुई है अभद्रता, आरोपी के माफी न मांगने पर धरने पर बैठे छात्र, अफसरों के साथ ही मेयर भी पहुंचे मौके पर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष और एबीवीपी नेता अभिषेक गोस्वामी अपने समर्थकों के साथ दोपहर में चंदन अस्पताल में धरने पर पहुंच गए। यहां काफी देर तक बवाल होता रहा। गुस्साए छात्र अस्पताल परिसर के अंदर तक घुस गए। हल्की तोड़-फोड़ भी हुई लेकिन प्रबंधन की ओर से माफी मांगने की बात पर लगातार टालमटोल से मामला बिगड़ गया।

सोमवार को एक महिला का उपचार चंदन अस्पताल में चल रहा था। महिला वेंटीलेटर पर थी। इस दौरान चंदन अस्पताल के ऊपर महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि जीवित होने के बाद भी उनके मरीज को अस्पताल ने मृत घोषित कर दिया है। इस मामले को कोतवाल विजय मेहता भी जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि अस्पताल की एक छोटी गलती वजह से ऐसा हुआ था। सोमवार की ही रात को छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक गोस्वामी इसी मुद्दे को लेकर अस्पताल प्रबंधन से मिलने लगे।

दोनों ही पक्षों में गहमागहमी भी हो गई। अभिषेक का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन के एक अधिकारी ने उनको गुंडा कहा है। मंगलवार की दोपहर अभिषेक अपने समर्थकों के साथ चंदन अस्पताल के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठे गए और साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से माफी मांगने के लिए कहा और यह भी मांग रखी कि जिस व्यक्ति ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया है, उस व्यक्ति से ही माफी मंगवाई जाए।

इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोपहर करीब डेढ़ बजे एबीवीपी कार्यकर्ता अस्पताल परिसर में घुस गए। वे सीधे प्रबंधन कक्ष की तरफ पहुंचे और मौके पर मौजूद लोगों से बात की। इस दौरान काफी गहमागहमी का माहौल रहा। सीईओ डॉ. राजगोपाल ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने अभद्रता की भी है तो वह अस्पताल का कर्मचारी नहीं है। ऐसे में वो खुद तो माफी मांग सकते हैं लेकिन उस व्यक्ति से नहीं मंगवा सकते हैं। इस पर मामला और भी बिगड़ गया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी पहुंचे। इसके बाद भी मामला नहीं सुलझा। कुछ एबीवीपी छात्र पास के एक कक्ष में पहुंचे और वहां धक्का-मुक्की के चलते कक्ष की सीलिंग भी टूटकर बाहर आ गई। पुलिस को छात्रों को रोकने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद भी छात्र आरोपी के माफी मांगने पर अड़े रहे लेकिन कई दौर की वार्ता के बाद भी ऐसा नहीं हो पाया। मेयर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा नेता हरिमोहन अरोरा, सचिन शाह भी मौके पर मौजूद रहे। बाद में किसी तरह से मामले का पटाक्षेप हुआ। सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने बताया कि बाद में दोनों ही पक्षों में बात हो गई और मामला निपट गया है।


अस्पताल के अंदर पुलिस से उलझते एबीवीपी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


चंदन हॉस्पिटल में बवाल के दौरान प्रबंधन कक्ष की सीलिंग को हुआ नुकसान।


अस्पताल के सीईओ डॉ. राजगोपाल अपना पक्ष रखते हुए। ● अमृत विचार

> एबीवीपी और अस्पताल प्रबंधन की बात करा दी गई है। मामले का पटाक्षेप हो गया है। साथ ही एबीवीपी ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया है। उनकी मांगों पर भी कार्रवाई की जाएगी। **-एपी बाजपेयी,** सिटी मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी



मेयर गजराज बिष्ट से वार्ता करते सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी व भाजपा नेता नीरज बिष्ट।

### चंदन अस्पताल में आंदोलन, मरीज परेशान

**हल्द्वानी :** जब आंदोलन और प्रदर्शन शुरू हुए तो अस्पताल में ओपीडी चल रही थी और साथ ही अंदर भी कई मरीज भर्ती थे। प्रदर्शन और नारेबाजी की वजह से मरीज भी असहज हो गए। काफी देर तक अस्पताल में बवाल की स्थिति रही। इस दौरान कई मरीज डॉक्टर को बिना दिखाए ही वापस चले गए। अस्पताल में स्थिति को संभालने में अस्पताल की आंतरिक सुरक्षा के साथ ही पुलिसबल के भी पसीने छूट गए। मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया।

> महिला को लेकर जो प्रकरण चर्चा में है वो गलत है। महिला यहां आई थी और वह वेंटीलेटर पर थी। महिला के बचने की संभावना भी कम थी। परिवार ने निर्णय लिया कि वह मरीज को घर लेकर जाना चाहते हैं। उसके बाद मरीज को डॉक्टरों ने भी घर ले जाने की इजाजत दी। महिला के फाइल कवर के ऊपर गलती से डिस्चार्ज की जगह डेथ (मृत) लिखा था। इस वजह से असंमजस की स्थिति पैदा हुई। जिस कर्मचारी की गलती है उसको नौकरी से हटा दिया गया है। यह गलती बिलिंग विभाग से हुई थी। जहां तक आयुष्मान योजना की बात है तो इस महिला मरीज को मल्टीपल बीमारी थीं। इस वजह से गोल्डन कार्ड एप्लाई करने में कुछ दिक्कत आईं थीं। **-डॉ. परवेज,** एमएस, चंदन अस्पताल

### राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू भी पहुंचे

**हल्द्वानी :** राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू भी अस्पताल में पहुंचे। उन्होंने भी कोतवाल विजय मेहता के समक्ष कहा कि इस अस्पताल के ऊपर बार-बार आरोप लग रहे हैं। इस पर कोतवाल विजय मेहता ने अस्पताल प्रबंधन की ओर से हरीश पनेरू की वार्ता कराई। हरीश पनेरू ने कहा कि पहाड़ के लोगों को आयुष्मान कार्ड पर सही सुविधा दी जाए और उन्हें किसी भी तरह से परेशान नहीं किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ ही हर तरह की व्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अस्पताल का उद्घाटन स्वयं स्वास्थ्य मंत्री ने किया है। उनको भी मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

# भीमताल में वयस्क मादा तेंदुआ पिंजरे में कैद, राहत

संवाददाता, भीमताल

● **वन विभाग ने तेंदुए को रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजा**

**अमृत विचार:** भीमताल में 2 फरवरी को एक महिला को तेंदुए द्वारा मार दिए जाने के बाद वन विभाग ने 3 फरवरी से जॉन्स स्टेट क्षेत्र में पिंजरे लगाए थे। करीब 16 दिन बाद सातताल जाने वाले पैदल मार्ग पर लगाए पिंजरे में एक व्यस्क मादा तेंदुआ फंस गई।

सोमवार सुबह लोगों ने सातताल मार्ग पर लगे पिंजरे से तेंदुए की आवाज सुनी और इसकी सूचना वन विभाग को दी। पिछले कुछ समय से इसी क्षेत्र में तेंदुए की आवाजें सुनी जा रही थीं, जिसके चलते वन विभाग ने विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाए थे। वन क्षेत्र अधिकारी विजय मिलकानी ने बताया कि पिंजरे में कैद तेंदुआ आदमखोर है या नहीं, इसकी पुष्टि डीएनए जांच के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल पकड़ी गई मादा तेंदुआ को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि तेंदुआ पूरी तरह स्वस्थ है। वन विभाग ने क्षेत्र में कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। इधर पूर्व चेयरमेन देवेन्द्र चनौतिया, वार्ड मेंबर बंटी आर्य, जिला मंत्री भाजपा मनोज भट्ट, चंदन नौगांई आदि ने वन विभाग से तेंदुए के आदमखोर होने या नहीं होने की पुष्टि शीघ्र करवाने की मांग की है।

# बर्खास्त शिक्षक के घर मिला असलहों और कारतूस का जखीरा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रेलवे बनाम बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में फैसला आने से पहले बनभूलपुरा में असलहों और कारतूस की बरामदगी ने सनसनी फैला दी है। यहां शिक्षा विभाग से बर्खास्त दुष्कर्मी शिक्षक के घर से यह बरामदगी हुई है। 312 और 315 बोर के असलहों में लगने वाले कारतूस के साथ एके-47 गन में लगने वाले उस कारतूस को भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल भारतीय सेना करती है। बनभूलपुरा पुलिस ने इस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट और 7/25 (1क) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, 16 फरवरी को गौजाजाली उत्तर में आयशा मस्जिद के पास मो.मोबिन खान पुत्र अब्दुल बसीर खान के घर में झगड़े की सूचना मिली। आनन-फानन में एसआई जगवीर सिंह, एसआई मोनी टम्टा, कांस्टेबल यासीन, अमित शरण को मौके पर भेजा गया। खबर देने वाले मुखबिर ने पुलिस को यह भी बताया कि मो.मोबिन के पास अवैध असलहे और कारतूस भी हैं, जिसके दम पर वह अपने परिवार को न सिर्फ धमका रहा है, बल्कि असलहा खोंस कर घूम रहा है।

पुलिस मौके पर पहुंची तो मोबिन अपने बेटे, बहू और पत्नी को धमका रहा था। मोबिन घर के कमरे में रखे सोफे पर बैठा था। घर में उसकी पत्नी मुमताज खान, बेटा मो. जकी खान और बहु तहसीन फातमा भी मौजूद थी। पुलिस ने जब मोबिन से तमंचों के बारे में पूछा तो वह पुलिस को बरगलाने लगा। पुलिस ने सख्ती से पूछा तो बोला, जेल में रहने के दौरान उसकी पहचान ज्ञानी नाम के व्यक्ति से हुई थी, जिससे उसने तमंचा लिया था, लेकिन बाद में लौटा दिया।

पुलिस ने जब उसकी पत्नी मुमताज खान, मो जकी खान और बहू तहसीन से पूछा तो बताया कि मोबिन ने अलमारी के ऊपर तमंचा छिपा रखा है। पुलिस को ऊंची अलमारी तक पहुंचने के लिए सीढ़ी का सहारा लेना पड़ा। पुलिस ने अलमारी के ऊपर रखे सामान को चैक किया तो वहां से 315 और 12 बोर के दो तमंचों के साथ 315 बोर में इस्तेमाल होने वाले 2 कारतूस, 12 बोर इस्तेमाल होने वाले 4 कारतूस, 7.62 बोर का एक और 10 कारतूस 7.65 बोर के बरामद किए।

जांच में सामने आया कि 7.65 बोर का कारतूस एक-47 गन में इस्तेमाल किया जाता है और इसका इस्तेमाल आमतौर पर भारतीय सेना करती है। पुलिस ने जब एके-47 में बरामद होने वाले कारतूस और 7.65 एमएम के बारे पूछा तो उसने कुछ भी साफ जवाब नहीं दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी 60 वर्षीय मोबिन को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आरोपी मोबिन पूर्व में शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक था। वह एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले का सजायाफ्ता है और फिलहाल हाईकोर्ट में अपील के बूते बाहर था। पुलिस जांच कर रही है कि उसके पास प्रतिबंधित कारतूस कहां से आया।


बनभूलपुरा पुलिस की गिरफ्त में कारतूसों के साथ आरोपी मोबिन।

### कार्रवाई शुरू की तो मोबिन ने दी आत्महत्या की धमकी

पुलिस के मुताबिक, एके-47 का कारतूस मिलने के बाद पुलिस ने पूरे घर की तलाशी ली, लेकिन न मोबिन ने मुंह खोला और न ही घर से एके-47 गन बरामद हुई। पुलिस की कार्रवाई के दौरान मोबिन लगातार परिजनों को धमका और बार बार चुप कराने पर भी अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उन्हें मोबिन से जान का खतरा है, लेकिन जब उसकी धमकी काम नहीं आई तो वह खुद जान देने की धमकी देने लगा। मोबिन अपने हाथ से अपना गला घोंटने और गले की स्वांस नली को चोट पहुंचाने की कोशिश करने लगा।

# पत्नी से विवाद पर लगा ली फांसी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी और शव को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल से पुलिस को खबर मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि जागनाथ कालोनी दमुवाढूंगा निवासी राजेंद्र सिंह बिष्ट (35 वर्ष) पुत्र गोपाल सिंह यहां पत्नी के साथ रहते थे। दोनों के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे। सोमवार को भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, लेकिन बार उसने जानलेवा कदम उठा लिया। सुबह जब परिजन सो कर उठे तो राजेंद्र का शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन में परिजनों ने राजेंद्र को फंदे से उतारा और डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने राजेंद्र को मृत घोषित कर दिया। एसओ विमल ने बताया कि अस्पताल की सूचना के बाद पुलिस को घटना स्थल भेजा गया। परिजनों से जानकारी मिली कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था।

### खेत में काम करने गई, जहर खाकर जान दी

**हल्द्वानी :** घर से खेत में काम करने की बात कहकर निकली महिला ने जहर खाकर जान दे दी। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, रातीघाट भवाली निवासी मुन्नी देवी (37) पत्नी गोपाल सिंह गांव में परिवार के साथ रहकर खेती-बाड़ी का काम करती थीं। बीती 16 फरवरी को भी घर से यह कहकर निकली थीं कि खेत में काम करने जा रही हैं। जब कई घंटे गुजर जाने के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटी तो परिजन खेत में पहुंचे। मुन्नी खेत में बेसुध पड़ी थीं। आनन-फानन में परिजन उन्हें उसी शाम एसटीएच लेकर पहुंचे, जहां डेढ़ घंटे बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# खाद्य पदार्थों के छह नमूने लिए, दो को नोटिस जारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** होली पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने चेकिंग शुरू कर दी हैं। खाद्य सुरक्षा उपायुक्त कुमाऊं मंडल डॉ. राजेंद्र सिंह कठायत के नेतृत्व में अभियान चलाया।

इस दौरान दो दर्जन से ज्यादा वाहनों की चेकिंग बेलबाबा मंदिर के पास की गई। आपूर्तिकर्ता वाहनों से दूध, नमकीन, आटा, आईस कैंडी, अरहर दाल, उरद दाल आदि के छह नमूने लिए गए और जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। साथ ही दो खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन नहीं करने पर नोटिस भी जारी किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि होली पर हर जगह नजर रखी जाएगी। व्यापारियों को मानकों का पालन करना होगा। यहां सहायक आयुक्त अजब सिंह रावत, नंद किशोर, अभय कुमार सिंह रहे।

**चेतावनी** | कांग्रेस नेता ललित जोशी के नेतृत्व में शहरवासियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

# ठेकेदार सड़कें खोदकर छोड़ रहे, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों की दुर्दशा, निर्माण में लापरवाही और अनियमितताओं को लेकर शहरवासियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो उग्र आंदोलन होगा।

मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व मेयर प्रत्याशी ललित जोशी के नेतृत्व में शहरवासी सिटी मजिस्ट्रेट दफ्तर में इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि लगभग दो वर्षों से सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत बेहद ही अव्यवस्थित व लापरवाह ढंग से की जा रही है। आरोप लगाया कि बाहरी ठेकेदार व कंपनियां बिना किसी निर्धारित योजना व समय सीमा के अलग-अलग स्थानों पर सड़कों दे रहे हैं, फिर उन्हें अधूरा छोड़ दिया जाता है। शहर की ज्यादातर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं, जिससे धूल-मिट्टी व गंदगी हो रही है। इस वजह से स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग व बीमारों को दिक्कतें हो रही हैं तो दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। विवाह समारोहों, सामाजिक आयोजनों, त्योहारों में भी लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि ठेकेदार मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं, प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी निगरानी की कमी दिखाई दे रही है।

दो वर्षों से बदतर सड़कों पर चलते हुए लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सभी ने सिटी मजिस्ट्रेट से कहा कि वह संबंधित विभाग, ठेकेदारों के साथ तत्काल बैठक करें व सड़क निर्माण को समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं। चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा। इस दौरान राहुल सोनकर, शानू अल्वी, कादिर हसन, निर्मला जोशी, पुष्पा तिवारी, नवीन चंद्र तिवारी, हिमांशु रंगवाल, कमल बोरा, बच्चन डांगी, भुवन तिवारी, कमला मेहता, रेनू तोमर, भागीरथी बिष्ट, मंजू पांडेय, पुष्पा नेगी, विनोद चौहान, दीपक सिंह, प्रेमा बिष्ट आदि मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी को ज्ञापन सौंपते मेयर प्रत्याशी ललित जोशी व अन्य।



**सिटी ब्रीफ**

### वरिष्ठ पत्रकार चंचल गोला को पितृ शोक

**रामनगर :** वरिष्ठ पत्रकार चंचल गोला के पिता टीका प्रसाद गोला का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह अपने पीछे तीन पुत्र नीरज, चंचल और पीयूष समेत नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय विश्राम घाट पर किया गया। उनके सबसे छोटे पुत्र पीयूष गोला ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपनै, हरीश भट्ट, गिरीश पांडे, त्रिलोक रावत, गणेश रावत, राजू वर्मा, अजीत गोस्वामी, चंद्र शेखर जोशी, कैलाश सुयाल, जफर सैफी, राजीव अग्रवाल, सलीम मलिक, नाजिम सलमान आदि ने उनके निधन पर शोक जताया है।


टीका प्रसाद गोला। (फाइल फोटो)

### भीमताल बीडीसी की बैठक स्थगित

**भीमताल :** क्षेत्र पंचायत भीमताल की 19 फरवरी होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। इसकी जानकारी ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने दी है। बैठक की तिथि पुन: निर्धारित कर सूचना दी जाएगी।

### 19 को नैनीताल पहुंचेगी रोटरी पीस कार रैली

**नैनीताल :** रोटरी क्लब नैनीताल के तत्वावधान में शांति, सद्भावना और भाईचारे का संदेश देने के लिए 19 फरवरी को रोटरी (पीस) कार रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली रोटरी मंडल 3110 के मंडल अध्यक्ष रो. राजेन विद्यार्थी के नेतृत्व में आयोजित की जा रही यह रैली 18 फरवरी को बरेली से रवाना होकर पीलीभीत व रुद्रपुर होते हुए 19 को नैनीताल पहुंचेगी। रैली शाम 5 बजे हल्द्वानी को रवाना होगी। नगरवासियों से शामिल होने की अपील की गई है।

### राज्य स्तरीय कबड्डी के लिए प्रियंका का चयन

**नैनीताल :** विश्कुलम द ग्लोबल स्कूल, मेहरा गांव की कक्षा 7 की छात्रा प्रियंका का राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री चैंपियंस कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। रुद्रपुर में आयोजित सांसद ट्रॉफी कबड्डी में उनके आत्मविश्वास, तेज फुर्ती और रणनीतिक कौशल ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। विद्यालय प्रबंधक दिनेश पांडे ने बताया कि प्रियंका नियमित अभ्यास कर रही हैं और कोच मोनिका नयाल के मार्गदर्शन में युवा कल्याण विभाग के बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन में प्रशिक्षण ले रहीं हैं।

## सकल सनातन समाज समिति द्वारा रामलीला मैदान, चकलुवा में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

# विराट हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक समरसता पर बल

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सकल सनातन समाज समिति द्वारा रामलीला मैदान, चकलुवा में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्घोषों से पूरा मैदान गूंज उठा।सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य वक्ता तारा दत्त जोशी, शिप्रा, गोधन तथा मुख्य अतिथि मेयर गजराज बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज में एकता, सामाजिक समरसता, सनातन धर्म का संरक्षण तथा युवाओं को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। मंगलवार को आयोजित इस सम्मेलन में स्कूली छात्राओं ने देशभक्ति गीत, सरस्वती वंदना तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं और मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहन सिंह नयाल ने किया। इस अवसर पर नगर संघ चालक घनश्याम बोरा, कार्यक्रम संयोजक भगवान कुमटिया, सह संयोजक कुंदन बसेड़ा, ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, शंशाक रावत, विक्रम जंतवाल, ग्राम प्रधान आशा मेहरा, राजू कार्की, किशोर देउपा, पुष्कर सिंह बिष्ट, रामू अटवाल, महेन्द्र सिंह बिष्ट, विनोद बुढ़लाकोटी, पुष्कर खनायत, हरीश अटवाल, तारा चंद्र, गिरीश पडेलिया, रमेश जोशी, स्व. लक्ष्मण देउपा, हरीश मेहरा, तारा दत्त रखोलिया, गोपाल बुढ़लाकोटी, रितु बिष्ट, बच्ची सिंह बिष्ट, राम सिंह बौरा, कमल बौरा, विधा देउपा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।


कालाढूंगी में विशाल हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ करते मेयर गजराज बिष्ट। ● अमृत विचार


हिंदू सम्मेलन में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# हिंदू संस्कृति पर हो रहे प्रहारों से बचने को एकजुटता जरूरी

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** प्रगतिशील पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के मैदान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन हाल ही में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य वक्ता साध्वी प्राची ने हिंदू संस्कृति पर हो रहे प्रहारों से समाज को बचाने के लिए एकजुटता को जरूरी बताया

सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. देवेंद्र प्रसाद हरबोला ने की। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। संस्कृत विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अतिथियों का स्वागत अजय अग्रवाल, सुभाष ध्यानी और भावना भट्ट ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र ने संघ के शताब्दी वर्ष में संघ की उपलब्धियां बताईं। देश और समाज को जागृत करने की जरूरत पर जोर दिया।


हिन्दू सम्मेलन में बोलतीं साध्वी प्राची।

कहा देश को विश्व गुरु बनाने के लिए सतत चिंतन व प्रयास जरूरी हैं। संजीव जोशी, विजय सुप्याल, पंकज नैनवाल, सुभाष ध्यानी, रुचि शर्मा, माया रावत, अजय धस्माना, दीप्ती, गंगा राणा, इंदू ध्यानी, जगमोहन बिष्ट, ईशान मित्तल, शिवी अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, शलभ मित्तल, भूपेंद्र खाती, सागर, कृष्णा, संजीव सैनी, दीपक गौड़, डॉ. गौरव, नवीन करगेती आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से 1261 में से छह केंद्र अति संवेदनशील

## नकल-मुक्त और पारदर्शी संचालन के लिए तीन स्तरीय सचल दल रहेगा तैनात

**संवाददाता, रामनगर**

- 24 नए परीक्षा केंद्र भी जोड़े गए हैं इस बार
- प्रदेश के 156 केंद्र संवेदनशील के रूप में चिह्नित

**अमृत विचार:** उत्तराखंड विद्यालयों शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा को नकल-विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य, मंडल और जिला स्तर पर तीन-स्तरीय सचल दल गठित किए जाएंगे।

प्रदेशभर में होने वाली उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष 1261 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां दो लाख से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इनमें 50 एकल (लड़के/लड़कियां) और 1211 मिश्रित केंद्र शामिल हैं। संवेदनशीलता के आधार पर 156 केंद्रों को संवेदनशील और 6 केंद्रों को अति-संवेदनशील चिह्नित किया गया है। इसके अतिरिक्त 24 नए परीक्षा केंद्र भी जोड़े गए हैं।



रामनगर स्थित उत्तराखंड शिक्षा परिषद का कार्यालय।

जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो टिहरी जिले में सबसे अधिक 136 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि चंपावत जिले में सबसे कम 44 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। बोर्ड सचिव विनोद कुमार सिमल्टी के अनुसार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के संस्थागत व व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर लिए गए हैं और प्रवेश पत्र जारी करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। नकल पर सख्त निगरानी के लिए राज्य, मंडल और जिला स्तर पर तीन-स्तरीय सचल दल गठित किए जाएंगे। ये टीमें औचक निरीक्षण कर परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था और अनुशासन की जांच करेंगी। अति-संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा स्थानीय प्रशासन और पुलिस का सहयोग भी लिया जाएगा।

उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए 39 केंद्र बनाए गए हैं, जबकि मूल्यांकन कार्य के लिए 29 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें 16 केंद्र गढ़वाल मंडल और 13 केंद्र कुमाऊं मंडल में स्थापित किए जाएंगे। सभी मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था अनिवार्य की गई है, ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। अब मुख्य लिखित परीक्षाएं 21 फरवरी से प्रारंभ होंगी। शिक्षा विभाग का दावा है कि इस बार परीक्षा संचालन, निगरानी और मूल्यांकन तीनों स्तरों पर तकनीकी और प्रशासनिक सख्ती बरती जाएगी, ताकि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल-मुक्त वातावरण में संपन्न हो सके।


तहसील दिवस पर जन समस्याएं सुनते एडीएम विवेक राय। ● अमृत विचार

# रामनगर में तहसील दिवस पर साठ समस्याएं दर्ज हुईं

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में मंगलवार को 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। एडीएम (प्रशासन) विवेक राय ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया।

मंगलवार को रामनगर तहसील सभागार में एडीएम विवेक राय ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसील दिवस में सड़क, पानी, बिजली, अवैध नशे का कारोबार, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। एक मामले में फरियादी ने सिंचाई नहर में कूड़ा डाले जाने से गेहूं की फसल बर्बाद होने की शिकायत की। इस पर एडीएम ने सिंचाई विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कार्यक्रम में एसडीएम गोपाल चौहान, तहसीलदार मनीषा मारकाना, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी आदि रहे।

### एक्स-रे मशीन चालू करने को सांसद ने दिए एक लाख

**हल्दूचौड़:** सांसद अजय भट्ट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ के तकनीकी कार्यों के सफल संचालन के लिए सांसद निधि से एक लाख स्वीकृत किए हैं। उन्होंने दूरभाष पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त कार्य में तत्काल पहल की जाए। हल्दूचौड़ क्षेत्र के समाजसेवी गोविंद भट्ट ने सांसद अजय भट्ट से उनके हल्द्वानी-कटघरिया स्थित आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंप एक्स-रे मशीन के इंस्टॉलेशन, रेडिएशन सुरक्षा, विद्युत कनेक्शन और अन्य तकनीकी कार्यों के लिए तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की। जिस पर सांसद अजय भट्ट ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय क्षेत्र विकास योजना फंड से एक लाख स्वीकृत करने की घोषणा की। समाजसेवी हेमंत गौनिया और अन्य क्षेत्रवासियों ने सांसद अजय भट्ट का आभार व्यक्त किया।


सांसद को ज्ञापन देते गोविंद बल्लभ भट्ट।

# 52 बंदर पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेजे

**खबर का असर**

**संवाददाता, कालाढूंगी**

**अमृत विचार:** चकलुवा में आतंक का कारण बने बंदरों के खिलाफ वन विभाग ने अभियान चलाया। बंदरों को पकड़ने के लिए मथुरा से बुलाई गई विशेष टीम ने मंगलवार को टीम ने चकलुवा क्षेत्र से कुल 52 बंदरों को पकड़ लिया। चकलुवा मुख्य बाजार के साथ रामपुर, विदरामपुर और रतनपुर गांवों में बंदरों के आतंक से दुकानदार और ग्रामीण लंबे समय से परेशान थे। स्थिति यह थी कि राह चलते लोगों पर बंदर हमला कर उन्हें काट रहे थे। बीते आठ दिनों में छह ग्रामीणों को बंदरों ने काट लिया था, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को खासा खतरा बना हुआ था।


चकलुवा क्षेत्र में वन विभाग द्वारा मंगलवार को पकड़े गए बंदर।

मंगलवार को अमृत विचार अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पिंजरे लगाए। चकलुवा मुख्य बाजार से 10 और विदरामपुर क्षेत्र से 42 बंदरों को पकड़ा गया।

गौरतलब है कि ग्रामीणों और जनप्रतिनिधि लंबे समय से पिंजरे लगाने की मांग कर रहे थे। दुकानदार कुकु पांडे, मुन्ना बोरा, कपिल कन्याल, भारत खोलिया, राकेश पांडे, गोविंद बसेड़ा, मोनू तोमर, उमेद देउपा, प्रमोद तोमर, दीवान सैनी और भावना कांडपाल सहित अन्य लोगों ने ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल और वन विभाग का आभार व्यक्त किया। वहीं डिप्टी रेंजर भूपेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए बंदरों को रानीबाग रेस्क्यू सेंटर भेजा जा रहा है।


भीमताल में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत करते भाजपाई।

### पद्म भूषण कोश्यारी का भीमताल में भव्य स्वागत

**भीमताल :** पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी के पद्म भूषण से सम्मानित होने के बाद पहली बार भीमताल आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नौकुचियाताल हेलीपैड पर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर को पास के किसी अन्य विद्यालय में स्थानांतरित करने की मांग भी उठाई। स्वागत करने वालों में जिला मंत्री भाजपा मनोज भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बीना आर्या, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, कमल जोशी, भावना मेहरा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डामरीकरण को 3.93 करोड़ स्वीकृत

**संवाददाता, धानाचूली**

**अमृत विचार:** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी ब्लॉक अंतर्गत झाझर–अक्सोड़ा से मझेड़ा तक मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण के लिए 3 करोड़ 93 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह जानकारी क्षेत्रीय विधायक राम सिंह कैड़ा ने दी है।

विधायक कैड़ा ने बताया कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण पूर्व में राज्य योजना के तहत किया गया था, किंतु डामरीकरण न होने के कारण ग्रामीणों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय जनता की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। संबंधित कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और शीघ्र ही सड़क पर सुधारीकरण एवं डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विधायक कैड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसी मोटर मार्ग पर आवश्यक स्थान पर पुल निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर शीघ्र शासन को भेजी जाए, ताकि आवागमन और अधिक सुगम बनाया जा सके। विधायक कैड़ा ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र के चाफी, अलचोना, कसियालेख, रीठा, नथुवाखान तथा बोहरा कोट सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।


जनसमस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश देते विधायक कैड़ा।


मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र में मजदूरों के सत्यापन को पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

### मुक्तेश्वर पुलिस ने किया बाहरी लोगों का सत्यापन

**धानाचूली :** मुक्तेश्वर थाना पुलिस ने क्षेत्र में कानून–व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के तहत परबड़ा व मुक्तेश्वर क्षेत्र के आसपास रह रहे बाहरी मजदूरों का सत्यापन किया गया। बिना पुलिस सत्यापन के रह रहे कई बाहरी व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि क्षेत्र में बाहरी मजदूरों और किरायेदारों के सत्यापन के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परबड़ा व मुक्तेश्वर क्षेत्र में बिना सत्यापन के रह रहे व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। साथ ही भवन स्वामियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने यहां कार्यरत सभी बाहरी व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से पुलिस सत्यापन कराएं। इस दौरान उप निरीक्षक मनीषा सिंह भी मौजूद रहीं। पुलिस टीम ने क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों को सत्यापन की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया। थानाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति बिना सत्यापन के पाया गया तो संबंधित भवन स्वामी और ठेकेदार के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बिंदुखत्ता आंदोलन को लेकर प्रशासन ने की बैठक

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता राजस्व गांव की मांग को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के 18 फरवरी को लालकुआं में प्रस्तावित जुलूस, प्रदर्शन और जनसभा को लेकर पुलिस प्रशासन ने समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा मानकों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

बैठक में दोनों पक्षों ने बातचीत के जरिए आंदोलन के कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तय की।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि वह जिलाधिकारी नैनीताल को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके अलावा, जड़ सेक्टर स्कूल में जनसभा करने के बाद लालकुआं तहसील में धरना दिया जाएगा। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित होगा।


लालकुआं कोतवाली में बिंदुखत्ता के ग्रामीणों से वार्ता करते पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी।

समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्होंने भीड़ को नियंत्रण के लिए लगभग 200 वालंटियर नियुक्त किए हैं, जिनमें पूर्व सैनिक भी शामिल होंगे। प्रदर्शन में बुजुर्ग भी शामिल होंगे और किसी भी आपात स्थिति के लिए दो एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कत्याल, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एपी बाजपेई, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पांडे और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिंह राणा और संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक इंद्र सिंह पनेरी और कुंदन सिंह मेहता, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष खिलाफ सिंह दानू, वनाधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, हरीश बिसौती, प्रभात पाल, प्रकाश मिश्रा, उमेश चंद्र भट्ट, पुष्कर सिंह दानू, गुरदयाल सिंह मेहरा सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**प्रशासन ने अतिरिक्त फोर्स मंगाया :** धरना प्रदर्शन और लालकुआं कूच आंदोलन को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त महिला और पुरुष पुलिस, पीएसी बल तथा विभिन्न स्थानों से पुलिस फोर्स बुलाई है। वहीं संघर्ष समिति के आह्वान पर गौला नदी से जुड़े खनन व्यवसाई अपने वाहन उपलब्ध कराएंगे। विभिन्न निजी स्कूलों ने अपने विद्यालयों में अवकाश घोषित कर स्कूल बसें प्रदर्शनकारियों के आने-जाने के लिए उपलब्ध कराई हैं। साथ ही व्यापार मंडल ने बिंदुखत्ता कार रोड क्षेत्र का बाजार बंद करने का ऐलान किया है। ग्रामीणों की भारी संख्या में उपस्थित होने की संभावना है।


पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज पतलोट में विभिन्न सामग्री के साथ विद्यार्थी।

### छात्रों को स्टेशनरी व अन्य जरूरी सामान बांटा

**भीमताल :** हल्द्वानी ऑनलाइन संस्था की टीम ने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज पतलोट के छात्रों को स्टेशनरी सामग्री, जूते, स्वेटर, खेल सामग्री, फल एवं मिठाई वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हल्द्वानी ऑनलाइन संस्था के अध्यक्ष दिनेश ल्वेशाली, जीवन पन्तोला, खिमेश चन्द्र पनेरू, मोहन चन्द्र पाण्डेय, कमल नगरकोटी, प्रदीप मेर तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य आशुतोष साह और पीटीए अध्यक्षा मीना देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था के खिमेश नैनवाल एवं खिमेश चन्द्र पनेरू ने छात्रों और शिक्षकों को संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक कक्षा से दो–दो छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्मृति चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सामग्री पाकर छात्र काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। संचालन विद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता डॉ. हेमंत कुमार जोशी ने किया। विद्यालय के सत्येन्द्र नाथ तिवारी, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, डॉ. कमल चन्द्र, केशव दत्त त्रिपाठी, खिमेश नैनवाल, हेम पनेरू, हिमांशु पनेरू, प्रकाश ल्वेशाली, प्रमोद शर्मा, मोहन बिनवाल, उपकार जोशी, नीरज जोशी, धीरज गोरखा, योगेश मेलकानी, भूपाल राणा, जितेन्द्र पाण्डेय, कमलेश जोशी, कमल बिष्ट, योगेश सनवाल, विमल पलड़िया रहे।

## सिटी ब्रीफ

### हिमालय संगीत शोध समिति की होली 28 से

**हल्द्वानी :** हिमालय संगीत शोध समिति की होली बैठकों का आयोजन इन दिनों चल रहा है। समिति ने बताया कि होली का आखिरी चरण 28 फरवरी से शुरू होगा। पहले दिन महिलाओं की होली आयोजित की जाएगी। जेके पुरम, मुखानी स्थित संगीत संस्थान में हुई बैठक में रात के समय होली गीत गाए गए। मनोज पांडेय, पंकज जोशी और कैलाश चंद्र ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन आचार्य धीरज उप्रेती ने किया।

### उक्रांद का युवा मिलन समारोह आज

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आज दोपहर दो बजे पर्वतीय सांस्कृति उत्थान मंच में युवा कार्यकर्ता मिलन समारोह में हिस्सा लेंगे। फिर तीन बजे से पत्रकारों से वार्ता करेंगे। यह जानकारी युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हरीश मेवाड़ी ने दी है।

### बहुद्देश्यीय शिविर आज

**हल्द्वानी :** डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार बहुद्देश्यीय शिविर आज (बुधवार) को नगर पंचायत कार्यालय लालकुआं में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर से नागरिकों को राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ उनकी समस्याओं की सुनवाई कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो एक ही स्थान पर सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने लालकुआं वासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

### चतुर बोरा राज्य किसान आयोग के सदस्य बने



**हल्द्वानी :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष चतुर वोरा को उत्तराखंड किसान आयोग में सदस्य नियुक्त किया गया है। मंत्री परिषद अनुभाग के अपर सचिव एमएम सेमवाल ने इसका आदेश जारी बताया कि चतुर वोरा निवासी धारी को किसान आयोग का सदस्य बनाया है। बोरा ने कहा कि राज्य सरकार की कृषि हित की नीतियों को किसानों तक पहुंचाना और प्रगतिशील कृषि को बढ़ावा देना उनकी प्राथमिकता है। उनकी नियुक्ति पर मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू, मेयर गजराज बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, हेम बोरा ने शुभकामनाएं दी हैं।

# पहले दिन 10वीं के छात्रों ने सॉल्व किया गणित का पेपर

## मंगलवार को हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत, इंटरमीडिएट में हुआ बुद्धिमत्ता विकास का पेपर, परीक्षार्थियों में उत्साह

- नैनीताल जिले में बनाए गए हैं कुल 39 परीक्षा केंद्र
- हाईस्कूल में 5422 परीक्षार्थी रहे उपस्थित, जिले में 9 रहे अनुपस्थित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत मंगलवार से हुई। परीक्षाओं को लेकर परीक्षार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला।

परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले में कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें पहले दिन गणित और बुद्धिमत्ता विकास की परीक्षा हुई। हाईस्कूल में गणित स्टैंडर्ड की परीक्षा में 5431 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें 9 अनुपस्थित रहे, जबकि 5422 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। गणित बेसिक में कुल 3069 शिक्षार्थियों में से 3047 ने परीक्षा दी, जबकि 22 अनुपस्थित रहे।

वहीं, इंटरमीडिएट में बुद्धिमत्ता विकास का पेपर हुआ, जिसमें 15 परीक्षार्थी पंजीकृत थे और सभी ने परीक्षा दी। मौसम साफ रहने से छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। पेपर समाप्त होने के बाद छात्रों ने आपस में प्रश्नपत्र मिलाकर सही जवाबों की पुष्टि की। सीबीएसई की सिटी कोऑर्डिनेटर मंजू जोशी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बताया कि आज (बुधवार) इंटरमीडिएट का फिजिकल एजुकेशन का पेपर होगा, जबकि हाईस्कूल का पेपर नहीं है।



मंगलवार को नैनीताल रोड स्थित एक स्कूल में सीबीएसई की परीक्षा देने के बाद बाहर निकलते छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार



नैनीताल के मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र मिलातीं छात्राएं।

### आज होगी यूके बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक

**हल्द्वानी :** आज बुधवार उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं को लेकर शहर के एक निजी स्कूल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक होगी, जिसमें शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी और सभी परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापक उपस्थित रहेंगे। मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि बैठक में बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन को लेकर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान तैयारियों को लेकर डिस्कस किया जाएगा। सीडीओ सभी केंद्र व्यवस्थापकों को ब्रीफ करेंगे।

## नैनीताल में शांतिपूर्वक संपन्न हुई परीक्षा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं व 12वीं की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई है। नगर में परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं । पहले दिन कक्षा 12वीं एंटरप्रेन्योरशिप व 10वीं गणित का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

नैनीताल के सिटी कॉर्डिनेटर हिल व बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा ने बताया कि नगर के सात विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध हैं। जिनमें बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जीजीआईसी और राधा चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय शामिल हैं। नगर में परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें बिड़ला विद्या मंदिर, सेंट जेवियर और मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर शामिल हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षा एक ही पाली में संचालित की जा रही है, सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे के बीच समय तय है। 10वीं की परीक्षा 11 मार्च तक होगी, जबकि 12वीं की 14 अप्रैल को संपन्न होगी। नगर में 800 सौ से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से दो लोग घायल

**हल्द्वानीः** काठगोदाम-गौलापार हाईवे पर आधी रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का कहर देखने को मिला। स्कॉर्पियों ने सड़क किनारे खड़ी कार को टक्कर मारी और रेस्टोरेंट से खाना खाकर निकल रहे दो लोगों को चपेट में ले लिया। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले में तहरीर का इंतजार कर रही है।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के मुताबिक, घटना सोमवार रात तकरीबन 12 बजे की है। गौलापार रोड स्थित खेड़ा में एक रेस्टोरेंट है। रात गौलापार क्षेत्र में रहने वाले वसीम खां और जिशान खां खाना खाकर रेस्टोरेंट से बाहर निकल रहे थे। रेस्टोरेंट के बाहर एक कार खड़ी थी। जैसे ही दोनों कार के पीछे पहुंचे तभी गौलापार पुल की ओर से आई एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पहले कार में टक्कर मारी और फिर दोनों युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना दोनों बुरी तरह घायल हुए। हादसे के बाद स्कॉर्पियो रुक गई। जिस पर स्थानी लोगों ने चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां दोनों की हालत ठीक बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चालक के नशे में होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# ऑपरेशन क्रैकडाउन : पुलिस ने की सघन चेकिंग, 302 का सत्यापन किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में ऑपरेशन क्रैकडाउन वेरिफिकेशन ड्राइव एक बार फिर चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस लोगों के घर से लेकर होटल, ढाबों तक पहुंची और 302 लोगों का सत्यापन किया। इसके साथ ही 78 लोगों पर कार्रवाई करते हुए हजारों रुपए का जुर्माना वसूला गया।

एसएसपी डॉ.मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर थाना और चौकी प्रभारियों को विशेष टीमें गठित कर अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाया गया। एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्र एवं एसपी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल की निगरानी में पुलिस ने होटल, ढाबा, धर्मशाला, आश्रम, होम स्टे, हॉस्टल, पेइंग गेस्ट हाउस सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों में चेकिंग की। अभियान के तहत निजी और सार्वजनिक संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटरों, श्रमिकों, किरायेदारों तथा बाहरी राज्यों से आकर रह रहे लोगों का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान संदिग्ध पाए जाने वाले व्यक्तियों के मोबाइल नंबर लिए गए, जिन्हें सर्विलांस पर रखा जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस ने 90 होटल व ढाबों की जांच की। कुल 302 लोगों का सत्यापन किया गया। अनियमितता पर 78 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई।



चेकिंग अभियान चलाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# यूजीसी के समर्थन में हल्द्वानी में निकाली रैली

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** यूजीसी विनियम 2026 के समर्थन में मूल निवासी संघ जिला इकाई नैनीताल की ओर से रैली निकाली गई और ज्ञापन भेजा गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि यूजीसी विनियम देश की जरूरत है।

कार्यक्रम के अंतर्गत आंबेडकर पार्क, मंगल पड़ाव से बुद्ध पार्क, तिकोनिया चौराहे तक रैली निकाली गई। बुद्ध पार्क पहुंचकर रैली एक सभा में परिवर्तित हो गई, जहां वक्ताओं ने यूजीसी विनियम 2026 में समता के संवर्धन को भारत की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने वाला प्रावधान बताया। मूल निवासी संघ के प्रदेशअध्यक्ष दीपक चनियाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को तत्काल हटाने और यूजीसी बिल 2026 को पूरे देश में शीघ्र लागू किया जाए। जिलाध्यक्ष जीआर आर्य ने कहा कि समाज के वंचित तबके ऊपर प्रताड़ना बढ़ रही है। ऐसे में सामाजिक सुधार और वंचित तबके की सुरक्षा के लिए यूजीसी विनियम 2026 का होना जरूरी है। उपस्थित लोगों ने कहा कि जब तक यूजीसी बिल 2026 पूर्ण रूप से लागू नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

कार्यक्रम में मूल निवासी संघ के जिला प्रभारी आरपी गंगोला, कैलाश पांडे, केके बोरा, के. चंद्र, जीआर टम्टा, नफीस अहमद, पूर्व पार्षद राधा आर्य, पार्षद रोहित कुमार, फिरोज खान, मुकेश बौद्ध, सुंदर लाल बौद्ध, विनोद कुमार, यशोदा बौद्ध, हरीश मौर्य, रामनरेश दोहरे, हरीश लोधी, संजय टम्टा, दीपक कुमार, रितिक कुमार, लक्की राजपूत, रोहित कुमार आर्य, किशोरी लाल, गोपाल ग्वासीकोटी, नंदन रहे।




एसडीएम कोर्ट में एसड़ीएम को ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने बच्चों को बांटे स्कूल बैग



बच्चों को स्कूल बैग वितरित करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने मंगलवार को कमलुवागांजा मेहता में मिशन मुस्कान हर हाथ में स्कूल बैग अभियान के अंतर्गत छोटे बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है, हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे इसलिए वह जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग वितरित कर रहे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, पूरन गौड़ मौजूद रहे।

## भाविप ने लगाया रक्तदान शिविर

**हल्द्वानीः** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से मंगलवार को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में रक्तदान व एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 50 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। साथ ही 35 लोगों की एनीमिया जांच चिकित्सकों ने की, जिनमें 10 लोग एनीमिक पाए गए। चिकित्सकों ने उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी सुझाव दिए। शिविर में प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक (रक्तदान) भवानी शंकर नीरज, शाखा अध्यक्ष दीपक बक्शी, सचिव डॉ. निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल व प्राची अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# यूओयू में पीएचडी के प्रवेश शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में यूजीसी मानकों के आधार पर पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से नेट आधारित पीएचडी प्रवेश मंगलवार से शुरू होकर मार्च के द्वितीय सप्ताह तक ऑनलाइन चलेगी।

विवि में मंगलवार को कुलपति ने शोध एवं नवाचार को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि विवि में वर्तमान में 26 विषयों में पीएचडी प्रोग्राम चल रहे हैं। अब तक 44 शोधार्थियों को डॉक्टरेट उपाधि दी जा चुकी है, जबकि 128 शोधार्थी पंजीकृत हैं। रिसर्च एक्सीलेंस को बढ़ावा देने के लिए बेस्ट रिसर्च पेपर अवार्ड, शोध प्रोत्साहन राशि और विशेष रिसर्च फंड की भी व्यवस्था की गई है। शोध पाठ्यक्रम में लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम का एकीकरण, एसपीएसएस पर एसपीओसी पाठ्यक्रम, शोध एवं प्रकाशन नैतिकता मॉड्यूल से अकादमिक गुणवत्ता मजबूत हो रही है। विवि के रिसर्च प्रमोशन फंड के माध्यम से बेस्ट पेपर अवार्ड, फेलोशिप, लघु शोध परियोजनाएं, परामर्श नीति आदि योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर शोध एवं नवाचार निदेशालय के निदेशक प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडे, कुलसचिव खेमराज भट्ट मौजूद रहे।



यूओयू में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

### डेटा व एआई आधारित विश्लेषण पर देंगे जानकारी

**हल्द्वानी :** यूओयू में तीन दिवसीय शोध कार्यशाला शुरू हो गई है, जिसमें शोधार्थियों की छह माह की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। कार्यशाला में रिसर्च डिजाइन, डेटा विश्लेषण, प्रकाशन रणनीति, एआई आधारित विश्लेषण और शोध नैतिकता जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और वैज्ञानिक सहभागिता कर शोधार्थियों को जानकारी देंगे।

# कठघरिया तक नहर कवरिंग को 11.14 करोड़ स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शासन ने पनचक्की-चौफुला-कठघरिया में नहर कवरिंग के लिए 11.14 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया है। नहर कवरिंग होने से सड़क चौड़ीकरण होगा, जिससे सुगम ट्रैफिक संचालन होगा।

कालाढूंगी विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पनचक्की–चौफुला–कठघरिया तक नहर कवरिंग पर सड़क निर्माण के लिए 11.14 करोड़ की आज स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए विधायक बंशीधर भगत ने अथक प्रयास किए थे। बजट स्वीकृति के बाद पनचक्की से चम्बल पुल एवं चौफुला से कठघरिया तक नहर के ऊपर सड़क बनाई जाएगी। जल्द ही इस प्रोजेक्ट के लिए निविदाएं की जाएंगी। विकास ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से हल्द्वानी में जाम का झाम खत्म होगा। पर्यटकों व बाहर से आने वाले लोगों को नैनीताल जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग मिलेगा साथ ही रिंग रोड की तर्ज पर काम करेगी। बजट मिलने पर सुरेश गौड़, संदीप सनवाल, पूर्व जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया, कमल नयन जोशी, प्रधान दिनेश जोशी, अक्षय सुयाल, मनीष आर्य, पार्षद ममता जोशी, पार्षद मनोज भट्ट, पार्षद नवीन जोशी, प्रकाश पटवाल, प्रधान गणेश शाह, प्रमोद तोलिया, दीपक सनवाल ने खुशी जताई है।

**रणजी ट्रॉफी** — तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक उत्तराखंड ने पहली पारी में 5 विकेट खोकर 149 रन बनाए

# कर्नाटक के बड़े स्कोर के आगे डटे रहे उत्तराखंड के लक्ष्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले में कर्नाटक के विशाल स्कोर के जवाब में उत्तराखंड की टीम संघर्ष कर रही है। हालांकि, विपरीत परिस्थितियों में हल्द्वानी के सलामी बल्लेबाज लक्ष्य राय चंदानी ने अपनी बल्लेबाजी से उम्मीदें जगाए रखी हैं। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक उत्तराखंड ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट खोकर 149 रन बना लिए हैं।

स्टार खिलाड़ियों से सजी कर्नाटक की टीम ने अपनी पहली पारी में 736 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। उत्तराखंड की ओर से गेंदबाजी में हल्द्वानी के खिलाड़ियों ने ही मोर्चा संभाला। आदित्य रावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि मयंक मिश्रा को 3 और लक्ष्य राय चंदानी को 1 विकेट प्राप्त हुआ। कर्नाटक के पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड की शुरुआत बेहद खराब रही और आधी टीम पवेलियन लौट गई। ऐसे वक्त में सलामी बल्लेबाज लक्ष्य राय चंदानी क्रीज पर खूंटा गाड़कर खड़े हो गए। उन्होंने जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 10 शानदार चौकों की मदद से 52 रनों की नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली है। लक्ष्य की इस पारी ने टीम को पूरी तरह ढहने से बचा लिया है।

**आज का दिन होगा निर्णायकः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि बुधवार को मैच का चौथा दिन उत्तराखंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पूरी टीम और प्रदेश की आस अब हल्द्वानी के लक्ष्य राय चंदानी, सौरभ रावत, मयंक मिश्रा और आदित्य रावत चारों खिलाड़ियों पर टिकी है। यदि लक्ष्य और सौरभ लंबी साझेदारी निभाने में सफल रहे, तो उत्तराखंड इस मैच में वापसी की कोशिश कर सकता है।



लक्ष्य राय चंदानी।

### सौरभ व लक्ष्य पर टिकीं उम्मीदें

**हल्द्वानी :** तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक लक्ष्य का साथ देने के लिए हल्द्वानी के ही अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज सौरभ रावत क्रीज पर मौजूद हैं। सौरभ फिलहाल 2 चौकों की मदद से 10 रनों पर नाबाद खेल रहे हैं।

### गौलापार के मैदानों पर बागेश्वर के खिलाड़ियों का रण

**हल्द्वानी :** क्रिकेट एसोसिएशन बागेश्वर की ओर से आयोजित जिला क्रिकेट लीग में मंगलवार को तीन मैच खेले गए। पहले मुकाबला एमएस क्रिकेट मैदान गौलापार में आर वन और नीरज राठौर क्रिकेट क्लब ब्लू आमने-सामने थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आर वन ने अपने 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 321 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीरज राठौर ब्लू की टीम 45 ओवर में 282 रनों पर ऑल-आउट हो गई। आर वन ने यह मुकाबला 39 रनों से जीत लिया। दूसरे मैच वैंडी क्रिकेट ग्राउंड गौलापार में बागनाथ क्रिकेट क्लब और रामराज क्रिकेट क्लब के बीच खेल हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रामराज ने 45 .3 ओवर में 339 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बागनाथ क्रिकेट क्लब 40 ओवर में 231 रनों पर ऑल-आउट हो गई। रामराज ने यह मुकाबला 108 रनों से जीत लिया। तीसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करने नीरज राठौर रेड ने 37 ओवर में 195 रन बनाए। जवाब में आर्यन क्रिकेट क्लब 28 ओवर में 126 रन पर ही ऑल-आउट हो गई।

# पांच नाबालिगों को बहलाकर साथ ले जाने की कोशिश, अधेड़ हिरासत में

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** रामनगर शहर में मंगलवार दोपहर स्कूल से घर लौट रहे पांच नाबालिग छात्र-छात्राओं को एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर साथ ले जाने की कोशिश का मामला सामने आया है। इसके साथ ही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मंगलवार को स्कूल की छुट्टी के बाद चार नाबालिग छात्राएं और एक नाबालिग छात्र अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान रास्ते में एक अधेड़ व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया। आरोपी ने बच्चों से कहा कि उसे उनके परिजनों ने भेजा है और उन्हें उसके साथ चलना होगा। बताया जा रहा है कि व्यक्ति ने बच्चों को अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, लेकिन बच्चों को उसकी बातों पर संदेह हुआ। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जब एक छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ अभद्रता की और पकड़ने का प्रयास किया, जिससे वह मामूली रूप से घायल हो गई। घबराई छात्रा किसी तरह वहां से भागकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई।

रामनगर के मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी युवक ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी 10 वर्षीय बेटी हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में पढ़ती है। उसके साथ मोहल्ले के अन्य बच्चे भी उसी विद्यालय में अध्ययनरत हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आरोपी की तलाश में निकले। परिजनों के अनुसार आरोपी रामनगर के बालाजी मंदिर के समीप एक पार्क में मिला जहां कुछ अन्य बच्चे भी थे। स्थानीय लोगों की मदद से संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना से इलाके में हड़कंप मचा है। अभिभावकों ने स्कूलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह

## पहले दिन 10वीं क्लास की हुई गणित विषय की परीक्षा, यूएस नगर में करीब 10 हजार छात्रों ने दी परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं शुरू हो गयी है। पहले दिन 10वीं के छात्रों की गणित विषय की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें ऊधमसिंह नगर जनपद में करीब 10 हजार बच्चों ने परीक्षा दी। आज 12वीं के छात्रों की शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा आयोजित होगी। वहीं सुबह परीक्षा से पहले छात्रों में डर भी दिखा तो उत्साह भी नजर आया।

मंगलवार को जनपद के करीब 37 परीक्षा केंद्रों में 10वीं की गणित विषय की परीक्षा सुबह 10.30 मिनट से 1.30 बजे तक आयोजित हुई। पहला पेपर होने और अलग स्कूलों में सेंटर होने के कारण करीब एक घंटा पहले ही छात्र परीक्षा केंद्रों पर अभिभावकों के साथ पहुंच गये थे।

परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के साथ ही अभिभावक परीक्षा केंद्रों में सीटिंग प्लान को देखने के लिए व्यस्त दिखे। सुबह 10 बजे तक छात्रों को परीक्षा केंद्रों के अंदर प्रवेश कराया गया। इस दौरान सभी की चेकिंग की गयी और फिर 10 बजे एंट्री बंद कर दी गयी।

ऊधमसिंह नगर में सीबीएसई परीक्षा की परीक्षा समन्वयक भावना भनोट ने बताया कि जिले में 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा के लिए करीब 37 परीक्षा केंद्रों बनाये गये हैं। 10वीं कक्षा में करीब 10 हजार और 12वीं कक्षा में करीब 7 हजार छात्र परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को सभी केंद्रों में 12वीं की शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा आयोजित होगी।



सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीटिंग प्लान देखते छात्र-छात्राएं।


काशीपुर में केंद्रीय विद्यालय से परीक्षा देकर लौटते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### क्या बोले छात्र-छात्राएं


पहला पेपर होने के कारण केंद्र में पहुंचने से पहले डर लग रहा था, लेकिन इसके बाद धीरे-धीरे यह डर खत्म हो गया। साल भर परीक्षा की तैयारी की है। इसलिए डरने की जरूरत भी नहीं है। सभी साथी बगैर डर के परीक्षा दें। -**पवन शर्मा**, छात्र


साल भर जो तैयारी की है उसका आज टेस्ट था। पहला पेपर होने के कारण डर भी है और तैयारी से मन उत्साहित भी है। मुझे नहीं पता पेपर कैसा होगा, लेकिन सब होगा। परीक्षा देने के बाद काफी खुशी मिली। -**नंदनी**, छात्रा

### काशीपुर में पेपर के बाद छात्रों में दिखाई दी खुशी

**काशीपुर** : सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। पहले दिन हाईस्कूल की गणित की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। काशीपुर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में करीब 8-10 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षाएं दे रहे हैं। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर सुबह करीब नौ बजे से पहुंचना शुरू हो गए थे। जबकि परीक्षा अपने निर्धारित समय साढ़े दस बजे से डेढ़ बजे तक हुई। परीक्षा के लिए क्षेत्र में दस सेंटर डीएवी, छावनी, समर स्टडी, विजन वैली, मारिया, केंद्रीय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल, लिटिल स्कॉलर, सेंट मैरी विद्यालय केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। वहीं परीक्षा संपन्न होने के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंच गए थे। परीक्षा देकर लौट रहे बच्चों में उत्साह था।

## प्रेम विवाह में बाधा आने पर युवक ने काटी नस, गंभीर

**रुद्रपुर :** प्यार को पाने की जिद में एक युवक द्वारा खौफनाक कदम उठाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शक्तिफार्म, सितारगंज निवासी राकेश डाली ने रुद्रपुर की इंद्रा कॉलोनी स्थित एक होटल के कमरे में अपने हाथ की नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की। होटल कर्मियों की तत्परता से युवक को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, राकेश क्षेत्र की ही एक युवती से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था। परिजनों द्वारा विवाह से इनकार करने पर वह नाराज होकर सोमवार को रुद्रपुर के होटल में आकर रुक गया था। मंगलवार सुबह जब होटल कर्मचारी कमरे में पहुंचा, तो युवक को खून से लथपथ देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक पत्र भी बरामद किया है, जिसमें प्रेमिका को पाने की इच्छा का जिक्र है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और युवक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# उत्कृष्ट उत्पादकों को दिया जाएगा पुरस्कार

- जिला और राज्य स्तरीय गठित समिति करेगी चयन
- रुद्रपुर और काशीपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं आवेदन पत्र

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला उद्योग के महाप्रबंधक विपिन कुमार ने बताया कि जनपद के हथकरघा बुनकरों, हस्तशिल्पियों और लघु उद्यमियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उनके द्वारा उत्पादित विशिष्ट उत्पादों की उत्कृष्टता के आधार पर हथकरघा, हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग पुरस्कार दिया जाना है। यह पुरस्कार जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय होगा। इसका चयन जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय गठित समिति करेगी।

मंगलवार को जिला उद्योग के महाप्रबंधक ने बताया कि बुनकरों, हस्तशिल्पियों को पुरस्कार के लिए बुनकर एवं हस्तशिल्पी अथवा उसका उद्योग जो उद्योग निदेशालय उत्तराखंड द्वारा अथवा विकास आयुक्त हथकरघा, हस्तशिल्प भारत सरकार के अधीन बुनकर एवं हस्तशिल्पी के रूप में पंजीकृत होगा वहीं पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि लघु स्तरीय उद्योगों के उद्यमियों के पुरस्कार के लिए उत्तराखंड शासन ने उद्योग विभाग के तहत स्थाई रूप से ऐसी लघु स्तरीय इकाइयां जो विगत तीन वर्षों से निरंतर उत्पादन कर रही है वहीं पात्र होंगी। ऐसी लघु स्तरीय इकाइयां जो किसी भी बैंक विभागीय डिफाल्टर न हो पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदन के लिए आवेदन पत्र दो प्रतियों में निर्धारित रूप पत्र के साथ 50 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जो महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ऊधमसिंह नगर के पक्ष में देय होगा उसे बनाना जरूरी है। आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रुद्रपुर एवं प्रभारी राजकीय डिजाईन सेंटर काशीपुर के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक की प्रति एवं पासपोर्ट साइज की फोटो संलग्न कर उत्पाद के साथ 25 फरवरी की सायं 5 बजे तक जमा कर सकते हैं।

# सुपर इंटर कॉलेज में 12वीं के छात्रों को दी विदाई


- कमला नेहरू योजना के तहत बांटे गए चेक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** खेड़ा स्थित सुपर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कमला नेहरू योजना के तहत छात्र-छात्राओं को चेक वितरित किए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राएं एक नया मुकाम बना रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने शिक्षा को लेकर अनेक योजनाएं चला रखी है जिसका लाभ छात्रों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कोई भी युवा शिक्षा से अछूता न रहे। कारण शिक्षा से ही आज का युवा नई ऊंचाइयों को छू सकता है बिना शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के इस विदाई समारोह कार्यक्रम में कमला नेहरू योजना के तहत बच्चों को चेक वितरित किए जा रहे हैं। ताकि वह उच्च शिक्षा भी ग्रहण कर सके।

इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, कस्तूरी लाल तागरा, विजय रजनी लोहानी, चंदन कुमार, सोनू रस्तोगी, अंजलि गंगवार, रंजीत पाल, रेखा रानी, पूनम मंडल, सुनीता आर्य, प्रीति रानी, पूनम शर्मा, भीम सिंह, मंजू भारती, रेणुका, फिजा, लक्ष्मी, फरहा, फिरदौस, शोभा, काजल पाल, शिरीन, कमलेश, नूरी, पुष्पा, आलिया आदि मौजूद रहे।


छात्रों को चेक वितरित करते भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ।

## लघु सिनेमाघर का उद्घाटन किया

**रानीखेत** :बीरशिवा स्कूल रानीखेत में विद्यालय के संस्थापक स्व. एनएनडी भट्ट की जयन्ती के अवसर पर विद्यालय में ही विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए मिनी थिएटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विमल सती द्वारा किया गया ।विद्यालय में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विमल सती का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमिक निदेशक प्रीति पांडे और मुख्य अतिथि विमल सती द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा कु. स्वाति भट्ट व छात्र हर्षित त्रिपाठी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के प्रथम चरण में नन्हें कलाकारों ने अपने सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति कर स्व. एन.एन. डी. भट्ट को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए विशेष प्रतियोगिताओं जैसे अर्द्ध शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता, योगा, लोकगीत गायन, वाद्य यंत्र संगीत, तीव्र गणितीय गणना और रूबिक क्यूब का आयोजन किया।

# गल्ला मंडी में मिला युवक का शव

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- सीओ बोले-पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी पुष्टि

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गल्ला मंडी क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मंगलवार दोपहर लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि गल्ला मंडी में एक युवक का शव पड़ा है। सूचना पर बाजार चौकी इंचार्ज सुरेंद्र बिष्ट पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद पता चला कि मृतक रंपुरा के वार्ड नंबर आठ में रहने वाला 30 वर्षीय सोनू है। इसके बाद पुलिस ने उसकी शिनाख्त के लिए भाई विशाल को घटनास्थल पर बुलाया। विशाल ने बताया कि सोनू काफी समय से बीमार चल रहा था। जिसे पहले मेयर विकास शर्मा ने शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले सभी ने मिलकर सोनू को एसटीएच में भर्ती कराया। जहां से वह पैदल चलकर रुद्रपुर आ गया। मंगलवार की सुबह उसने गल्ला मंडी में एक दुकान पर चाय पी और दोपहर में सोनू का शव मिल गया। युवक बीमारी से परेशान था।

### रेलवे स्टेशन के पास नाले में मिला युवक का शव

**रुद्रपुर :** रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के पास गुजरने वाले नाले में पुलिस को एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी युवक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों को रेलवे स्टेशन के पास से गुजरने वाले नाले में एक युवक की लाश दिखी। यह देख वहां लोगों का जमावड़ा लग गया। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसएसआई केसी आर्या, बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र खत्री पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से बाहर निकाला। इस दौरान शव से तेज दुर्गंध आ रही थी और शव भी फूला हुआ था। इस दौरान पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि शव एक सप्ताह से अधिक पुराना प्रतीत हो रहा है।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)
फोन : (05946) 292040, फैक्स : (05946) 298318, E-mail : erddh@yahoo.co.in

पत्रांक : 634/वि०वि०ख०ग्रा०(ह०)/ दिनांक : 17/02/2026

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०ओ०, आयकर में पंजीकृत एवं विद्युत सुरक्षा निदेशालय में "ए" श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी, प्रतिष्ठित ठेकेदारों / फर्मों से निम्न कार्यों हेतु ई-निविदायें निर्धारित निविदा प्रारूप पर निविदा खुलने की तिथि 10.03.2026 को समय 3.00 अपराह्न तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के प्रथम भाग में धरातल राशि जो एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० / एन०एस०सी० के रूप में होगी एवं अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) के पक्ष में होगी तथा आयकर एवं जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाणपत्र, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पंजीयन एवं सम्बन्धित प्रमाण पत्र। निविदा के भाग-2 निविदा की वैधता (10 के स्टाम्प पेपर पर) एवं दरें होंगी। सशर्त एवं बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा सम्बन्धी विवरण क्रम सं०, मद, कार्य का विवरण, धरोहर राशि, निविदा सं./निविदा प्रपत्र का शुल्क जी०एस०टी० सहित।

1. अनुरक्षण मद में फुटकुआं अनुभाग में ढीले तारों एवं टेड़े भेड़े पोलों को सही करने एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु० 4800.00, 66/2025-26, रु0 295.00 (कर सहित)।
2. प्रणाली सुधार मद में कमलुवागांजा उपखण्ड के अन्तर्गत विभिन्न परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि एवं लाईन निर्माण एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु० 9000.00, 67/2025-26. रु० 295.00 (कर सहित)।
3. अनुरक्षण मद में उपखण्ड के टी०पी० नगर के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान फूलचौड़ में धनपुरी फीडर के जीर्ण क्षीर्ण लाईनों व क्षतिग्रस्त पोलों को बदलना एवं लाईन निर्माण एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु० 44000.00, 68/2025-26, रु० 1180.00 (कर सहित)।
4. अनुरक्षण मद में उपखण्ड के टी०पी० नगर के अन्तर्गत 33/11 केवी उपसंस्थान, फुटकुआं में स्थित में स्थापित क्षतिग्रस्त 33/11 कन्ट्रोल पेनल व ब्रेकर को बदलने एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु0 26000.00, 69/2025-26, रु0 590.00 (कर सहित)।
5. प्रणाली सुधार मद में उपखण्ड लालकुआं के 33/11 केवी उपसंस्थान धौलाखेड़ा में हाथीखाल पोषक में 11 केवी विद्युत तारों को बदलने एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु0 20000.00, 70/2025-26, रु0 295.00 (कर सहित)।
6. प्रणाली सुधार मद में उपखण्ड लालकुआं के 33/11 केवी उपसंस्थान धौलाखेड़ा में डुंगरपुर पोषक में 11 केवी विद्युत तारों को बदलने एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु0 20000.00, 71/2025-26, रु० 295.00 (कर सहित)।
7. प्रणाली सुधार मद में उपखण्ड लालकुआं के 33/11 केवी उपसंस्थान धौलाखेड़ा क्षेत्र में विद्युत समस्या के समधान हेतु नये विद्युत परिवर्तकों की स्थापना/परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु0 44500.00, 72/2025-26, 50 1180.00 (कर सहित)।

निविदा प्रपत्र, इस कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 09.03.2026 तक निविदा प्रपत्र की कीमत अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक से भुगतान करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्राप्त निविदाओं में से किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार रखता है। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में प्राप्त एवं खोली जायेगी।

Customer Care Toll Free No. 1912
Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org
विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें।
"राष्ट्रीय हित में विद्युत बचायें"

अधिशासी अभियंता


## टीईटी अनिवार्यता का विरोध करेंगे शिक्षक

**हल्द्वानी :** बेसिक शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य करने के फैसले के विरोध में प्रदेशभर के शिक्षक आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। शिक्षकों की मांग है कि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट मिलनी चाहिए।

उनका कहना है कि टीईटी की अनिवार्यता 2011 से लागू हुई थी, जबकि उससे पहले नियुक्त शिक्षक अपनी निर्धारित योग्यता के आधार पर सेवा में आए थे, इसलिए उन्हें इस नियम से छूट मिलनी चाहिए। अखिल भारतीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष चौहान ने बताया कि सरकार की ओर से राहत नहीं दिए जाने के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। नैनीताल सहित प्रदेशभर के सभी जिलों में 22 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अभियान चलाया जाएगा।

# करियर काउंसलिंग व रोजगार मेले में उमड़े छात्र

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सरस आजीविका मेले के चौथे दिन करियर काउंसलिंग एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और इंटरमीडिएट स्तर के करीब 150 विद्यार्थियों ने करियर काउंसलिंग सत्र में भाग लिया और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके अलावा सेवायोजन विभाग की ओर से आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों ने प्रतिभाग किया और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। इसमें करीब 630 युवाओं ने भाग लिया।

मंगलवार को गांधी पार्क में आयोजित आयोजित करियर काउंसलिंग सत्र में संकल्प फाउंडेशन के अमित जोशी ने युवाओं को विभिन्न रोजगार विकल्पों के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी, रणनीति एवं संभावनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित युवाओं को अपने कौशल एवं रुचि के अनुरूप करियर विकल्पों का चयन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरस मेले के तहत आयोजित यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। जिससे उन्हें अपने करियर के प्रति जागरूकता के साथ-साथ रोजगार के नए अवसरों से सीधे जुड़ने का मंच प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल, सहायक श्रम आयुक्त रुद्रपुर अरविंद सैनी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


सरस आजीविका मेले में करियर काउंसलिंग के दौरान छात्र। ● अमृत विचार

**आयोजन** रुद्रपुर में आयोजित हुआ आशा कार्यकत्रियों का विशाल सम्मेलन, सांसद, विधायक और महापौर ने किया शुभारंभ

# स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं में सुधार की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर में आशा कार्यकत्रियों का विशाल सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोरा और भाजपा प्रदेश मंत्री विवेक सक्सेना की मौजूदगी में फीता काटकर और संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान आशा कार्यकत्रियों ने अतिथियों का पुष्प वर्षा और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित सम्मेलन के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों और कार्यक्षेत्र में आने वाली व्यवहारिक समस्याओं को प्रमुखता से अतिथियों के समक्ष रखा। इस दौरान आशा कार्यकत्रियों ने मानदेय वृद्धि, बीमा सुरक्षा और स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं में सुधार की मांग उठाई। जिस पर जनप्रतिनिधियों ने गंभीरतापूर्वक विचार और पैरवी करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अजय भट्ट ने कहा कि आशा कार्यकत्रियों स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। दुर्गम क्षेत्रों से लेकर शहरी बस्तियों तक अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में आपकी भूमिका निभाती हैं। कोरोना काल में जिस तरह आशाओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर काम किया, उसे देश कभी नहीं भूल सकता। उनकी जायज मांगों को केंद्र और राज्य सरकार तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। ताकि बेहतर कार्य करने का वातावरण मिल सके।

महापौर विकास शर्मा ने कहा कि समाज के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने में आशाओं का समर्पण अनुकरणीय है। नगर निगम क्षेत्र के भीतर भी आशा कार्यकर्ताओं को जो भी सहयोग अपेक्षित होगा, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आशाओं की मेहनत से ही मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से मातृ शक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। विधायक अरोरा ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की जो भी स्थानीय या प्रदेश स्तर की समस्याएं हैं, उनके निराकरण के लिए वे स्वयं मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.केके अग्रवाल ने द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकत्रियों को सम्मानित भी किया।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते सांसद अजय भट्ट, साथ में विधायक, महापौर व सीएमओ।

### ये लोग रहे मौजूद

एसीएमओ एपी सिंह, डॉ. हरेंद्र मलिक, पीएमएस डॉ. राजेश सिंह, डॉ.एसपी सिंह, डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ.संजीव सरना, डॉ.कुलदीप यादव, डॉ.राहुल, डॉ.अंजनी, डॉ.पीडी गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि डॉ. कपिल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू, जिला कार्यालय मंत्री मोर सिंह यादव, पार्षद चिराग कालरा, माया मंडल, प्रीती नैय्यर, सुमित्रा, रानी बिष्ट, कमला बिष्ट, रंजीत कौर, लक्ष्मी पोखरिया, बीएस बेनवाल, अभिषेक सक्सेना, हिमांशु, चांद मियां, निधि शर्मा, पूरनमल, जावेद, आमिर समेत बीसीएम आशा फैसिलिटेटर आदि मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### विधिक शिविर में स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**खटीमा** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में राजकीय प्राथमिक विद्यालय पकड़िया में प्रधानाचार्य हंसी कल्याण की अध्यक्षता में विधिक शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मानव तस्करी और यौन शोषण की शिकार महिलाओं के लिए नालसा योजना पैनल अधिवक्ता शहाना बेगम और आरबी सिंह राणा के द्वारा छात्र-छात्राओं को मानव तस्करी यौन शोषण के शिकार महिलाओं के संबंध में विधिक जानकारी दी और बताया कि पीड़ितों को निशुल्क कानूनी सहायता, पुनर्वास करना, महिला कानूनी अधिकार प्रदान करना है। यह भी बताया कि इसका उद्देश्य यही है की तस्करी को रोकना, बचाव करना और पीड़ितों को क्षतिपूर्ति मुआवजा भोजन एवं चिकित्सा सहायता दिलाना आदि के बारे में बताया और बालकों को गुड टच बेड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 109 8 तथा नशे के दुष्परिणाम भी बताएं। उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क साधकर निशुल्क कानूनी सहायता लेने की जानकारी दी। इस अवसर पर माया देवी, पिंकी राणा आदि मौजूद रहे।

### सिविल सेवा हॉकी के लिए महेश्वर का चयन

**काशीपुर** : अखिल भारतीय सिविल सेवा हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 में जिला खेल कार्यालय ऊधम सिंह नगर काशीपुर में तैनात स्टेडियम प्रभारी महेश्वर सिंह नेगी का चयन हुआ है।



जो 17 से 28 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में उत्तराखंड सचिवालय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं जिला खेल कार्यालय ऊधम सिंह नगर में तैनात सहायक प्रशिक्षक मोहित रावत टीम कोच के रूप में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### शिखर समिति के 15वें महोत्सव में बांधा समां

**हल्द्वानी** : शिखर सांस्कृतिक विकास समिति तल्ला दनिया नंदा देवी अल्मोड़ा की ओर से आयोजित 15वां होली महोत्सव का आयोजन मंगलवार को किया गया। समारोह का उद्घाटन दर्जा मंत्री रेनु अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दीपा दर्मवाल उपस्थित रहीं। अन्य अतिथियों में रेनू जोशी, मोहनी कुंजवाल, गौरा देवी, शांति जीना सहित कई गणमान्य महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ तुम सिद्ध करो महाराज की गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों शुरू हुई।

# रामबाग मेले का किया निरीक्षण

- प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में आठ दिनी मेले के चौथे दिन पुलिस रही मुस्तैद

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में आयोजित आठ दिवसीय मेले के चौथे दिन मंगलवार की शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी डीआर बर्मा व थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने औचक निरीक्षण कर मेला कमेटी को मेले की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने, इलेक्ट्रॉनिक झूले स्वामियों और दुकानदारों से ग्राहकों के साथ नम्र व्यवहार रखने के निर्देश दिए।

सीओ ने कहा कि मेला क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने मेला कमेटी से मेले की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने और किसी प्रकार की समस्या आने पर पुलिस को सूचित करें। मौके पर मेला प्रभारी एसआई प्रदीप शर्मा, एसआई योगेश कुमार, महिला एसआई सोनिका जोशी, जनजाति आयोग सदस्य बाबू सिंह तोमर, मेला कमेटी संरक्षक राकेश सिंह, व्यवस्थापक नित्यानंद मंडल, सचिव किशोर मलिक, मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया, पुजारन मंतो देवी, खटोला पूर्व प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, सोमल सिंह, भूप सिंह, शिवपद मल्लिक, सागर सिंह आदि मौजूद रहे।



रामबाग मेले का निरीक्षण करते सीओ डीआर बर्मा व थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट।

## बैंड-बाजे के साथ चढ़ने वाली थी बारात, 15 वर्षीय किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेजा

# पुलिस और संस्था ने रुकवाया बाल विवाह

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम अंजनिया में एक नाबालिग बालिका का विवाह संपन्न होने से ऐन वक्त पहले प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने रुकवा दिया। हरियाणा से बारात लेकर पहुंचे 27 वर्षीय दूल्हे के अरमानों पर उस समय पानी फिर गया, जब जांच में दुल्हन की उम्र मात्र 15 वर्ष 11 महीने पाई गई।

'इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट' संस्था के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव के अनुसार, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे जागरूकता रथ के दौरान उन्हें इस विवाह की गोपनीय सूचना मिली थी। परियोजना निदेशक बिंदुवासिनी के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन 1098 और पुलिस की टीम रात करीब 8 बजे मौके पर पहुंची, जहां बैंड-बाजे के साथ बारात चढ़ाने की तैयारी चल रही थी।

परिजनों ने शुरुआत में आधार कार्ड देने में आनाकानी की, लेकिन सख्ती बरतने पर जूनियर हाई स्कूल के दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। इसमें किशोरी की उम्र निर्धारित मानक से कम निकलने पर टीम ने तुरंत विवाह रुकवा दिया। महिला एसआई सीमा और आईएसडी टीम ने बालिका को सुरक्षित 'वन स्टॉप सेंटर' में दाखिल कराया है।



किच्छा में बाल विवाह के दौरान जांच करती संस्था की टीम। ● अमृत विचार

### कानूनी घेरे में दोनों पक्ष, काउंसलिंग होगी

**किच्छा** : निदेशक बिंदुवासिनी ने बताया कि दूल्हा और दुल्हन दोनों पक्षों की काउंसलिंग की जा रही है और उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। टीम ने कार्यक्रम की वीडियोग्राफी भी की है। मौके पर मौजूद बैंड बाजा और कैटरर्स कर्मियों को भी चेतावनी दी गई कि भविष्य में बुकिंग से पहले उम्र की जांच अवश्य करें, अन्यथा शामिल होने वाले हर व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।

# भगवा से रंग कर लिखा त्रिशूल चौक

## शिलापट पर नहीं लिखा था विधायक शिव अरोरा का नाम, सोशल मीडिया में छिड़ी जंग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख चौक पर लगा शिलापट इन दिनों सियासी गलियारों तक चर्चा का केंद्र बना हुआ है। मामला उस शिलापट से जुड़ा है, जिसे महाशिवरात्रि से पहले सीएम द्वारा लोकार्पण किया था। मामला उस वक्त चर्चा में आया, जब क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा का नाम नहीं था। बस क्या राजनीति गर्म हो गई और अचानक उसी शिलापट को भगवा रंग से रंग कर महज त्रिशूल चौक लिख दिया गया है। अब देखना यह है कि शिलापट्ट पर लिखे नाम की लड़ाई क्या रंग लाएगी।

मेयर विकास शर्मा ने इंद्रा चौक को त्रिशूल और डी डी चौक को डमरू चौक बनाने की ऐलान किया था। वहीं विधायक शिव अरोरा ने भी दोनों चौक बनाने के प्रयास करना शुरू कर दिया। यह भी बताते चले कि मेयर और विधायक में जनता की सहानभूति लेने की होड़ मची हुई है। 14 फरवरी को सीएम मुख्यमंत्री ने सरस मेले सहित त्रिशूल चौक का उद्घाटन किया। लेकिन घमासान उस वक्त शुरू हुआ, जब त्रिशूल चौक के शिलापट पर विधायक शिव अरोरा का नाम ही नहीं था। बस क्या हुआ सोशल मीडिया पर शिव समर्थित लोगों ने मोर्चा खोल दिया। चर्चा यह भी है कि विधायक का नाम नहीं लिखने का मामला भाजपा हाईकमान तक पहुंचा। मंगलवार की सुबह जैसे ही त्रिशूल चौक शिलापट पर लोगों की नजर पड़ी तो हर कोई हैरान हो गया क्योंकि शिलापट को भगवा रंग से रंग कर उस पर महज त्रिशूल चौक लिख दिया गया। हैरानी की बात यह भी है कि जिस त्रिशूल चौक को बनाने का श्रेय रुद्रपुर के भाजपा जनप्रतिनिधि लेना चाहते थे, उस चौक से अब शिलापट हटा दिया गया है। आशंका यह जताई जा रही है कि नाम हटाने पर भी सोशल मीडिया पर वाक युद्ध छिड़ सकता है और एक बार फिर विधायक और महापौर समर्थकों में सियासी हलचल मचा सकता है।




पहले और अब शिलापट। ● अमृत विचार

### सियासी जंग बन चुका है चौक

रुद्रपुर के त्रिशूल चौक का यह शिलापट विवाद दिखाता है कि आज के दौर में एक तस्वीर किस तरह राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन सकती है। चाहे यह प्रशासनिक भूल हो या सियासी संदेश—फिलहाल इसने शहर की राजनीति को गरमा दिया है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन या संबंधित जनप्रतिनिधि इस पर आधिकारिक स्पष्टीकरण कब और क्या देते हैं। तब तक त्रिशूल चौक का यह शिलापट सोशल मीडिया और सियासत—दोनों में चर्चा का विषय बना रहेगा।

### बोले महापौर: राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाएं विरोधी

**रुद्रपुर** : त्रिशूल चौक के शिलापट पर उपजे विवाद पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि विरोधियों द्वारा किए जा रहे गतिरोध दुर्भाग्यपूर्ण हैं। आस्था के केंद्र व ऐतिहासिक उपलब्धि पर राजनीति नहीं होने चाहिए, क्योंकि लोकार्पण शिलापट्ट में प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। कहा कि विरोधी भाजपा की इस उपलब्धि को पचा नहीं पा रहे है, जिस कारण इसे मुद्दा बनाने में तुले हैं। फिलहाल शिलापट्ट पर अब सिर्फ त्रिशूल चौक लिख दिया गया है।

### विधायक ने किया इनकार

**रुद्रपुर** : त्रिशूल चौक प्रकरण को लेकर जब स्थानीय विधायक शिव अरोरा को फोन कर विवाद का जवाब जानना चाहा, तो विधायक ने साफ तौर पर जवाब दिया कि वह इस मुद्दे पर कोई भी बयान देना नहीं चाहते हैं।

## वृद्ध की मौत मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा:** वन महोलिया क्षेत्र में पिछले वर्ष एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर अब न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद खटीमा पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वन महोलिया निवासी सुदर्शन प्रसाद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पिता रामचंद्र का असलम खान (निवासी पीलीभीत रोड) के साथ जमीन को लेकर दीवानी मुकदमा चल रहा था। आरोप है कि असलम खान गुंडों के बल पर जबरन जमीन जोतने का प्रयास कर रहा था और परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा था, जिसके प्रमाण ऑडियो-वीडियो के रूप में मौजूद हैं। पीड़ित के अनुसार, 25 मार्च की शाम उनके पिता रामचंद्र घर के पास एक छोटी नदी में मृत पाए गए थे। मृतक के पोते अरमान ने गवाही दी कि उसने असलम खान और उसके साथियों को पिता को उठाकर ले जाते देखा था। आरोप है कि जमीनी रंजिश के चलते वृद्ध को पानी में डुबोकर मार दिया गया। घटना के बाद 28 मार्च और फिर अप्रैल में एसएसपी को शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# डायनेस्टी के 26 छात्रों ने पास की जेईई मेंस परीक्षा

- कृष ने हासिल किया 99.59 पर्सेंटाइल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के 26 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा पास की है। जिनमें कृष जोशी 99.59 परसेंटाइल, पुलकित जोशी 99.53, नवनीत जोशी 97.64, योगेश सिंह 97.40, दीपक भट्ट 95.23, आदित्य चंद 94.073, अक्षत कापड़ी 93.980, यामिनी जोशी 91.673, शिखर उपाध्याय 91.631, नमन भट्ट 91.48, कंचन डसीला 91.356, पल्लवी पाल 91.238, अमित पांडेय 91.017, सुमित बिष्ट 90.494, आस्था चंद 90.255, चिराग कापड़ी 90.15, नितिन मौनी 89.776, विपिन सिंह 89.290, ऋषभ तिवारी 88.048, बलवंत सिंह 86.171, तनिष्क तिवारी 86.89, भूपेश चंद 83.860, रोहन बोरा 83.811, सात्विक सिंह 81.86, आस्था भंडारी 80.03 और वेदांत राणा (एसटी) 73.25 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने समस्त अभिभावकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि से समस्त क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, गायत्री भट्ट सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।





खटीमा से जेईई मेन्स परीक्षा पास करने वाले डायनेस्टी मॉडर्न एकेडमी के बच्चे।

# ताइक्वांडो खिलाड़ी हरी सिंह सम्मानित

- युवाओं को खेल में करियर बनाने की दी प्रेरणा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, बंडिया में आयोजित ''नेशनल टॉक'' कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी हरी सिंह का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम में खिलाड़ी ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें खेल जगत की संभावनाओं से रूबरू कराया।

हरी सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि युवा इन्हें करियर के रूप में अपनाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। उन्होंने ''खेलो इंडिया'' जैसी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इनसे दूर-दराज के क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच मिला है। उन्होंने युवाओं से नशे की आदतों से दूर रहने और पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य चंदन कुमार ने हरी सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक जोशी ने किया। इस अवसर पर शमशुल कमर, प्रकाश जोशी, गौरव सिंह, उत्तम सिंह राणा, शिव शंकर मौर्य, चम्पा उपाध्याय, रिया, किरन, रितिक आदि मौजूद रहे।



ताइक्वांडो खिलाड़ी हरी सिंह को सम्मानित करते प्रधानाचार्य चन्दन कुमार व अन्य।

### कांग्रेस की पूर्व पार्षद ने अपनी ही पार्टी की नेत्री पर लगाया अभद्रता का आरोप

**हल्द्वानी** : कांग्रेस की पूर्व पार्षद और नेत्री राधा आर्या ने अपनी की पार्टी की एक वरिष्ठ महिला नेत्री पर अभद्रता करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। इस मामले में उन्होंने एसएसपी मंजूनाथ टीसी को तहरीर भी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राधा ने बताया कि देहरादून में सोमवार को कांग्रेस राजभवन घेराव कार्यक्रम था। इस दौरान अन्य महिला नेत्रियों के साथ वह भी जा रहीं थीं। तभी भीड़ की वजह से कांग्रेस की एक महिला नेत्री के साथ वह टकरा गईं। आरोप है कि महिला नेत्री ने उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग किया। मामला यहां तक नहीं रुका। महिला नेत्री ने राधा के साथ जातिसूचक शब्दों का भी प्रयाग किया। राधा ने कहा कि उन्होंने जातिसूचक शब्दों को सबके सामने बोला। इसलिए उक्त महिला नेत्री के ऊपर एससी एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए।

# छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया

- सिटी कॉन्वेंट स्कूल में सड़क सुरक्षा के तहत हुई कार्यशाला

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सिटी कॉन्वेंट स्कूल में परिवहन विभाग द्वारा "सड़क सुरक्षा- जीवन सुरक्षा" थीम पर आधारित एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यशाला में परिवहन विभाग से पधारे परिवहन कर अधिकारी तारकेंद्र वैष्णव ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, नशे में वाहन न चलाने और ट्रैफिक संकेतों का पालन करने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्राचार्या शुभ्रा सक्सेना ने परिवहन विभाग से आए सभी अधिकारियों का स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सहायक परिवहन उपनिरीक्षक गुलाब सिंह बिष्ट, परिवहन आरक्षी कौशल बेलवाल, गोकुल आदि उपस्थित रहे।



खटीमा के सिटी कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित बच्चे। ● अमृत विचार

**सख्ती** | 92 वाहनों का किया चालान, 24 वाहन किए सीज, परिवहन विभाग की कार्रवाई से वाहन चालकों में मचा हड़कंप

# रुद्रपुर, पुलभट्टा, सितारगंज और खटीमा में चला अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर परिवहन विभाग की टीमों ने रुद्रपुर, पुलभट्टा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 92 वाहनों का चालान किया गया। इसमें 24 वाहनों को सीज किया गया।

मंगलवार को परिवहन विभाग की ओर से सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में सचल दल रुद्रपुर, सचल दल पुलभट्टा, सचल दल मझोला की संयुक्त टीमों ने क्षेत्र के तहत मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर ओवरलोडिंग, बगैर फिटनेस, टैक्स वाले वाहनों पर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने 92 वाहनों का चालान किया गया। इसमें 24 वाहनों को सीज किया गया।

इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रुद्रपुर ने खनन में संलिप्त 20 ओवरलोड डंपरों का चालान कर 13 डंपरों को सीज किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कहा कि भार वाहनों में ओवरलोडिंग करने के साथ-साथ बिना यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों एवं बिना वैध प्रपत्रों के संचालित वाहनों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर परिवहन कर अधिकारी गोविंद सिंह, आशुतोष डिमरी, तारकेंद्र वैष्णव, परिवहन उप निरीक्षक गोकुल सिंह, मनोज सिंह, परिवहन सहायक निरीक्षक महेंद्र सिंह बोरा, देवेंद्र सिंह, गणेश चंद्र, आरक्षी रवि क्वीरा मौजूद रहे।



ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते एआरटीओ। ● अमृत विचार

### एआरटीओ ने किया 75 वाहनों का चालान

**काशीपुर** : संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा) हल्द्वानी संभाग के निर्देश पर परिवहन विभाग की टीमों द्वारा काशीपुर, बाजपुर, जसपुर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। परिवहन विभाग द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) काशीपुर के नेतृत्व में सचल दल काशीपुर, जसपुर, इंटरसेप्टर संयुक्त टीमों द्वारा क्षेत्र के तहत मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर ओवरलोडिंग, विदाउट फिटनेस, विदाउट टैक्स वाले वाहनों पर प्रवर्तन कार्रवाई की गई। व्यापक चेकिंग अभियान के दौरान कुल 75 वाहनों का चालान किया गया। जिनमें से 18 वाहनों को सीज किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन संदीप वर्मा ने बताया कि भार वाहनों में ओवरलोडिंग करने के साथ-साथ बिना यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों एवं बिना वैध प्रपत्रों के संचालित वाहनों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन काशीपुर संदीप वर्मा, परिवहन कर अधिकारी नंदन आर्य, अनिल कुमार, सचिन, प्रमोद कर्नाटक आदि शामिल रहे।

# दूसरों को रोजगार देने की रखें तमन्ना

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ. बीसी भट्ट की अध्यक्षता में करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं से रोजगार की तमाम संभावनाओं पर चर्चा कही। उन्होंने कहा कि हमें समय की परिस्थितियों को देखते हुए रोजगार पाने से अधिक दूसरों को रोजगार देने वाले बनने की चाह रखनी चाहिए। सैनिक संगठन अध्यक्ष सेवानिवृत्ति सूबेदार मेजर लाल सिंह कोरंगा ने छात्र छात्राओं को भारतीय सेवा एवं अर्धसैनिक बलों में रोजगार के सुनहरे अवसर को हासिल करने के टिप्स दिए। राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की महिला चिकित्सक डॉक्टर रूपांशी ने छात्र-छात्राओं को उनकी बढ़ती उम्र में जेनेटिक एवं हार्मोनल परिवर्तन के कारण होने वाली परेशानियों को दूर करने की जानकारियां दी। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य डॉ० बीसी भट्ट, पीटीए अध्यक्ष मोहन सिंह कोरंगा, वरिष्ठ प्रवक्ता पीएन सिंह, भारत सिंह आदि ने संबोधित किया तथा संचालन हिन्दी प्रवक्ता एनपी सिंह ने किया। इस दौरान फार्मासिस्ट ममता भटनागर, एनएसएस प्रभारी प्रियंका पवार, रानी बसेड़ा, अनिल कुमार आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. गणेश उपाध्याय।

## सिटी ब्रीफ

### किसान दिवस पर दी इफको की जानकारी

**काशीपुर :** क्षेत्र के ग्राम महादेव नगर में मंगलवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। इफको काशीपुर से क्षेत्र अधिकारी नीरज डोभाल ने किसानों को इफको द्वारा चलाई जा रही अनेक योजना के बारे में जानकारी दी। साथ में इफको उत्पादों नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी तरल, सागरिका तरल व इफको के जल विलेय उत्पादों के बारे में जानकारी दी। गन्ना अनुसंधान केंद्र से डॉ. संजय कुमार व डॉ. प्रमोद कुमार द्वारा किसानों को गन्ना बीज, गन्ना पौध नर्सरी तथा गन्ने की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी। पुनीत कुमार ने फसल में लगने वाले रोग और बीमारियों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। किसानों को ड्रोन से स्प्रे के बारे में बताया। इस मौके पर सोनू कुमार, किशोर कुमार, विलेज कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी पुलिस चौकी की टीम बीते सोमवार की शाम को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मालवा फार्म रोड पर एक संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मंगत सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया।

# शिविर में आईं 185 शिकायतें

## मौके पर किया निस्तारण, नगर निगम प्रांगण में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के तहत मंगलवार को नगर निगम प्रांगण में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ मेयर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने किया। मेयर बाली ने कहा कि शिविर का उद्देश्य जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण करना और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचना है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया के आदेशानुसार अभियान पहले 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित था। जिसे शासन के निर्देशों के क्रम में अब 20 फरवरी तक विस्तारित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य उन क्षेत्रों को कवर करना है जो अब तक छूट गए थे।

शिविर के दौरान मौके पर मौजूद नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभाग की 185 शिकायत दर्ज की गई, जिनका संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मौके पर निस्तारण कराया गया। शिविर में राजस्व, ग्राम्य विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, शहरी विकास विभाग, नगर निगम सहित कुल 24 विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह कैंप के बाद क्षेत्र भ्रमण कर पात्र व्यक्तियों के आवेदन भरवाएं। ताकि कोई भी व्यक्ति केंद्र व राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। शिविर में पात्र महिला-पुरुषों को श्रम विभाग की ओर से कंबल व छतरी वितरित की गई।



काशीपुर में बहुउद्देशीय शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते महापौर व एसडीएम।

### पूर्व की कालोनियों में जमीनों की शुरू की जाए रजिस्ट्री

**काशीपुर :** भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक ईश्वर चंद्र गुप्ता ने प्रार्थना पत्र देकर वर्ष 2027 से पूर्व की नगर व ग्रामीण क्षेत्र की प्राधिकरण गठन से पूर्व की कालोनियों को प्राधिकरण के नियमों से बाहर रख जमीनों की रजिस्ट्री कराने की अनुमति देने की मांग की। कहा कि रजिस्ट्री बंद होने से लोग काफी परेशान हैं। यहां डॉ. गिरीश चंद्र तिवारी, अभिषेक गोयल, अर्जुन सिंह, राजीव अरोरा आदि मौजूद रहे।

### प्राधिकरण के अधिकारियों पर भड़के महापौर

**काशीपुर :** बहुउद्देशीय शिविर के दौरान सांसद प्रतिनिधि व पार्षद विजय कुमार बॉबी की शिकायत पर मेयर दीपक बाली जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों पर भड़क उठे। मंगलवार को नगर निगम परिसर में चल रहे जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार बहुउद्देश्यीय शिविर के मंच पर उन्होंने शिविर में अनुपस्थित रहे जिला विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता द्वारा आम जनता को नजर अंदाज करने व अच्छा व्यवहार न करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यहां तक कह डाला कि अब डीडीए के अवर अभियंता को काशीपुर में काम नहीं करने दूंगा। अगर वह काम करेंगे तो मैं काम नहीं करूंगा। उन्होंने डीडीए के सचिव अभय प्रताप सिंह को अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### स्वीकृत अंडरपास का काम शुरू कराने की मांग

**काशीपुर :** काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) ने काशीपुर-रामनगर रेलखंड स्थित फाटक संख्या 39बी पर स्वीकृत अंडरपास निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने की मांग की। केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने दिये पत्र में कहा कि काशीपुर-रामनगर रेल खंड के फाटक संख्या 39 बी पर प्रस्तावित अंडरपास का निर्माण कार्य केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। रेलवे विभाग द्वारा टेंडर स्वीकृत कर कार्य भी शुरू कर दिया गया था। कहा कि प्रिया मॉल के सामने स्थित भूमि जिसे रेलवे विभाग द्वारा अपनी भूमि के रूप में दर्शाया गया था वह राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि में अंकित है। भूमि विवाद के कारण निर्माण कार्य रोक दिया गया है। उन्होंने भूमि विवाद मामले का निस्तारण कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की।

### दुकान से दो सिलेंडर और 15 हजार की नकदी चोरी

**काशीपुर:** राजमा-चावल बनाने का काम करने वाले एक व्यक्ति की दुकान से चोर 15 हजार रुपये की नकदी और दो सिलेंडर चोरी कर ले गया। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

मानपुर रोड निवासी प्रदीप गुप्ता ने कोतवाली पुलिस में तहरीर सौंपी। इसमें कहा कि वह रामनगर रोड पर गुरु अमृतसरी नाम से राजमा-चावल का होटल संचालित करता है। बीते सोमवार की रात लगभग दस बजे वह होटल बंद करके घर चला गया था। मंगलवार की सुबह उन्हें होटल के शटर का ताला टूटा होने की सूचना मिली। जब उसने होटल पर आकर देखा तो शटर का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखा तो गल्ले का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे लगभग 15 हजार रुपये और दो सिलेंडर गायब थे। घटना के संबंध में सीसीटीवी देखा, तब पता चला रात लगभग साढ़े बारह बजे हेलमेट पहने एक बाइक सवार उनकी दुकान के पास बाइक खड़ी करके दुकान के अंदर घुसा। कुछ देर बाद वह दो सिलेंडर बाइक पर बांधकर और नकदी लेकर मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची कटोराताल पुलिस ने घटना की होटल संचालक से जानकारी जुटाई और सीसीटीवी फुटेज देखे। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की।



काशीपुर में मतदान के लिए लाइन में लगे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### बार काउंसिल के लिए 732 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

**काशीपुर :** बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य पद के लिए काशीपुर बार एसोसिएशन सभागार में काशीपुर व जसपुर के 732 अधिवक्ताओं ने यहां मंगलवार को मतदान किया। मतदान प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शाम पांच तक प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ब्याल की देखरेख में शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। मतदान समाप्ति पर कुल 832 में से 732 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। काशीपुर से सदस्य के लिये हरीश नेगी, संदीप सहगल, अफसर अली, भावना वर्मा व रचना गांधी चुनाव मैदान में हैं।

### पति ने पत्नी और साली पर किया चाकू से हमला

**काशीपुर :** एक महिला ने पति पर चाकू से वार कर उसे और उसकी बहन को घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम अजीतपुर दभोरा मुस्तहकम निवासी एक महिला ने पुलिस में तहरीर सौंपी। इसमें कहा कि उसकी शादी हुए लगभग 13 साल हो चुके हैं और उसकी दो बेटियां हैं। आरोप लगाया कि उसका पति शराब का आदी वह आए दिन उसके साथ मारपीट व अभद्रता करता है। महिला ने बताया कि उसका प्रेम विवाह हुआ था। कहा कि उसके ससुराली अब उसको जाति को लेकर प्रताड़ित करते हैं। बताया कि बीती 16 फरवरी को उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। साथ ही बेटी का भी गला दबाने का प्रयास किया। वहीं बीती 17 फरवरी की सुबह लगभग आठ बजे उसके पति ने बिना वजह उसके साथ मारपीट की। तब उसने इस बात की जानकारी पास में रहने वाली बहन को फोन करके दी। जब उसकी बहन उसके घर आयी तब पति ने उसके साथ अभद्रता करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने के दौरान चाकू उसकी बहन के हाथ और गाल पर लगने से वह लहूलुहान हो गई। दोनों ने बामुश्किल अपनी जान बचाई और कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना देकर तहरीर सौंपी। पुलिस ने घायल का सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया। वहीं पुलिस का कहना है कि पीड़िता की ओर से तहरीर मिल गई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जसपुर में शिकायतों की हुई सुनवाई

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** तहसील दिवस में आई शिकायतों की अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने सुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित गति से निस्तारित करने की बात कही। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण को भी कहा।

मंगलवार को मंडी परिसर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। यहां 52 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से 26 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शिकायतों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, अतिक्रमण, पेयजल, सड़क निर्माण व मरम्मत आदि के मुद्दे छाए रहे। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राहुल शाह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष जोशी, जिला आयुर्वेद यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक शुक्ला, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, मुकुल चौधरी आदि मौजूद रहे।



जसपुर में शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

# भक्तों को धर्म, भक्ति व सदाचार का संदेश दिया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल स्टेट हाईवे किनारे स्थित प्राचीन वनखंडी महादेव मंदिर बरहैनी में आयोजित 11 दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का हवन-यज्ञ में सामूहिक पूर्णाहूतियों एवं दोपहर में विशाल भंडारे के साथ भव्य समापन हो गया।

श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कथा वाचन करते हुए पं.भास्कर पांडे कोटाबाग ने शिव महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन किया और भक्तों को धर्म, भक्ति व सदाचार का संदेश दिया।

उनके प्रवचनों से श्रद्धालु भावविभोर होते रहे। समापन से पूर्व मंदिर परिसर में सामूहिक महादीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद हवन-यज्ञ में पूर्णाहूति दी गई और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान लगातार 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने शिवभक्ति में लीन होकर धर्मलाभ अर्जित किया और आयोजन समिति की सराहना की।

# शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के मुड़िया पिस्तौर में मंगलवार की सुबह एक घर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना में घरेलू सामान जलकर राख हो गया और पीड़ित परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

मुड़िया पिस्तौर निवासी आरिफ अहमद के घर में अज्ञात कारणों से आग लगी, जो कुछ ही देर में पूरे घर में फैल गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा राशन, बर्तन, बिस्तर, कपड़े, कागजात और अन्य जरूरी सामान एवं कुछ नकदी जलकर नष्ट हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। अचानक चिंगारी उठने से आग भड़की और तेजी से फैल गई। गनीमत रही कि समय रहते लोगों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर क्षति का आकलन कराने तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता व मुआवजा देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गरीब परिवार के सामने अब रहने और गुजर-बसर की समस्या खड़ी हो गई है।



बाजपुर में लगी आग में जला घरेलू सामान। ● अमृत विचार



जसपुर में पूजा करते चौकी प्रभारी संतोष देवरानी। ● अमृत विचार

### नादेही चौकी में हनुमान, मां दुर्गा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**जसपुर :** नादेही पुलिस चौकी परिसर में भक्तिमय माहौल के बीच हनुमान और मां दुर्गा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। धार्मिक आयोजन को लेकर पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह रहा। सोमवार को पूजा विधि विधान के साथ शुरू हुई, जो मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चारण और विशेष पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस चौकी परिसर को फूलों और लाइटों से सजाया गया। धार्मिक अनुष्ठान के बाद, विधि-विधान से मूर्तियों को स्थापित किया गया। पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरित कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, प्रीतम सिंह, कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी, हरेंद्र चौधरी, एसएसआई जावेद मालिक, चौकी प्रभारी संतोष देवरानी, नवीन बुधानी, देवेंद्र सामंत आदि मौजूद रहे।

# मटर के छिलकों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कोतवाली पुलिस ने नैनीताल स्टेट हाईवे पर मटर के छिलकों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया।

ददरअसल, पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि गीले मटर के छिलकों से रिसने वाले पानी के कारण सड़क पर भारी फिसलन हो रही है, जिससे बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं।मंगलवार को एसएसआई विक्रम सिंह धामी और एसआई देवेंद्र सिंह मनराल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका गया जिससे पानी सड़क पर फैल रहा था। पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत वाहन का चालान किया और चालक को सख्त चेतावनी दी।

पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि भविष्य में मटर के छिलकों का परिवहन पूरी तरह सूखने के बाद ही किया जाए। यदि गीले छिलकों को ले जाना अनिवार्य हो, तो ऐसी पुख्ता व्यवस्था की जाए जिससे सड़क पर पानी न गिरे। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें ताकि संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।




ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक कर जांच करते एसएसआई विक्रम सिंह धामी। ● अमृत विचार

### कैंटर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर:** महुआखेड़ा गंज में सड़क हादसे में हल्द्वानी निवासी युवक की मौत की मौत के मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हल्द्वानी के हेडा गज्जर डी क्लास तीन पानी निवासी गणेश पंत ने आईटीआई कोतवाली में तहरीर सौंपी। बताया कि बीती 1 फरवरी की रात उनका बेटा संदीप पंत अपने मित्र चंदन बिष्ट के साथ बाइक पर सवार होकर महुआखेड़ा गंज से ग्राम कटैया की ओर जा रहा था। रात लगभग 12 बजे महुआखेड़ा गंज वाइन शॉप के पास विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बेटे की बाइक को टक्कर मार दी।



काशीपुर के आईएमटी में आयोजित कार्यशाला में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

### आईएमटी में रोजगारोन्मुखी कौशल कार्यशाला शुरू

**काशीपुर :** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज में इम्प्लीमेंटेशन ऑफ द एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यशाला महिंद्रा एंड महिंद्रा की सीएसआर पहल महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के तहत आयोजित की जा रही है। कार्यशाला बीबीए, बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स) एवं एमबीए की द्वितीय एवं अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विशेष रूप से आयोजित की गई है। प्रशिक्षण सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन सीए प्रभात दिवाकर द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में छात्राओं को रोजगारोन्मुखी कौशलों के साथ-साथ जीवन कौशल, सौम्य कौशल, संचार कौशल, प्रस्तुतीकरण कौशल, साक्षात्कार कौशल, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास में वृद्धि, भावनाओं का प्रबंधन और चुनौतियों का सामना, संबंध निर्माण और पारस्परिक कौशल व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक दक्षता की दी गई।

**आयोजन** — विराट हिन्दू सम्मेलन में साध्वी प्राची ने शिरकत की, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# धर्म की रक्षा के लिए हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** विराट हिंदू सम्मेलन में साध्वी प्राची ने हिंदू समाज को अपनी जड़ों की ओर लौटने और धर्म की रक्षा के लिए एकजुट होने का कड़ा संदेश दिया।

मंगलवार को ठाकुरद्वारा रोड स्थित एक मैरिज हॉल में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में साध्वी प्राची ने शिरकत की। सम्मेलन के आयोजकों ने साध्वी प्राची का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत साध्वी प्राची एवं सविता चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं मां भारती के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम में सविता चौधरी ने कहा कि हमें बिखरे हुए परिवारों को समेटना है। आने वाली पीढ़ी को संस्कारों की शिक्षा देनी है। साध्वी प्राची ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में हिंदू तभी तक सुरक्षित हैं, जब तक वे एकजुट हैं। उन्होंने समुदाय से आह्वान किया कि वे अपने धार्मिक मूल्यों का पालन करें और आने वाली पीढ़ी को संस्कृति से अवगत कराएं। साध्वी ने कहा कि हिंदुओं को अपनी ताकत पहचाननी होगी। जब-जब हिंदू समाज बंटा है, तब-तब उसका नुकसान हुआ है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत, हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं आम नागरिक मौजूद थे। सम्मेलन संचालकों ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर सनातन धर्म के प्रति युवाओं को जागरूक करना है। सम्मेलन में वक्ताओं ने देश की वर्तमान स्थिति और हिंदू समाज के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी खुलकर चर्चा की। यहां खड़क सिंह चौहान, विजयपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, चौधरी धर्मपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, मदन पाल सिंह, बलकरन सिंह, नरेश चौहान, योगेंद्र चौधरी, सिद्धार्थ सिंघल, सनी पधान, सुधा, अनीता आदि मौजूद रहे।



जसपुर में लोगों को संबोधित करतीं साध्वी प्राची। ● अमृत विचार

# बच्चों को अच्छे संस्कार देना मां का है दायित्व

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सितारगंज में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति से लोगो को अवगत कराते हुए परिवार में माता की भूमिका पर प्रकाश डाला।

मंगलवार को महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट में आयोजित सम्मेलन में आरएसएस के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य पश्चिमी यूपी सुशील कुमार, दुर्गा ज्योति पीठ की गीता शर्मा, रामेश्वर शिव मंदिर के महंत रवि जी महाराज ने विचार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि माता का प्रथम दायित्व है कि वह अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बड़ों का आदर सत्कार करें छोटों को प्यार करें। बच्चों के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना से जागृत करें एवं अपने धर्म एवं संस्कृति के अनुसार आचरण करना सिखाए। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को अपनाते हुए सनातन धर्म को मानने वालों को सदैव एकजुट रहना चाहिए। ईश्वर ने सबको समान बनाया है। इसमें कोई छोटा है ना कोई बड़ा है। इस मौके पर सुनील गर्ग, निरंजन चौहान, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, शिवपाल चौहान, त्रिलोक अरोरा, आदेश चौहान, अनिल गर्ग, राजेंद्र चौहान, संगीता जोशी, संजय जोशी, महेश मित्तल आदि मौजूद रहे।

### सिडकुल में चलाया चेकिंग अभियान

**सितारगंज, अमृत विचार :** सितारगंज कोतवाली पुलिस और एलआईयू की संयुक्त टीम ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व संदिग्ध लोगों की पहचान करने के लिए चेकिंग अभियान चलाया।

मंगलवार को कोतवाल सुंदरम शर्मा और एलआईयू इंचार्ज भास्कर बड़ोला के नेतृत्व में टीम ने औद्योगिक पार्क सिडकुल व आसपास के गांवों में रह रहे लोगों की चेकिंग की। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र में ड्यूटी कर लौट रहे लोगों से भी वार्ता की। उन्होंने सत्यापन के लिए कंपनी प्रबंधकों से वार्ता की। पुलिस ने कंपनी प्रबंधकों, जनप्रतिनिधियों व रह रहे लोगों से संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर पुलिस को तत्काल सूचना की अपील की।

## ब्रीफ न्यूज

### 21 फरवरी को लगेगा विशाल रोजगार मेला

**टनकपुर :** जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर 21 फरवरी को एक दिवसीय विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला 'चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव–2026' के अंतर्गत सैनिक कल्याण विश्राम गृह के निकट महोत्सव स्थल पर आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी आरके पंत ने बताया कि मेले में टाटा मोटर्स, अशोक लीलेंड सहित 15 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इनके माध्यम से 4,000 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। मेले में 10वीं से बीटेक तक के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को 12,000 से 22,000 रुपये तक वेतन मिलेगा। अभ्यर्थी दस्तावेजों के साथ सुबह 9 बजे मेला स्थल पर पहुंचें।

### बाढ़ रोकने के लिए सीसी ब्लॉक निर्माण की मांग

**टनकपुर :** नायकगोठ की ग्राम प्रधान कंचन देवी ने डीएम को ज्ञापन भेजकर किरोड़ा पुल से नीचे बाढ़ की रोकथाम के लिए शारदा कारिडोर के तहत सीसी ब्लॉक निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा है कि नाले का पानी बरसात के दिनों में नायकगोठ गांव में आ जाता है। कहा है कि किरोड़ा पुल के नीचे नाले में अत्यधिक बोल्डर एवं मलबा एकत्रित होने से पानी का बहाव गांव की ओर मुड़ गया है। नाले का पानी घसियारामंडी वार्ड नंबर नौ एवं पूर्णागिरि विहार में भी प्रवेश कर रहा है, जिससे बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है।

# जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए करें काम

## अल्मोड़ा में मंडलायुक्त दीपक रावत ने योजनाओं की समीक्षा की, पिंक ई रिक्शा व सखी बाजार योजना को सराहा



अल्मोड़ा विकास भवन में मंगलवार को योजनाओं की समीक्षा करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा पहुंचे कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिला योजना, राज्य योजना और केंद्र पोषित योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में कुमाऊ आयुक्त रावत ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी और प्रत्येक विभाग लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करे। वहीं, जनपद में संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा तथा वित्तीय प्रगति की समीक्षा करते हुए सड़क सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, लंबित सड़क परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने, यातायात सुगमता के लिए प्रस्तावित पार्किंग निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित कार्यों की प्रगति पर भी विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया। मुख्यमंत्री घोषणाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने आदि के भी निर्देश दिए। यहां डीएम अंशुल सिंह, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीएफओ दीपक सिंह रहे।

**कन्हावन योजना को सराहा:** बैठक में पुलिस विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों के लिए निर्भय वातावरण तैयार करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि नशे और मादक पदार्थों की चेन को तोड़ते हुए जनपद को नशा मुक्त बनाए जाने पर गंभीरता से कार्य किया जाए। वहीं, कुमाऊ कमिश्नर ने जनपद में संचालित पिंक ई रिक्शा योजना, सखी बाजार, नशा मुक्ति केंद्र, गोवंशों के लिए कान्हावन योजना जैसी पहलों की सराहना की।

# न्यायालय में लंबित वादों का निस्तारण करें: मंडलायुक्त

- कुमाऊं आयुक्त ने अल्मोड़ा कलक्ट्रेट का निरीक्षण किया
- लंबित मामलों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** कुमाऊ आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को अल्मोड़ा कलक्ट्रेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर कोर्ट में लंबित वादों का अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न होने पाए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने रिकॉर्ड रूम का भी अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, बहुमूल्य एवं ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण तथा उनके डिजिटलीकरण के निर्देश दिए। कहा कि दस्तावेजों के सभी बस्तों पर वर्षवार स्टीकर चस्पा किए जाएं। जिससे अभिलेखों को ट्रेस करना आसान हो। आजादी से पूर्व के अभिलेखों को अलग से सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते हुए आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से उपलब्ध कराया जाए तथा अनावश्यक देरी से बचा जाए।

जनसेवा में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर भी उन्होंने बल दिया। जिलाधिकारी को कहा कि उनके अधीनस्थ न्यायालयों में चल रहे वादों की नियमित समीक्षा की जाए। यहां निरीक्षण के दौरान डीएम अंशुल सिंह, एडीएम युक्ता मिश्र, एसडीएम सदर संजय कुमार समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अल्मोड़ा कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी



अल्मोड़ा में मंगलवार को कोर्ट परिसर में छानबीन करते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

- सूचना पर भारी संख्या में कोर्ट पहुंचा पुलिस बल
- छानबीन में नहीं मिला कोई बम बाद में पुलिस ने मॉकड्रिल की

**अमृत विचारः** नैनीताल और उत्तरकाशी के बाद अब अल्मोड़ा जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार को मिले मेल के बाद कोर्ट में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते के साथ भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची। हालांकि बम की धमकी अफवाह मिली।

मंगलवार को अल्मोड़ा कोर्ट में धमकी भरे ई-मेल की सूचना पर हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी हरबंस सिंह के नेतृत्व में बम स्कोट समेत पुलिस बल मौके पर पहुंची। कोर्ट परिसर के कोने-कोने की जांच की गई। साथ ही परिसर के आसपास भी गहन छानबीन की गई। लेकिन टीम को कुछ भी हाथ नहीं लगा। जिसके बाद कोर्ट प्रशासन समेत अधिवक्ताओं ने राहत की सांस ली। इधर, सीओ बीएस भंडारी ने बताया कि जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया है। इस पर टीम ने न्यायालय और परिसर की गहनता से छानबीन की। कहीं भी कुछ नहीं मिला। मॉकड्रिल कर सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

# नशा तस्करी पर करें कड़ी कार्रवाई

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में एन-कॉर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण, नशे के स्रोत की पहचान तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि एनडीपीएस के प्रत्येक मामले में नशे के मूल स्रोत तक पहुंचना अनिवार्य होगा। पकड़े गए आरोपियों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरी आपूर्ति श्रृंखला को चिन्हित कर उसे तोड़ना जरूरी है। बैठक में पूर्व एन-कॉर्ड बैठक के निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में एनडीपीएस मामलों की अद्यतन



जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे।

सूची रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों का रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिए। साथ ही चरस की जनपद में आवक को लेकर विश्लेषण कर ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्कूल या कॉलेज में नशे से संबंधित मामला सामने आने पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ अजय साह ने बताया कि जनपद में कॉलेजों और विद्यालयों में लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग, पुलिस और एनजीओ के सहयोग से इन अभियानों को निरंतर संचालित करने तथा उनका उचित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में 1933 'मानस' पोर्टल के प्रचार-प्रसार और प्रभावी उपयोग पर भी जोर दिया गया। साथ ही नशे से उबर चुके व्यक्तियों के अनुभवों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा कर समाज में सकारात्मक संदेश देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बागेश्वर को नशामुक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, आबकारी अधिकारी डीके त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक सलाहुद्दीन खान, जिला शिक्षा अधिकारी विनय कुमार आर्य, एसीएमओ डॉ. अनुपमा ह्यांकी, मुख्य कृषि अधिकारी राजेंद्र उप्रेती आदि रहे।

# डीएम ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचारः** जनपद चम्पावत में स्वाला सड़क चौड़ीकरण एवं सुधार कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति, तकनीकी मानकों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों और सुरक्षा नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के साथ सड़क पर आवागमन सुचारु रखा जाए, ताकि लोगों को परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित निगरानी और समन्वय से कार्य को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

# छात्रों में बोर्ड परीक्षा को लेकर उत्साह

- अल्मोड़ा में मंगलवार को 1821 छात्रों ने दी सीबीएसई की परीक्षा
- पहले दिन हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) दसवीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। मंगलवार को पहले दिन सीबीएसई दसवीं की गणित की परीक्षा हुई। जिले के 19 केंद्रों में हुई परीक्षा में कुल 1821 परीक्षार्थी शामिल हुए।

मंगलवार को परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह रहा। सीबीएसई बोर्ड की ओर से जिले भर में परीक्षा को लेकर 21 केंद्र बनाए गए हैं। जहां सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इतजाम किए गए हैं। परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। 19 केंद्रों में आयोजित परीक्षा



अल्मोड़ा में परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर लौटते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

में कुल पंजीकृत 1830 में से 1821 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि नौ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की गहन चेकिंग के बाद केंद्रों में प्रवेश दिया गया। सीबीएसई कॉर्डिनेटर व प्रधानाचार्य कमलेश जोशी ने बताया कि सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

परीक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत, केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा, केंद्रीय विद्यालय रानीखेत, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज द्वाराहाट, शारदा पब्लिक स्कूल, पार्वती कॉन्वेंट धौलछीना, कुमाऊ पब्लिक स्कूल द्वाराहाट, आर्मी पब्लिक स्कूल अल्मोड़ा, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय चिलियानौला, अटल उत्कृष्ट राइंका दन्या, आनंद वैली पब्लिक स्कूल सोमेश्वर समेत 19 केंद्रों में परीक्षा संपन्न हुई।

# बागेश्वर में एक साथ दिखे 3 गुलदार, लोगों में दहशत

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचारः** नगर के भागीरथी और नदीगांव में गुलदार की बढ़ती गतिविधियों से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। आए दिन गुलदार दिखाई देने से बच्चों का स्कूल प्रभावित हो रहा है और लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

सोमवार की सायं भागीरथी क्षेत्र में एक साथ तीन गुलदार देखे गए, जबकि नदीगांव में भी एक गुलदार की मौजूदगी दर्ज की गई। इसके बाद से ही क्षेत्रवासियों में दहशत फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही गुलदार आबादी के आसपास दिखाई देने लगते हैं, जिससे घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिक बंशीधर कांडपाल और रमेश चंद्र ने बताया कि कई युवा सुबह दौड़ने जाते हैं, वहीं छात्र-छात्राएं शाम को स्कूल के बाद ट्यूशन और संगीत विद्यालय जाते हैं। गुलदार की लगातार आवाजाही के कारण बच्चों और अभिभावकों में भय बना हुआ है। नागरिकों ने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरे लगाने, नियमित गश्त बढ़ाने और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। उन्होंने जल्द ठोस कार्रवाई कर गुलदार के आतंक से राहत दिलाने की अपील की है। लोगों का कहना है कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ी घटना हो सकती है।

# 18 किलो गांजे के साथ तीन पकड़े

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचारः** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने तीन दो युवको को गांजे के साथ दबोचा लिया। आरोपियों के कब्जे से 18.350 किलो गांजा बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस और एसओजी की टीम ने क्षेत्र के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के पास एक कबाड़ से भरी पिकअप वाहन संख्या यूके 19 सीए 0992 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार गुलजार पुत्र अफसर



सल्ट पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्करी के आरोपी। ● अमृत विचार

अली निवासी, एचपी गोदाम टांडा रामनगर, नासिर हुसैन वर्ष पुत्र मजर हुसैन, निवासी ग्राम पूछडी, रामनगर और मोहम्मद आजम पुत्र निजामुद्दीन, निवासी ठाकुरद्वारा मुरादाबाद यूपी के कब्जे से 18.350 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार किया। टीम में थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह, एसओजी प्रभारी सुनील धानिक, एएसआई दीवान सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, राकेश खेतवाल, रविंद्र कम्बोज शामिल रहे।

# अवैध टैक्सी संचालन से रोडवेज कर्मी खफा

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी प्रशासन रोडवेज बस स्टेशन के आसपास अवैध टैक्सी संचालन को रोक नहीं पा रहा है। अवैध संचालन से आक्रोशित रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े कर्मचारियों ने कोतवाली और आरटीओ कार्यालय में ज्ञापन देकर टैक्सी चालकों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की।

कर्मचारियों का कहना है कि टैक्सी चालकों द्वारा स्टेशन के आसपास अवैध रूप से टैक्सियों का संचालन कर यात्रियों को जबर्दस्ती बैठाया जा रहा है। टैक्सी चालक बसों में बैठे यात्रियों को भी उतार कर अपने वाहनों में बैठा रहे हैं। पीलीभीत चुंगी में जबर्दस्ती बसों से सवारियों उतार दिया जा रहा है, इससे निगम की आय प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें दो महीने से वेतन नहीं मिल रहा है, इसका एक बड़ा कारण टैक्सियों का अवैध संचालन है, जो प्रतिदिन निगम को निम्न स्तर पर ले जा रहा है। यही हाल लोहाघाट व चम्पावत डिपो का है। ज्ञापन में कहा है कि शीघ्र इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो कर्मचारी उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष भूपाल सिंह, क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, दिनेश भट्ट, बलदेव प्रसाद, अशोक बोहरा, मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## डीडीए को समाप्त करने की मांग उठाई

**अल्मोड़ाः** डीडीए समाप्ति की मांग को लेकर मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग उठाई।

नगर के गांधी पार्क में आयोजित धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण लागू होने के बाद लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई हैं। नगर निगम की आय भी इससे कम हो गई है। वहीं, लोगों को भवन बनाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने पर्वतीय क्षेत्र में डीडीए समाप्ति की मांग उठाई। प्रदर्शन में समिति के संयोजक व पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र तिवारी, प्रताप सिंह सत्याल, अख्तर हुसैन, शहाबुद्दीन रहे।

**आयोजन** — गांधी मैदान टनकपुर में "जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार" शिविर का आयोजन, लोगों ने रखीं तमाम समस्याएं

# बहुद्देश्यीय शिविर : डीएम ने मौके पर किया 48 शिकायतों का निस्तारण

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी प्राथमिकताओं के अनुरूप "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत मंगलवार को टनकपुर स्थित गांधी मैदान में बहुद्देश्यीय जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की।

इस अवसर पर प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुँचा और पेंशन, राशन कार्ड, आधार संशोधन, किसान पेंशन सत्यापन सहित विभिन्न बुनियादी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। शिविर में कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पूर्ति



टनकपुर गांधी मैदान में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

तथा नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया।

शिविर में लगभग 250 से अधिक नागरिकों ने प्रतिभाग किया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 92 शिकायतों में से 48 का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तत्काल किया गया। इसके अतिरिक्त 35 पात्र व्यक्तियों का किसान पेंशन सत्यापन कार्य भी स्थल पर ही पूर्ण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान मनिहारगोठ की प्रधान शाहाना खातून ने जल निकासी की समस्या उठाई, जबकि विभिन्न बोर्ड सदस्यों ने पाइपलाइन एवं सीवर लाइन विस्तार की मांग रखी। स्थानीय नागरिक भुवन भट्ट ने आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों से उत्पन्न खतरे की ओर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही स्थानीय नागरिकों ने सरकारी निर्माण कार्यों में क्षेत्रीय श्रमिकों को वरीयता देने का अनुरोध किया।

डीएम ने सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम मनीष कुमार ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार,जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष विपिन कुमार, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री शिवराज सिंह कठायत , सीडीओ डॉ. जीएस खाती,एसडीम अनुराग आर्या, तहसीलदार जगदीश नेगी, ईओ ऋषभ उनियाल मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय पंचेश्वर एंग्लिंग उत्सव 21 से

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचारः** चम्पावत में पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव–2026' के अंतर्गत भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 21 फरवरी से 23 फरवरी तक पंचेश्वर के पावन संगम क्षेत्र में तीन दिवसीय 'पंचेश्वर एंग्लिंग उत्सव' का आयोजन होगा।

मत्स्य विभाग, चम्पावत के तत्वावधान में होने वाला यह महोत्सव न केवल खेल प्रेमियों और पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व प्रसिद्ध महाशीर मछली के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और चम्पावत को एंग्लिंग (मछली पकड़ने के खेल) के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करना है। इस उत्सव से स्थानीय युवाओं और मत्स्यजीवी समूहों को स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ा जाएगा। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले पर्यटक और एंग्लिंग विशेषज्ञ पंचेश्वर के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उत्सव में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों और मत्स्य प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# अमृत विचार

बुधवार, 18 फरवरी 2026






जीव को यह भ्रम है कि यह संसार ही सत्य है, किंतु जैसा वह समझ रहा है वैसा नहीं है, वास्तव में संसार असत्य है।
–रविदास, संत

## एआई का कुंभ

नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट 2026 भारत की डिजिटल कूटनीति और उभरती तकनीकी शक्ति का सार्वजनिक प्रदर्शन है। ग्लोबल साउथ में आकार और भागीदारी के लिहाज से पहली बार ब्रिटेन, सोल, पेरिस से भी विशाल एआई मंच सजा है, जो भारत के इस क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक प्रभाव की कहानी कहता है। वैश्विक नेताओं, तकनीकी दिग्गजों और नीति-निर्माताओं की यहां उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बहस अब सिलिकॉन वैली या यूरोप तक सीमित नहीं रही। यह सही है कि भारत इस क्षेत्र में अभी संक्रमणकाल में है। वह न तो पूरी तरह स्थापित शक्ति है न ही मात्र संभावनाओं का देश। उच्च-स्तरीय चिप निर्माण, मूलभूत मॉडल विकास और उन्नत अनुसंधान में भारत अभी भी अमेरिका और चीन से पीछे है।

भारतीय आईटी उद्योग, स्टार्टअप इकोसिस्टम और विशाल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर आदि ने मजबूत आधार दिया है। अनुमान है कि 2030 तक भारत का एआई बाज़ार 15–20 अरब डॉलर से अधिक का हो सकता है, हालांकि हमें और तेज बढ़त के लिए डेटा और बुनियादी ढांचे की चुनौती से निबटना होगा। एआई का ईंधन डेटा है, देश में व्यवस्थित डेटा-संग्रह, मानकीकरण और सुरक्षित भंडारण की कमी है। डेटा सेंटर क्षमता बढ़ने के बावजूद मांग के अनुपात में अपर्याप्त है। यदि स्थानीय भाषाओं, कृषि, स्वास्थ्य और जलवायु जैसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण डेटा उपलब्ध नहीं होगा, तो भारतीय एआई मॉडल सीमित रह जाएंगे, इसीलिए 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' और डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क की चर्चा अहम है। नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना ही वास्तविक चुनौती है। विशेषज्ञों का यह दावा कि तीन वर्षों में एआई का उपयोग हजार गुना बढ़ सकता है, किंचित अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है, पर पूरी तरह अवास्तविक भी नहीं। गौरतलब है, उपयोग में वृद्धि का अर्थ उत्पादकता वृद्धि और समावेशन तभी होगा जब कौशल विकास समानांतर चले, क्योंकि एआई का सामाजिक प्रभाव दोधारी तलवार है, जो नई स्किल सीखेंगे, उनके लिए अवसर बढ़ेंगे; जो नहीं सीखेंगे, उनके लिए रोजगार संकट गहराएगा। अतः सरकार को स्किल इंडिया कार्यक्रम में संरचनात्मक बदलाव करने होंगे। केवल पारंपरिक आईटी प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं; डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, एआई एथिक्स और बहुभाषी मॉडलिंग जैसे कौशल को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना होगा। उद्योग–अकादमिक साझेदारी, माइक्रो-क्रेडेंशियल और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को बढ़ावा देना समय की मांग है। एआई का सबसे बड़ा प्रभाव कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में दिख सकता है। कृषि में मौसम पूर्वानुमान, मिट्टी विश्लेषण और फसल रोग पहचान; स्वास्थ्य में डायग्नोस्टिक एल्गोरिद्म और टेलीमेडिसिन; शिक्षा में वैयक्तिकृत लर्निंग प्लेटफॉर्म, ये सभी नवाचार भारत जैसे विशाल और विविध देश में क्रांतिकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस समिट का सबसे बड़ा संदेश यह है कि एआई केवल तकनीकी दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का औजार है। भारत यदि नवाचार, नियमन और समावेशन के संतुलन को साध लेता है तो वह न केवल अपने लिए बल्कि ग्लोबल साउथ के लिए भी एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

### प्रसंगवश

## सृजन, सुविधा और नकल की नई संस्कृति

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि 'लिखा कितना अच्छा है', बल्कि यह बन गया है कि 'लिखा किसने है और किस तरह लिखा है।'

जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है। बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुज़रे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है।

यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन, यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है। भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित और भावनात्मक रूप से 'उचित'। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है, क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखती है। वही रचना को जीवंत बनाती है। आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हज़ारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह यह स्वीकार कर सकता है कि 'मैं गलत भी हो सकता हूं'?

यहीं मनुष्य और यंत्र के बीच मूल अंतर स्पष्ट होता है। मनुष्य अपनी बात कहते समय डरता है। आलोचना से, अस्वीकार से, असफलता से और यही डर उसकी आवाज़ को विशिष्ट बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न आलोचना का भय है, न अस्वीकार का, इसलिए वह सुरक्षित भाषा में लिखती है। सबको स्वीकार्य, किसी को असुविधाजनक न लगे ऐसी। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएं पढ़ रहे हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ भी नहीं कहतीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रेयर अर्थः वैश्विक शक्ति संतुलन का नया अध्याय





जय प्रकाश पांडेय
लेखक

आर्थिक व रणनीतिक सोच में कुछ विषय ऐसे होते हैं, जो लंबे समय तक हाशिये पर रहते हैं, पर जब वे केंद्र में आते हैं, तो विकास की पूरी दिशा को बदल देते हैं। क्रिटिकल मिनरल्स भारत के लिए ऐसा ही विषय बन चुका है। ऊर्जा संक्रमण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर निर्माण, रक्षा प्रौद्योगिकी और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स इन सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की चर्चा तब तक अधूरी है, जब तक उन खनिजों की सुरक्षित, सस्ती और सतत उपलब्धता सुनिश्चित न हो, जिन पर ये तकनीकें निर्भर करती हैं। भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

इस विमर्श की औपचारिक शुरुआत 2023 में हुई, जब भारत सरकार ने 30 क्रिटिकल मिनरल्स की सूची जारी की। लिथियम, कोबाल्ट, निकल, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, तांबा, गैलियम, जर्मेनियम और टंग्स्टन जैसे खनिजों को इस श्रेणी में रखने के पीछे दो स्पष्ट तर्क थे। पहला, ये खनिज ऊर्जा संक्रमण, ईवी बैटरियों, सोलर-विंड प्रणालियों, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं। दूसरा, इनकी वैश्विक आपूर्ति कुछ गिने-चुने देशों में अत्यधिक संकेंद्रित है, जिससे किसी भी भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति में आपूर्ति बाधित होने का जोखिम बहुत अधिक हो जाता है। यह सूची केवल एक तकनीकी दस्तावेज़ नहीं थी; यह भारत की उस रणनीतिक चिंता का लिखित रूप थी, जो फॉसिल फ्यूल युग से मिली निर्भरता की सीख से उपजी है।

इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) की परिकल्पना की गई और 2025 में इसे औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस मिशन का उद्देश्य केवल खनन बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, विविध और लचीली आपूर्ति-श्रंखलाएं विकसित करना है। वर्ष 2030 तक लगभग 1,200 संभावित क्रिटिकल मिनरल डिपॉजिट्स की पहचान और वर्ष 2031 तक 100 से अधिक ब्लॉक्स की नीलामी जैसे लक्ष्य यह दर्शाते हैं कि भारत घरेलू संसाधनों को गंभीरता से खंगालना चाहता है। वर्ष 2024–25 में शुरू हुई सैकड़ों अन्वेषण परियोजनाएं, जिनमें रेयर अर्थ्स, लिथियम और कोबाल्ट पर विशेष फोकस है, इसी दिशा में प्रारंभिक कदम हैं।

> भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

फिर भी, नीति-निर्माताओं को यह भ्रम नहीं है कि खनन ही समाधान है। थिंक-टैंक आधारित विश्लेषण यह रेखांकित करते हैं कि भारत की चुनौती खनन से अधिक प्रसंस्करण और परिशोधन क्षमता की कमी में निहित है। परिणामस्वरूप, कच्चे अयस्क के निष्कर्षण या आयात के बाद मूल्य-वर्धन का बड़ा हिस्सा विदेशी रिफाइनिंग केंद्रों में स्थानांतरित हो जाता है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो भारत ऊर्जा संक्रमण की दौड़ में उपभोक्ता तो बनेगा, पर निर्णायक खिलाड़ी नहीं।

केंद्रीय बजट 2025–26 और 2026–27 को एक साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि राज्य ने इस संरचनात्मक समस्या को समझ लिया है। वर्ष 2025–26 के बजट में 25 क्रिटिकल मिनरल्स पर मूल सीमा शुल्क को शून्य करना और बारह क्रिटिकल खनिजों के स्क्रैप, कोबाल्ट पाउडर तथा लिथियम-आयन बैटरी अपशिष्ट पर मूल सीमा शुल्क समाप्त करना रीसाइक्लिंग उद्योग और द्वितीयक उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस नीतिगत पहल थी। इससे राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन के उस स्तंभ को बल मिला, जो आयात-निर्भरता घटाने और सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

बजट 2026–27 ने इसी नीतिगत दिशा को आगे बढ़ाते हुए प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिया। यह निर्णय किसी तात्कालिक रियायत से अधिक, उस वास्तविकता की स्वीकारोक्ति है कि क्रिटिकल खनिजों से जुड़ी प्रसंस्करण परियोजनाएं स्वभावतः पूंजी-सघन और जोखिमपूर्ण होती हैं। इन्हें व्यवहार्य बनाने के लिए प्रारंभिक चरण में लागत का बोझ केवल निजी निवेशकों पर छोड़ देना व्यावहारिक नहीं है। इसी क्रम में, कुछ क्रिटिकल खनिजों को आयकर अधिनियम की प्रासंगिक अनुसूची में शामिल कर अन्वेषण और पूर्वेक्षण पर होने वाले खर्च को कर-कटौती योग्य बनाने का प्रस्ताव भी किया गया है। यह व्यवस्था इस संकेत के रूप में देखी जानी चाहिए कि राज्य खनिज अन्वेषण की अनिश्चितताओं को निजी क्षेत्र के साथ साझा करने और दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को तैयार है।

बजट 2026–27 का सबसे प्रतीकात्मक और रणनीतिक निर्णय रेयर अर्थ कॉरिडोरों की घोषणा के रूप में सामने आया है। ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव किसी साधारण क्षेत्रीय विकास योजना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चीन-केंद्रित वैश्विक आपूर्ति-श्रंखला से उत्पन्न जोखिमों को सीधे संबोधित करता है। इन कॉरिडोरों को राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन से जोड़ते हुए खनन, प्रसंस्करण और विनिर्माण की पूरी श्रृंखला को एक साझा भौगोलिक और संस्थागत ढांचे में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इसका आशय स्पष्ट है, भारत अब रेयर अर्थ तत्वों को केवल कच्चे खनिज के रूप में नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर, पवन ऊर्जा टर्बाइन, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसी रणनीतिक आवश्यकताओं के लिए अनिवार्य इनपुट के रूप में देखने लगा है। इस घरेलू रणनीति को वैश्विक परिप्रेक्ष्य से काटकर नहीं देखा जा सकता। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषण लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि क्रिटिकल खनिजों के परिशोधन और प्रसंस्करण में चीन की प्रभुत्वपूर्ण स्थिति ने अनेक देशों को रणनीतिक असुरक्षा के दायरे में ला खड़ा किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



जयपुर में हिंगोनिया गौशाला के पास से एक जानवर का कटा सिर लाकर लटकाया गया। यह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है। इस मामले में जो आरोपी है, उसे भाजपा का एक विधायक बचा रहा है।
–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान

आप मेरा नाम ले रहे हैं? अगर इस मामले में कोई भी मेरा आदमी शामिल पाया गया, तो मैं इसी वक्त विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा।
–गोपाल शर्मा
विधायक
भारतीय जनता पार्टी



# 60% युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं, उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बढ़ता दबाव, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद, बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फैल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में 19.73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं। बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13-17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं।

> इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी के मुताबिक देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले युवाओं में पाए जा रहे हैं।

सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं, जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकार की 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती है कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी है। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता के अभाव के साथ ही प्रदूषण, ट्राफिक जाम, आर्थिक असमानता जैसे कारण मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं।

बात अकेले राजधानी की नहीं है, देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक अध्ययन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याद्दाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं, साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं।

डब्लूएचओ व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बता दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढीले होना; इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं, जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही हैं। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर नहीं आते। जब मर्ज बढ़ जाता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

'जय विज्ञान' के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है। सामान्य डॉक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मोलवी और तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। भारत में 1982 में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू हुआ था, लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है। देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है। यानी एक लाख पर औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कहानी मोगली की

रुडयार्ड किपलिंग का मशहूर किरदार 'मोगली' जिसे भेड़ियों ने पाला था, वो किरदार दरअसल एक अंग्रेज कमांडर 'विलियम हेनरी स्लीमैन' द्वारा लिखे गए संस्मरण से उठाया गया था, हालांकि किपलिंग ने ये कभी नहीं माना कि उन्होंने स्लीमैन के लेखों से प्रेरणा ली, लेकिन तथ्यात्मक रूप से यही बात सच है कि भेड़ियों द्वारा इंसानी बच्चों को पालने की घटनाएं उत्तर प्रदेश के जंगलों में बहुत बार देखी गईं और सबसे पहले इन घटनाओं को स्लीमैन ने ही लिपिबद्ध किया।



जिया इम्तियाज
ब्लॉगर

मुझे पता नहीं था कि अम्मी हमारे बचपन में सुल्तानपुर में आने वाले भेड़ियों की, बच्चों को उठा ले जाने की, कई बच्चों के बच जाने और कइयों के मारे जाने की जो पुरानी कहानियां सुनाती थीं, उन कहानियों में एक खास बात भी थी कि सुल्तानपुर के जंगल वाक़ई एक वक्त में भेड़ियों का गढ़ हुआ करते थे और भारत में सबसे पहले भेड़िया मानव का ज़िक्र स्लीमैन ने 'सुल्तानपुर' के जंगलों में ही मिले बच्चे के बारे में किया था।

स्लीमैन ने लिखा था कि सन् 1848 में सुल्तानपुर के एक गांव 'चंदौर' में अंग्रेज सिपाहियों को गोमती नदी के किनारे एक मांद से एक मादा भेड़िया निकलती दिखी, इसके पीछे तीन भेड़िया शावक चल रहे थे और चौथा इंसानी बच्चा था, जो इस मादा भेड़िया के पीछे चार पैरों पर चल रहा था। सिपाहियों ने मादा भेड़िया को मारकर उस इंसानी बच्चे को कब्जे में कर लिया पर वो बच्चा इंसानों के हाथ नहीं आना चाहता था, वो बच्चा भेड़िये की तरह गुर्राता था, इस बच्चे को 'हसनपुर' के राजा को सौंप दिया गया।

हसनपुर के राजा ने इस बच्चे को एक अंग्रेज अधिकारी को दे दिया था, ये बच्चा दो साल तक रहा, पर कभी इंसानी समाज में लौट नहीं सका और वो केवल कुत्तों और गीदड़ों से मित्रवत रहा, 1850 में अचानक एक दिन उस बच्चे की मृत्यु हो गई। स्लीमैन ने दूसरा ज़िक्र सुल्तानपुर के एक दूसरे गांव में 1849 में मिले एक भेड़िया बच्चे का किया है, जिस बच्चे के जिस्म पर बने बर्थ मार्क देखकर उसको जन्म देने वाली मां ने पहचान लिया। जिस स्त्री का बच्चा छह साल पहले घर से कोई जानवर उठाकर ले गया था, ये बच्चा भी भेड़िये ने पाल लिया था और ये बच्चा भी मानव समाज में घुलमिल नही पाया और एक दिन वापस जंगल में भाग गया। स्लीमैन ने अपनी डायरी में लिखा था, 'सुल्तानपुर के आसपास असंख्य भेड़िये हैं, गोमती नदी के किनारे बने खड्डों में बहुत से बच्चों को भेड़ियों द्वारा कस्बों, गांवों और शिविरों से ले जाया जाता है'।

–फेसबुक वॉल से



### सामयिकी

## एआई समिटः नवाचार से राष्ट्र निर्माण तक

आज दुनिया के विभिन्न देश अपनी नीतियों में नई-नई तकनीकों व नवाचारों को शामिल कर अपने देश की विभिन्न पारंपरिक कार्यप्रणालियों को लगातार बदल रहे हैं। विशेष रूप से एआई ने वैश्विक स्तर पर कार्य प्रणाली और मानव भूमिका को गहराई से प्रभावित किया है, इसलिए आज इसे विकास के लिए अनिवार्य और बहुत ही अहम् माना जा रहा है। इसी संदर्भ में, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण एआई शिखर सम्मेलन (इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026; 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक) आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एआई की संभावनाओं, इसकी चुनौतियों, रोजगार पर इसका प्रभाव और आम जीवन में इसके उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।

आज एआई का दायरा स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कारोबार और रक्षा जैसे क्षेत्रों तक फैल चुका है, जिससे नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि रोजगार पर प्रभाव, जोखिम, डेटा सुरक्षा और पर्यावरणीय असर जैसी चिंताएं भी इसके कारण सामने आई हैं। विशेष रूप से डेटा केंद्रों में ऊर्जा और पानी की बढ़ती खपत को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। इसलिए एआई आधारित विकास को सफल बनाने के लिए इसके लाभों के साथ-साथ संभावित खतरों के समाधान पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।



सुनील कुमार महला
लेखक

पांच दिवसीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला प्रमुख एआई शिखर सम्मेलन माना जा रहा है, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं और एआई नीति तथा नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। यह समिट भारत मंडपम सहित नई दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित हो रही है तथा इसमें 100 से अधिक देशों की भागीदारी है, साथ ही शीर्ष तकनीकी कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), शोधकर्ता, नीति-निर्माता और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि 800 से अधिक प्रदर्शक, स्टार्टअप, शोध संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल इसमें भाग ले रहे हैं।

16-20 फरवरी तक आयोजित यह एआई शिखर सम्मेलन भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जबकि उससे आगे केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत का स्कोर 21.59 है, जबकि अमेरिका का 78.6 और चीन का 36.95 है। इस सूचकांक में भारत कई विकसित देशों जैसे दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस से आगे है।

भारत वर्तमान में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ एआई के क्षेत्र में अग्रणी विकासशील देश भी बन चुका है, इसलिए इस स्तर का वैश्विक आयोजन पहली बार किसी विकासशील देश में होना ऐतिहासिक माना जा रहा है। सम्मेलन में 13 देशों के लगभग 300 पवेलियन वाले एक्सपो का आयोजन भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई के माध्यम से आम लोगों तक तकनीक के लाभ पहुंचाने, सस्ती तकनीक उपलब्ध कराने और वैश्विक असमानताओं को कम करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते देश निवेश बढ़ाए, प्रतिभाओं को बनाए रखे और अनुकूल तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# आदिवासी अंचल का सांस्कृतिक पर्व भगोरिया

आदिवासी अंचल में प्रति वर्ष मनाया जाने वाला भोंगर्या अर्थात भगोरिया पर्व जनजाति समाज का मुख्य त्योहार है। इसे आलीराजपुर, झाबुआ और धार जिले में आदिवासी बहुल क्षेत्र के समीपस्थ ग्रामों के निकटतम साप्ताहिक हाट या कहीं पर जहां हाट भी नहीं लगता है, वहां वर्ष में एक दिन मनाया जाता है। मांदल की थाप और बांसुरी की मदमाती धुन, जब महुआ के फूल की मादक खुशबू महकने लगती है, बौराए हुए आम की एक खास महक और ताड़ी का भरपूर सुरूर अपने यौवन पर आ जाता है और होली का सप्ताह करीब हो, तो समझ लो कि भगोरिया आ गया। होलिका दहन का दिन आखिरी भगोरिया पर्व और इसके 6 दिन पूर्व के यानी पूरे 7 दिन यह पर्व होता हैं।



अनिल तंवर
सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी

## आदिवासी समाज का विशेष हाट

कुछ लोग ( गैर-आदिवासी मीडिया ) द्वारा आदिवासियों को बदनाम करने के लिए भोंगर्या हाट को परिणय पर्व या वैलेंटाइन डे से संबोधित करते हैं, जो एक सोची-समझी साजिश के तहत पूरे आदिवासी समाज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही हैं। इस पर्व में कभी भी पान खिलाकर और गुलाल लगाकर लड़की भगाने का जो मिथ्या प्रचार किया जाता रहा है। वह केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने तथा आदिवासी संस्कृति को बदनाम करने की साजिश रही है। पूर्व में यहां, जो गिने-चुने फोटोग्राफर आते थे, उन्होंने अपनी छपास की भूख और प्रसिद्धि के कारण इस पर्व को गलत रूप में प्रचारित किया। आदिवासी समाज के युवक और युवतियां अब जागृत हो चुके हैं और उनका कहना है कि गैर आदिवासी मीडिया इस प्रकार का भ्रम फैलाना बंद करे। यह न तो कोई परिणय पर्व है और न ही कोई त्योहार है। यह सिर्फ होली पूर्व एक विशेष हाट हैं, जिसमें आदिवासी बच्चों से लेकर बुजुर्ग उत्साह और जोश के साथ भोंगर्या हाट में जाकर ढोल-मांदल, थाली,बांसुरी की मिश्रित मधुर ध्वनि के साथ नाच-गाना कर एन्जॉय करते हैं और होली पूजन के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी करते हैं।

## सात दिनों तक चलेगा मेला



अंचल का प्रमुख आदिवासी लोकपर्व भगोरिया इस वर्ष 24 फरवरी से आरंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। वर्ष में एक बार मनाए जाने वाले इस पर्व के कारण हफ्तेभर तक क्षेत्र में उल्लास छाया रहता है। पर्व मनाने के लिए पलायन स्थलों से भी ग्रामीण बड़ी संख्या में अपने गांव लौटेंगे। लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगोरिया मेला लगेगा, जिस दिन का संस्कृति प्रेमी बेसब्री से इंतजार करते है, वह पर्व अब त्योहारिया हाट से प्रारंभ होगा। इसमें मस्ती व उल्लास रहेगा, तो आदिवासी संस्कृति की झलक भी नजर आएगी। पेट की आग बुझाने के लिए क्षेत्र की 70 प्रतिशत जनता पलायन करती है। रोजगार की तलाश में दूर-दूर तक जाने वाले ग्रामीण जहां कहीं भी होंगे, भगोरिया की महक उन्हें अपने गांव लौटने के लिए वापस मजबूर करेगी।

वार्षिक मेले भगोरिया की प्रमुख विशेषता यह है कि 7 दिनों तक लगातार यह चलता है। हर दिन कहीं न कहीं भगोरिया मेला रहता है। इन मेलों में गांव के गांव उमड़ पड़ते है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध तक अनिवार्य रूप से इसमें सहभागिता करते है। ढोल, मांदल, बांसुरी जैसे वाद्य यंत्रों की मीठी ध्वनि और लोक संगीत के बीच जब सामूहिक नृत्य का दौर भगोरिया मेले में चलता है, तो चारों ओर उल्लास ही उल्लास बिखर जाता है। साथ ही होती है झूला-चकरी की मस्ती व पान तथा अन्य व्यंजनों की भरमार। चाहे जितने जीवन में संघर्ष हो, लेकिन सब कुछ भूलकर हर ग्रामीण भगोरिया की मस्ती में डूबा दिखाई पड़ता है।



## रियासत काल से चल रहा है त्योहार

रियासत काल से चल रही धुलेंडी के सात दिन पहले से यह पर्व आरंभ हो जाता है। रियासत काल से ही यह पारंपारिक त्योहार यहां चल रहा है। पर्व को लेकर अलग-अलग इतिहास भी बताया जाता है। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि ग्राम भगोर से यह पर्व आरंभ हुआ, इसलिए इसका नाम भगोरिया पड़ गया। कुछ लोगों का मानना है कि होली के पूर्व लगने वाले हाटों को गुलालिया हाट कहा जाता था। इसमें खूब गुलाल उड़ती थी। बाद में होली के पूर्व मनाए जाने वाले इन साप्ताहिक हाटों को भगोरिया कहा जाने लगा। मान्यता चाहे जो हो, लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि यह वार्षिक पर्व अपनी संस्कृति की सुगंध हमेशा से चारों ओर बिखेर रहा है।

अनोखी परंपरा

## फामादीहाना : मौत के पार रिश्तों का उत्सव



दुनिया में कुछ परंपराएं ऐसी होती हैं, जो पहली नजर में हैरान करती हैं, लेकिन गहराई से समझने पर इंसानी संवेदनाओं और रिश्तों की नई परतें खोलती हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा अफ्रीकी द्वीपीय देश मेडागास्कर में देखने को मिलती है, जहां लोग अपने गुजरे हुए अपनों को याद करने के लिए कब्र से बाहर लाते हैं और उनके साथ नाचते-गाते हैं। यहां मृत्यु को अंतिम विदाई नहीं, बल्कि दोबारा मिलन का अवसर माना जाता है। मेडागास्कर के मालगासी समुदाय में निभाई जाने वाली इस परंपरा को फामादीहाना कहा जाता है, जिसका अर्थ है-"हड्डियों को पलटना।" यह रस्म हर पांच से सात साल में आयोजित की जाती है। इस दौरान परिवार के लोग अपने पूर्वजों की कब्रें खोलते हैं, उनके अवशेषों को बाहर निकालकर नए, सुंदर रेशमी कफनों में लपेटते हैं और फिर संगीत, ढोल-नगाड़ों और गीतों के साथ नृत्य करते हैं। यह दृश्य किसी शोक समारोह से अधिक एक उत्सव जैसा लगता है।

मालगासी समाज में यह विश्वास गहराई से रचा-बसा है कि मृत्यु के बाद भी आत्माएं पूरी तरह विदा नहीं होतीं। माना जाता है कि पूर्वजों की आत्माएं आसपास ही रहती हैं और समय-समय पर अपने परिजनों का हाल जानने धरती पर लौटती हैं। फामादीहाना उन्हीं आत्माओं के सम्मान, उनसे संवाद और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इस रस्म के दौरान लोग अपने दिवंगत प्रियजनों से बातें करते हैं, उन्हें परिवार की नई पीढ़ी से परिचित कराते हैं और जीवन की घटनाएं साझा करते हैं। फामादीहाना के समय कब्रिस्तान का माहौल बिल्कुल बदल जाता है। वहां ढोल बजते हैं, लोग पारंपरिक परिधान पहनकर नृत्य करते हैं, सामूहिक भोज पकता है और पूरे इलाके में उत्सव का रंग बिखर जाता है। बाहरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों के लिए यह दृश्य चौंकाने वाला और असामान्य हो सकता है, लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह बेहद पवित्र और भावनात्मक अनुभव होता है। यहां तक कि उंगली से इशारा करना भी वर्जित माना जाता है, क्योंकि ऐसा करने से आत्माओं के नाराज होने की मान्यता है। पहली नजर में फामादीहाना डरावनी या रहस्यमयी लग सकती है, लेकिन मालगासी लोगों के लिए यह मौत का उत्सव नहीं, बल्कि यादों, सम्मान और प्रेम का प्रतीक है। शायद यही कारण है कि सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है और यह हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि दुनिया में रिश्तों को देखने और निभाने के कितने अलग-अलग तरीके हो सकते हैं।

आर्ट गैलरी

## राफेल की 'द ट्रांसफिगरेशन'

द ट्रांसफिगरेशन नाम का आर्टवर्क मशहूर रेनेसां आर्टिस्ट राफेल का एक मास्टरपीस है, जिसे साल 1520 में पूरा किया गया था। पैनल पर बनी यह ऑयल पेंटिंग हाई रेनेसां आर्टिस्ट्री का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो अपने धार्मिक जॉनर के लिए जानी जाती है। आर्टवर्क में, देखने वाले को एक ज़बरदस्त चित्रण देखने को मिलता है, जिसमें एक्सप्रेसिव फिगर्स की भीड़ है, जो एक साफ ड्रामैटिक इंटेंसिटी में लिपटी हुई है। इन फिगर्स को इमोशन की एक जबरदस्त गहराई के साथ दिखाया गया है, जिसमें गहरी भक्ति से लेकर डरावने अविश्वास तक शामिल हैं। कंपोजिशन में कई दिव्य और इंसानी कैरेक्टर्स हैं, जो डायनैमिक रूप से बातचीत करते हैं।



राफेल पेंट की गई फिगर्स में थ्री-डायमेंशनल क्वालिटी लाने के लिए काइरोस्कोरो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी असली जैसी मौजूदगी और बढ़ जाती है। कलर पैलेट में रिच टोन भरे हुए हैं, जो कपड़ों की ड्रेपरी और फिगर्स के शरीर को बहुत बारीकी से दिखाते हैं और सीन की कहानी कहने की ताकत पर ज़ोर देते हैं।

### राफेल के बारे में



राफेल सैंजियो दा अर्बिनो, जिन्हें राफेल के नाम से बेहतर जाना जाता है, हाई रेनेसां कॉल के सबसे महान पेंटर्स में से एक थे। उनका जन्म 1483 में इटली में एक आर्टिस्ट परिवार में हुआ था और उन्होंने पेंटिंग के लिए शुरू से ही टैलेंट दिखाया और जल्द ही एक जाने-माने आर्टिस्ट बन गए। यह वह समय था जब पूरे यूरोप में आर्ट फल-फूल रहा था। इसकी पहचान क्लासिकल एंटीक्विटी और ह्यूमनिज्म में दिलचस्पी थी, जिससे पर्सपेक्टिव और काइरोस्कोरो जैसी पेंटिंग टेक्नीक में नए डेवलपमेंट हुए। इस दौरान, लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो बुओनारोती जैसे कई महान आर्टिस्ट उभरे। राफेल के काम में लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो जैसे उनके कंटेंपरेरी लोगों के साथ-साथ पेरुगिनो जैसे पहले के मास्टर्स का भी असर दिखता है, जिन्होंने उन्हें उनकी अप्रेंटिसशिप के दौरान सिखाया था। उन्होंने उनकी स्टाइल को अपने यूनिक विजन के साथ मिलाया, जिससे ऐसी पेंटिंग्स बनीं, जो टेक्निकली परफेक्ट और इमोशनली एक्सप्रेसिव दोनों थीं।

लोकायन

हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा का देश है। यहां सभी धर्म के त्योहार धूमधाम व सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं। इसी प्रकार देश के कुछ प्रदेशों में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भारत में अंग्रेजी नव वर्ष मनाना तो आम बात है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारे देश में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। लोसर 18 फरवरी से मनाया जाएगा और इसका मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, लेकिन यह त्योहार 15 दिनों तक मनाया जाता है।

## परंपरा और उत्सव का संगम तिब्बती नव वर्ष लोसार

**क्या है लोसार उत्सव :** 'लोसार' दो तिब्बती शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें 'लो' का अर्थ 'नया' और 'सर' का अर्थ 'वर्ष' होता है। इस प्रकार इसका सामूहिक अर्थ 'नया साल' है। लोसार तिब्बत, नेपाल और भूटान का सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध त्योहार माना जाता है। भारत में यह मुख्य रूप से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तिब्बती समुदायों और स्थानीय जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव जीवन के नवीनीकरण, समृद्धि और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है।

**सांस्कृतिक महत्व :** हालांकि लोसार को 'तिब्बती नव वर्ष' कहा जाता है, लेकिन इसकी जड़ें बौद्ध धर्म के आगमन से भी पहले की हैं। यह मूल रूप से 'बोन' परंपरा का हिस्सा था, जिसमें लोग सर्दियों के अंत में प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पूजा करते थे। बाद में जब बौद्ध धर्म तिब्बत की मुख्य धारा बना, तो यह उत्सव आध्यात्मिक और धार्मिक रंगों में रंग गया। लोसार का मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, जबकि समूचा पर्व लगभग 15 दिनों तक मनाया जाता है। लोसार में साफ-सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है। इसका पहला दिन 'लामा लोसार' कहलाता है, जिसमें घरों की पुताई और गहन सफाई की जाती है। पुरानी और अनुपयोगी वस्तुओं को हटाया जाता है। मान्यता है कि इससे घर में स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि का वास होता है। इस अवसर पर घरों की सजावट की जाती है और नई प्रार्थना-पताकाएं लगाई जाती हैं।



**तीन दिनों तक चलते हैं कार्यक्रम :** लोसार उत्सव के पहले दिन सूर्योदय से पूर्व ही मठों में शंखनाद गूंजने लगता है। लोग अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। तिब्बती और लद्दाखी परिवार घरों में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, जिनमें दीप प्रज्वलन और बौद्ध मंत्रों का पाठ शामिल होता है। इस दिन तिब्बती लामा और उच्च गुरुओं की दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। दूसरा दिन 'ग्यालपो लोसार' अर्थात 'राजाओं का दिन' कहलाता है। यह दिन सामुदायिक मेल-मिलाप का प्रतीक होता है। ऐतिहासिक रूप से यह शासकों और उनके मंत्रियों के बीच संवाद का दिन रहा है। आज यह सार्वजनिक समारोहों, नृत्य-गीत और मेलों के रूप में मनाया जाता है। लद्दाख और धर्मशाला की सड़कों पर पारंपरिक परिधानों में सजे लोग एक-दूसरे को 'ताशी देलेक' कहकर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं।

तीसरा दिन 'चो-क्योंग लोसार' यानी 'धर्म रक्षकों का दिन' होता है। इस दिन लोग पहाड़ियों और पर्वत चोटियों पर जाकर धूप ( सांग ) जलाते हैं और प्रार्थना-पताकाएं ( लुंगटा ) फहराते हैं। ये पताकाएं शांति, करुणा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती हैं।

**मुखौटा नृत्य (छम) :** लोसार उत्सव का सबसे आकर्षक और रोमांचक पक्ष मठों में होने वाला 'छम' या मुखौटा नृत्य है। यह नृत्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होता है। रंग-बिरंगे रेशमी वस्त्रों और भव्य मुखौटों में सजे लामा जब नृत्य करते हैं, तो दर्शकों को एक अलग ही आध्यात्मिक संसार का अनुभव होता है।

## मिस्र में मिले शैलचित्र का भारतीय संदर्भ में महत्व

मिस्र के दक्षिणी सिनाई स्थित उम्म अरक पठार पर लगभग 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्रों की खोज ने प्रागैतिहासिक कला के वैश्विक इतिहास को नए सिरे से देखने का अवसर दिया है। देखा जाए तो यह हालिया पुरातात्विक खोज केवल मिस्र की सांस्कृतिक धरोहर का विस्तार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आरंभिक कलात्मक बोध की एक साझा विरासत की ओर संकेत करती है। भारतीय संदर्भ में देखें तो यह खोज विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो उठती है, क्योंकि भारत में भी शैलकला की समृद्ध और प्राचीन परंपरा विद्यमान है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

भारत में मध्य प्रदेश के भीमबेटका शैलाश्रय विश्वप्रसिद्ध प्रागैतिहासिक शैलचित्रों का केंद्र है, जिन्हें यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है। भीमबेटका की गुफाओं में मानव आकृतियां, शिकार के दृश्य, पशु-पक्षियों की छवियां और सामुदायिक जीवन के संकेत मिलते हैं। आश्चर्यजनक रूप से उम्म अरक के शैलचित्रों में भी समान प्रकार की विषयवस्तु- शिकार, पशु आकृतियां और प्रतीकात्मक चिह्न दिखाई देते हैं। यह समानता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में रहते हुए भी प्रारंभिक मानव समुदायों की संवेदनाएं और अभिव्यक्तियां कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुड़ी हुई थीं।



उम्म अरक के चित्रों में जंगली पशुओं और मानव समूहों के दृश्य उस समय की पर्यावरणीय और सामाजिक संरचना का संकेत देते हैं। इसी प्रकार भीमबेटका तथा भारत के अन्य शैलचित्र स्थलों में भी सामुदायिक गतिविधियों, अनुष्ठानों और प्रकृति से गहरे संबंध का बोध मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शैलकला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं थी, बल्कि यह जीवनयापन, आस्था और सामाजिक संगठन का दस्तावेज भी थीं।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में शैलचित्रों को केवल 'कला' के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति के रूप में भी देखा जाता है। वे उस समय के मनुष्य के मानस, उसकी आशंकाओं, आकांक्षाओं और आध्यात्मिक अनुभवों का दृश्य लेखा हैं। मिस्र के उम्म अरक की खोज इस वैश्विक मान्यता को पुष्ट करती है कि मानव रचनात्मकता की जड़ें अत्यंत प्राचीन और सार्वभौमिक हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु जलवायु और पर्यावरणीय परिवर्तन का है। उम्म अरक के चित्र संकेत देते हैं कि दक्षिणी सिनाई क्षेत्र कभी अधिक हरित और जीवनोपयोगी रहा होगा। इसी प्रकार भारत के कई शैलचित्र स्थल भी ऐसे क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां आज का पर्यावरण अतीत की तुलना में बिल्कुल भिन्न है। इस प्रकार शैलचित्र केवल कला-इतिहास नहीं, बल्कि पर्यावरणीय इतिहास के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

भारतीय कला-दर्शन की दृष्टि से यदि देखें तो 'मंडल', 'चक्र' और 'सृष्टि-चेतना' जैसे प्रतीक, जो बाद की सभ्यताओं में विकसित हुए, उनकी आदिम जड़ें भी संभवतः इन्हीं प्रारंभिक प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियों में निहित रही होंगी। दरअसल शैलचित्रों की वृत्तात्मक रचनाएं और समूह-आकृतियां सामूहिकता और ब्रह्मांडीय व्यवस्था की प्रारंभिक समझ का संकेत देती हैं। उम्म अरक की यह खोज भारत सहित विश्व के अन्य प्रागैतिहासिक स्थलों के तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। इससे यह समझ विकसित होती है कि मानव सभ्यता का विकास किसी एक भूभाग की कहानी नहीं, बल्कि एक साझा मानवीय यात्रा है।

अतः मिस्र के दक्षिणी सिनाई में मिले ये 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्र भारतीय शैलकला की परंपरा के साथ संवाद स्थापित करते हैं। हमें यह स्मरण कराते हैं कि मानवता की सांस्कृतिक स्मृति सीमाओं से परे हैं। ऐसे में चाहे वह सिनाई का पठार हो या भीमबेटका की गुफाएं, कला मनुष्य की सार्वभौमिक भाषा रही है, जो समय, भूगोल और संस्कृतियों को जोड़ती है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2565, राज श्री 1880, फॉर्चून कि. 2395, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2115, जय जवान 2080, सचिन 2085, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520
**किराना**–महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100
**चावल** – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200
**दाल दलहन** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100
**चीनी** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260
**बरेली सर्राफा** – ( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 157200, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 153200, सिल्वर ( पक्की) 2440 (अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :** शरबती– 3800मसूरी– 1200 बासमती– 8000–9200 परमल– 2000–4400
**दाल दलहन**–काला चना– 2200–3400 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 9200–12400 दाल उड़द– 7000 साबुत मसूर दाल– 3800 मसूर दाल– 1400 उड़द साबुत– 10000 काबुली चना– 7200–10200 अरहर दाल– 10200 –12000 लोबिया/करमानी– 2000–4200

### मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी :** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई–विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी।

# रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आधार तैयार कर रहा है भारत: राजनाथ

## देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान एक-चौथाई पर पहुंचा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को कहा कि इससे आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र का आधार तैयार हो रहा है। राजनाथ ने मंगलवार को यहां वेमगल में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयर बस के संयुक्त हेलीकॉप्टर विनिर्माण संयंत्र की असेंबली लाइन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर आज लगभग एक-चौथाई पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव रक्षा विनिर्माण के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर आधार तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस संयंत्र में एयरबस से एच125 हेलीकॉप्टर और उसके सैन्य संस्करण एच125एम हेलीकॉप्टर का निर्माण होगा। अगले साल के मध्य तक संयंत्र में बने पहले हेलीकॉप्टर के रोल आउट और उड़ान भरने की उम्मीद है।

इस संयंत्र को शुरू से ही यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) का प्रमाणन प्राप्त होगा जो वैश्विक स्तर पर दो प्रमुख प्रमाणनों में शामिल है। असेम्बली लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रां ने मुंबई से वर्चुअल माध्यम से किया। वेमगल में रक्षा मंत्री सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वैट्रिन के अलावा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। आयुध कारखानों के निजीकरण, औद्योगिक लाइसेंसिंग में उदारीकरण, निजी निर्माताओं को नीतिगत समर्थन और रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना जैसी पहलों का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन सुधारों ने निजी कंपनियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराकर तथा उत्पादन में नवाचार, प्रतिस्पर्धा और दक्षता को बढ़ावा दिया है जिससे रक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे देश वैश्विक स्तर पर उभरते रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा सहायक उद्योगों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, रक्षा उत्पादन में संलग्न एमएसएमई की संख्या बढ़कर 16,000 से अधिक हो गयी है। अब कई विदेशी कंपनियां भारतीय कंपनियों से महत्वपूर्ण पुर्जे खरीद रही हैं।

### असम सरकार ने 62,294.78 करोड़ का अंतरिम बजट किया पेश

**गुवाहाटी, एजेंसी:** असम की वित्त मंत्री अजंता नियोग ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 62,294.78 करोड़ रुपये का अंतरिम बजट विधानसभा में मंगलवार को पेश किया।

राज्य में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव से पहले अपना अंतिम बजट पेश करते हुए नियोग ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इस समय असम देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि मैं वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती महीनों के लिए अनुदान मांगों पर लेखानुदान (वोट ऑन अकाउंट) प्रस्तुत कर रही हूं, जिसकी राशि 62,29,478.30 लाख रुपये है ताकि पूर्ण बजट आने तक सरकार सामान्य सेवाएं जारी रख सके।

### एयर इंडिया, लुफ्थांसा कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली,एजेंसी**

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह ने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाते हुए एक-दूसरे के यात्रियों के लिए भारत और यूरोप में साझा कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता हाल ही में संपन्न ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से किया गया है।

इसके तहत एयर इंडिया और जर्मनी के लुफ्थांसा समूह की विमान सेवा कंपनियों और सहायक कंपनियों - एयर इंडिया एक्सप्रेस, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस, ब्रसेल्स एयरलाइंस, आईटीए एयरवेज, लुफ्थांसा, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइंस और अन्य संबद्ध एयरलाइंस समेत - के बीच संयुक्त व्यावसायिक समझौते की रूपरेखा तय की गयी है।

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह के बीच एक कोडशेयर समझौता पहले से है। दोनों स्टार एलायंस के सदस्य हैं। यह करार दोनों पक्षों को भारत और प्रमुख यूरोपीय बाजारों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के विकल्प तलाशने में सक्षम बनायेगा। एमओयू पर एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और लुफ्थांसा समूह के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्स्टन श्पोर ने हस्ताक्षर किये। अभी इस समझौते को नियामकीय मंजूरियां मिलनी शेष हैं। दोनों पक्ष चयनित बाजारों में मार्ग योजना और उड़ान समय-सारिणी का समन्वय, संयुक्त बिक्री, विपणन और वितरण पहल पर सहयोग कर सकते हैं।

### दुपहिया की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 2.9 करोड़ के पार होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जायेगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आयी तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिक्री बढ़ने और प्रीमियम सिगमेंट की तरफ ग्राहकों के झुकाव से राजस्व में भी स्थिर वृद्धि की संभावना है।

दुपहिया बाजार में 95 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाली छह कंपनियों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर क्रिसिल ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-26 में दो विपरीत कहानियां देखने को मिलीं।

### नेशनल स्माल इंड. कार्पोरेशन अनुसूची ए उपक्रम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्धन में लगे केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय के उपक्रम नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन लि. (एनएसआईसी) को अनुसूची ए के केंद्रीय उपक्रम का दर्जा दिया गया है।

उच्च स्तर का कार्य प्रदर्शन करने वाले केंद्रीय उद्यम इस श्रेणी में रखे जाते हैं। एनएसआईसी को अभी तक अनुसूची बी में रखा गया था।

### ओसलो में नार्वे के वित्त मंत्री से मिलीं सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **स्वच्छ ऊर्जा, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा**



सीतारमण

वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान ओस्लो में वहां के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की और स्वच्छ ऊर्जा तथा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यहां सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्रीमती सीतारमण के साथ इस मुलाकात में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और प्रगति के बहुत सारे अवसर देती है।

दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर पैनल से बिजली तैयार करने, दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण , वायुमंडल से कार्बन अवशोषण और संग्रह में दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने भारत और नार्वे सहित चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) का पूरा फायदा उठाने के कदम उठाने पर सहमति जतायी है। स्टोल्टेनबर्ग ने श्रीमती सीतारमण से कहा कि नार्वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का इंतजार कर रहा है। मोदी इस साल के आखिर में नार्वे जाने वाले है और उम्मीद है कि इससे भारत -नॉर्वे के बीच सहयोग का विस्तार होगा। वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने ओसलो में नॉर्वे की संसद की वित्त समिति की अध्यक्ष तुवा मोफ्लैग, ईएफटीए समिति की उप प्रमुख ट्राइन लिसे सुंडनेस और संसद में नार्वे-भारत मैत्री समूह के प्रमुख हिमांशु गुलाटी से बातचीत की। श्रीमती सीतारमण ने नार्वे के इन नेताओं के साथ भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (ईएफटीए) के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाये जाने के विषय में भी वार्ता की। चार यूरोपीय देशों के व्यापार समूह ईएफटीए में नार्वे भी शामिल है।

## आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स मजबूत, निफ्टी 42 अंक लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**

**स्थानीय** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा



एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद, वैश्विक एआई साझेदारों के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणाओं के बाद चुनिंदा शेयरों में तेजी से खरीदारी देखने को मिली।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,447 लाभ में रहे, जबकि 1,756 में गिरावट रही। वहीं 149 के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,52,688.24 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,11,313.57 करोड़ (5,180 अरब डॉलर) हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हाल ही में आई तेज गिरावट के बाद आईटी शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इन्फोसिस द्वारा एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना, जिससे एआई-आधारित व्यवधान को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक से पहले रक्षा शेयरों में 1.3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद पर संभावित चर्चा की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की नुकसान में रहा, जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख है।

### अत्याति टेक्नोलॉजीज का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी बीएलएस ई-सर्विसेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी:** बीएलएस ई-सर्विसेज ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी अत्याति टेक्नोलॉजीज लि. का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा की है। सरकारों और वित्तीय संस्थानों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली बीएलएसई ई-सर्विसेज ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण पूरी तरह से नकद में होगा और इसके 31 मार्च, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह सौदा नियामक प्राधिकरणों, शेयरधारकों तथा अन्य मंजूरी पर निर्भर है।



### मंत्री की टिप्पणी के बाद कर्नाटक में नेतृत्व विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर लंबे समय से जारी विवाद मंगलवार को उस समय और गहरा गया, जब राज्य के समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा ने आवारा कुत्तों पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी का हवाला देते हुए एक विवादित बयान दिया। शिवकुमार सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी सदस्यों ने महादेवप्पा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। महादेवप्पा ने सोमवार को मैसुरु में संवाददाताओं से बातचीत में शीर्ष स्तर पर बदलाव की संभावनाओं को खारिज करते हुए कहा था कि नेतृत्व के मुद्दे पर कहां चर्चा हो रही है? उच्च न्यायालय बार-बार कहता है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय केंद्रों में बंद करो। यहां राजनीतिक नेतृत्व मजबूत है। जब महादेवप्पा से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि उनका इशारा किस ओर था, तो उन्होंने कहा कि वह केवल उच्च न्यायालय की टिप्पणियों का हवाला दे रहे थे।

मंत्री ने कहा कि मैं सिर्फ उच्च न्यायालय की ओर से की गई टिप्पणी का जिक्र कर रहा था। मुझे नहीं पता कि आप लोग इसकी व्याख्या कैसे करते हैं।

## प. बंगाल में पांच निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

- **निर्वाचन आयोग ने छह माह पहले आदेश दिया था**

पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग के अल्टीमेटम पर कार्रवाई करते हुए राज्य में विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची संशोधन को लेकर कथित गंभीर चूक और डेटा सुरक्षा नीतियों के उल्लंघन के आरोप में राज्य सरकार के पांच कर्मचारियों के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की। इन कर्मचारियों में दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) भी शामिल हैं। यह कार्रवाई आयोग द्वारा राज्य को आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले शुरू करने का निर्देश दिये जाने के छह महीने बाद की गई।

निर्वाचन आयोग द्वारा शाम पांच बजे की निर्धारित समयसीमा से महज कुछ ही घंटे पहले पुलिस में शिकायतें दर्ज कराई गईं। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बीच हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार अपने सभी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और इस कदम को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए । आरोपी कर्मियों पर दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र और पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों में सौ से अधिक फर्जी नाम जोड़ने का आरोप है।

आयोग ने पिछले साल अगस्त में कथित पेशेवर कदाचार का पता चलने के बाद राज्य सरकार को पांचों अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इन पांच अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने प्रवेश संकेत अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए, जिससे मतदाता सूची में नाम जोड़े जा सके और उन्होंने अनिवार्य कर्तव्यों का पालन नहीं किया। इन अधिकारियों में देबोत्तम दत्ता चौधरी और तथागत मंडल (बरुईपुर पूर्व के ईआरओ और एईआरओ), बिप्लब सरकार और सुदीप्त दास (मोयना के ईआरओ और एईआरओ) तथा सुरजीत हलदर (अस्थायी डाटा प्रविष्टि संचालक) शामिल हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने अधिकारियों को निलंबित कर दिया था, लेकिन शुरुआत में उसने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। सरकार का कहना था कि ये कार्य 'अनजाने में हुई गलतियां' थीं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 का हवाला देते हुए आयोग ने राज्य के रुख को खारिज कर दिया, जनवरी में अनुस्मारक जारी किए और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 17 फरवरी की समय सीमा निर्धारित की।

#### ममता ने निर्वाचन आयोग को तुगलकी आयोग बताया



कोलकाता, एजेंसी : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक राजनीतिक दल द्वारा संचालित तुगलकी आयोग करार दिया और राज्य की मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर का आरोप लगाया। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। निर्वाचन आयोग उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है।" मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निर्देश पर निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि तार्किक विसंगतियों का हवाला देते हुए, यह लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों के साथ आतंकियों की तरह बर्ताव कर रहा है।


### सुनेत्रा पवार राकांपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनीं गयीं

**नई दिल्ली,एजेंसी:** महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। उनकी नियुक्ति पर औपचारिक मुहर 26 फरवरी को होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लगायी जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव रखा। वहां मौजूद सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया

### फारूक ने शांति को एकता की अपील की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने देश से केंद्र-शासित प्रदेश के लोगों की शांति और गरिमा के लिए लड़ाई में एकजुट होने की मंगलवार को अपील की। अब्दुल्ला केरल राज्य योजना आयोग की ओर से यहां विकास और लोकतंत्र के विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विजन-2031 के समापन समारोह में बोल रहे थे।

अब्दुल्ला के भावपूर्ण संबोधन को ध्यानपूर्वक सुन रहे मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सीट पर लौटने पर उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। अब्दुल्ला ने कहा कि हम आपकी ओर देखते हैं और मन ही मन कहते हैं, अल्लाह! तू कब जागेगा, ताकि हम भी आजादी से चल सकें, आजादी से बोल सकें, आजादी से सोच सकें। यही तो लोकतंत्र है-लोगों का, लोगों के लिए, लोगों द्वारा हमारे बच्चे और हमारे लोग, जिन्होंने दुख झेला है, वे आज भी उत्तर में दुख झेल रहे हैं। हां, उन्हें पाकिस्तानी कहकर पुकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हमारे बच्चों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। यह सब कब खत्म होगा? नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के वरिष्ठ नेता ने नम आंखों और रुंधे गले से कहा कि दक्षिण अब भी उन सांप्रदायिक ताकतों से मुक्त है, जो देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने 90 साल की उम्र में यह यात्रा इसलिए की, ताकि आप सभी से कह सकूं कि हमारे बारे में सोचें, हमारे लिए प्रार्थना करें।

### अमेरिका को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने का करार

**नई दिल्ली,एजेंसी:** भारतीय चावल निर्यातक महासंघ के एक सदस्य ने अमेरिका में एक खरीदार को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने के लिए व्यवसायिक समझौता किया है। महासंघ ने कहा कि यह एक अहम घटनाक्रम है क्योंकि यह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद आया है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय सामान पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत तक करने पर सहमत हो गया है।

## कामरा विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए

**शिंदे के खिलाफ टिप्पणी**

**मुंबई, एजेंसी**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के सिलसिले में मंगलवार को राज्य विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए। हालांकि, समिति के अध्यक्ष प्रसाद लाड ने बताया कि मुख्य शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई 10 मार्च के लिए स्थगित कर दी गई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता सुषमा अंधारे भी समिति के समक्ष पेश हुईं।

कामरा और अंधारे ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि सुनवाई के दौरान उनके बयान दर्ज नहीं किए गए, क्योंकि मुख्य शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रवीण दारेकर अनुपस्थित थे। शिवसेना की इस धमकी के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें मुंबई आने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, कामरा ने कहा कि वह सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लाड के मुताबिक, "कामरा ने समिति को बताया कि वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। हालांकि, शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में उनका बयान दर्ज करना उचित नहीं होता। इसलिए यह तय किया गया कि दोनों पक्षों के बयान एक ही दिन दर्ज किए जाएंगे।

दारेकर से चर्चा के बाद 10 मार्च को शाम चार बजे सुनवाई करने का फैसला लिया गया।" अंधारे ने पिछले साल हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की गई थी, जहां कामरा ने अपनी प्रस्तुति के दौरान शिंदे के ऊपर एक पैरोडी गीत गाया था। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, "हम जानना चाहते थे कि हमारे खिलाफ क्या आरोप हैं।" दारेकर ने शिवसेना प्रमुख शिंदे के खिलाफ "अपमानजनक टिप्पणी" करने के लिए कामरा और अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। दारेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हैं, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति की एक घटक है। अपने सत्ता-विरोधी विचारों के कारण अक्सर विवादों में घिरे रहने वाले कामरा ने पिछले साल एक पैरोडी गीत में शिंदे को निशाना बनाया था और उन्हें परोक्ष रूप से "गद्दार" कहा था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पटकथा लेखक सलीम खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** वरिष्ठ पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। सलीम खान ने जावेद अख्तर के साथ मिलकर शोले, दीवार और डॉन जैसी सुपरहिट फिल्में लिखी हैं। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि 90 वर्षीय पटकथा लेखक को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटकथा लेखक के स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। खान के बेटे सुपरस्टार सलमान खान, बेटी अलवीरा और दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को अस्पताल में जाते हुए देखा गया।

### हंगरी-अमेरिका में परमाणु समझौता

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गयी छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है।

### हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी में तीन मरे

**आइलैंड।** रोड आइलैंड में एक हॉकी मैच के दौरान सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पॉटकेट की पुलिस प्रमुख टीना गोंकाल्वेस ने संवाददाताओं से कहा कि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह लक्ष्य बनाकर की गई गोलीबारी थी। इसका कारण संभवत: कोई पारिवारिक विवाद है। गोंकाल्वेस ने संदिग्ध के बारे में या मारे गए लोगों की पहचान के बारे में विवरण नहीं दिया लेकिन उन्होंने इस बात का संकेत दिया कि ऐसा प्रतीत होता है कि संदिग्ध के अलावा मारे गए अन्य दो लोग वयस्क थे।

### स्पेन में इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्व स्पेन की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य मामूली रूप से झुलस गए। क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि बार्सिलोना के उत्तर में स्थित मैनलेउ में पांच मंजिला इमारत के भंडारण कक्ष में आग लगी थी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पीड़ित इमारत से बाहर क्यों नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का भी अभी पता नहीं चला है।

### जेसी जैक्सन का 84 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुजर गए। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था।

# डीपफेक पर ज्यादा कड़े नियमों की जरूरत

## केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, उद्योग जगत से सरकार की बातचीत जारी

- **मंत्री बोले-सभी को देश के कानूनी ढांचे का पालन करना होगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक की समस्या तेजी से बढ़ रही है और बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए इससे निपटने के वास्ते कहीं अधिक कड़े नियमों की जरूरत है। डीपफेक, कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार की गई ऐसी तस्वीरें व वीडियो होती हैं जो नकली होने के बावजूद असली प्रतीत होती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार मौजूदा प्रावधानों से आगे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लेकर उद्योग जगत से परामर्श शुरू कर चुकी है।

मंत्री ने कहा कि डीपफेक और उम्र आधारित प्रतिबंधों से निपटने को लेकर सोशल मीडिया मंचों से बातचीत जारी है, ताकि इस मुद्दे पर सबसे उपयुक्त तरीके से निपटा जा सके। मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी चाहे वह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, मेटा या एक्स हो, सभी को देश के कानूनी ढांचे और संविधान का पालन करना होगा। वैष्णव ने कहा कि डीपफेक की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इससे निपटने के लिए कड़े नियमन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि डीपफेक पर कहीं ज्यादा कड़े नियम चाहिए। यह समस्या रोजाना बढ़ती जा रही है। बच्चों और समाज को इनसे होने वाले नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है हमें पहले से मौजूद नियमों के अतिरिक्त नियमन चाहिए, इस पर उद्योग जगत के साथ बातचीत शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि संसदीय समिति ने भी इस विषय पर गहराई से गौर किया है। एआई इम्पैक्ट समिट से इतर संवाददाता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमें डीपफेक पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे और संसद के भीतर इस पर व्यापक सहमति बनानी होगी, ताकि समाज को इन खतरों से सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कई देशों ने उम्र आधारित प्रतिबंधों की आवश्यकता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा कि यह ऐसी बात है जिसे कई देशों ने माना है कि उम्र आधारित नियमन होना चाहिए। यह हमारे डेटा संरक्षण कानून का भी हिस्सा था जब हमने छात्रों और युवाओं के लिए उपलब्ध सामग्री में उम्र के आधार पर अंतर तय किया था। उसी समय हमने यह दूरदर्शी कदम उठाया था। केंद्रीय मंत्री ने साथ ही कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में संप्रभु एआई मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं और सरकार इन्हें व्यापक रूप से सभी के लिए उपलब्ध कराने को एक विशाल अवसंरचना तैयार करने की योजना बना रही है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि संप्रभु मॉडल वैश्विक स्तर के बड़े एआई मॉडल के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। वैष्णव ने कहा कि यहां संप्रभु मॉडल पेश किए गए हैं। आप जाकर देख सकते हैं कि वैश्विक मानकों पर वे कैसे खरे उतरते हैं। आने वाले समय में, एआई मिशन 2.0 के लिए संप्रभु मॉडल के लिए एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता होगी।



नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में जानकारी के लिए विभिन्न स्टालों पर उमड़े लोग।

### पहले दिन हुई असुविधा पर जताया खेद

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ से उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए मंगलवार को खेद जताया और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक दल लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक दल, लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक 'वॉर रूम' बनाया है...कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे। वैष्णव ने कहा, अगर कल किसी को कोई समस्या हुई हो, तो उसके लिए मुझे खेद है। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### समिट में शामिल होना न होना व्यक्तिगत निर्णय

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होना या न होना किसी की व्यक्तिगत पसंद का विषय है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में जेन्सेन हुआंग जैसे प्रौद्योगिकी जगत के कुछ दिग्गजों के शामिल न होने के सवाल पर मंत्री ने यह टिप्पणी की। मंत्री ने साथ ही कहा कि भारत, कृत्रिम मेधा के उचित एवं नैतिक उपयोग पर वैश्विक नेताओं के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है। देश के सबसे बड़े वैश्विक कृत्रिम मेधा आयोजनों में शामिल इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं और कृत्रिम मेधा में नवाचार, संचालन व्यवस्था और वास्तविक उपयोगों पर मंथन कर रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कुछ बेहद जरूरी काम के कारण अपने न आने की जानकारी दी थी।

### एआई सम्मेलन में हिस्सा लेंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** गेट्स फाउंडेशन इंडिया ने कहा है कि अमेरिकी व्यापार दिग्गज बिल गेट्स यहां चल रहे एआई इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। फाउंडेशन के इस ऐलान से उन खबरों पर विराम लग गया है जिनमें कहा गया था कि गेट्स इस सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। फाउंडेशन ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि वह सम्मेलन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपना मुख्य भाषण देंगे। फाउंडेशन ने अपनी पोस्ट में कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी देश है, जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े प्रतिभाशाली विशेषज्ञों का समूह है। विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से इसे अपनाने और बड़े पैमाने पर नवाचार की शक्ति भारत के पास है।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई के प्रयोग में नैतिकता महत्वपूर्ण

- **एआई इंपैक्ट सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी इस्तेमाल में नैतिकता की भूमिका बेहद अहम होगी। सरकार के बहुभाषी एआई इंजन भारतजेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी नयी पहल या उभरती तकनीक के प्रारंभिक चरण में ही आगे आकर भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का अधिकतम और सही उपयोग सुनिश्चित करने में नैतिक मानदंडों की भूमिका बेहद अहम होगी। वह एआई इम्पैक्ट समिट के एक सत्र में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि भारतजेन सरकारी स्वामित्व



वाला संप्रभु मॉडल है, लेकिन निजी क्षेत्र में भी डिजिटल स्वास्थ्य और डिजिटल केस हिस्ट्री जैसे मॉडल पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें भी एकीकृत होना पड़ेगा। न तो वे अकेले काम कर सकते हैं, न ही हम। इसलिए, हमें तैयार रहना होगा। अक्टूबर 2024 में शुरू की गई भारतजेन एक सरकारी परियोजना है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करना है।

# विश्व समुदाय के एजेंडे में भारत का योगदान अहम

- **एआई समिट संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस की टिप्पणी**

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक स्तर पर बढ़ती और सशक्त होती भूमिका एक सकारात्मक मेगा ट्रेंड के रूप में उभर रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ये टिप्पणियां कृत्रिम मेधा पर ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाले पहले शिखर सम्मेलन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले कीं। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों के सभी पहलुओं में भारत एक अत्यंत अहम शक्ति बन गया है। मुझे भारत द्वारा आयोजित जी20 की अध्यक्षता याद है जहां बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। गुतारेस ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश के रूप में मानवाधिकारों के मामले में भी भारत अहम शक्ति बन गया है, वो भी ऐसी दुनिया में जहां हम लोकतंत्र को संकट में देखते हैं।

# भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा

- **वैश्विक आर्थिक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री जयशंकर**

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मजबूत स्थिति में अधिक गहनता से जुड़ रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के प्रमाण के रूप में हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों का हवाला दिया। उन्होंने वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन में अपने संबोधन में अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते सहित कई बड़े सौदों की सफल चर्चा पर प्रकाश डाला। वैश्विक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन भविष्य आर्थिक सहयोग परिषद द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जाता है।

वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को शायद हाल के समय में सबसे अस्थिर बताते हुए, मंत्री ने कहा कि दुनिया उत्पादन और वित्त के हथियारीकरण के साथ-साथ निर्यात नियंत्रणों को कड़ा करने और अस्थिर बाजार परिवर्तनों की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा कि स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बदल रही है, इसके विकल्प तैयार करना मुश्किल है और ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक अनिश्चितता के लंबे दौर की ओर बढ़ रहे हैं। यह दौर अव्यवस्थित, जोखिम भरा, अप्रत्याशित और शायद खतरनाक भी होगा। मंत्री ने कहा कि लंबे समय से बरकरार धारणाएं और अपेक्षाएं अब सवालों के घेरे में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं, भले ही वह रणनीतिक हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या प्रौद्योगिकी हो। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने और कई क्षेत्रों में विविधता लाने में समाधान निहित हैं तथा यह दृष्टिकोण राष्ट्रों की नीति में तेजी से दिखाई दे रहा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि सुधार एक्सप्रेस लगातार जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मजबूत स्थिति में भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौतों में यह बात स्पष्ट रूप से देखी गई। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को मजबूत आत्मनिर्भरता और अधिक भरोसेमंद साझेदारों के माध्यम से ही बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की हाल में घोषणा की।

### अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है दुनिया




जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है, जो हमारे जीवनकाल में संभवत: सबसे अधिक उथल-पुथल भरा युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेवाओं, प्रौद्योगिकी, कौशल और ज्ञान के क्षेत्र में उत्पादन के वैश्विक समीकरण में भारत की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका हर कीमत पर पुन: औद्योगीकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है और यह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसके भविष्य के लिए अहम महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर चीन का लगातार ध्यान है तथा इसमें संभवत: और भी विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज और ध्रुवीकृत होती जा रही है, ऊर्जा व्यापार के प्रवाह में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है और नए दृष्टिकोण सैन्य तरीके अपनाने सहित अधिक जोखिम को बढ़ावा दे रहे हैं।

# ट्रंप को जिनेवा में ईरान से समझदारी की उम्मीद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर जून 2025 में हुए हमलों का ज़िक्र करते हुए कहा है कि जिनेवा में होने वाली बैठक में ईरान से समझदारी की उम्मीद है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में होने वाली उच्च स्तरीय परमाणु वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने फोर्दो, इस्फहान और नतांज पर हुए अमेरिकी हमलों का उल्लेख करते हुए ईरान से बातचीत के दौरान तर्कसंगत रुख अपनाने की अपील की। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं इन वार्ताओं में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहूंगा और ये बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मुझे उम्मीद है कि वे (ईरान) अधिक तर्कसंगत होंगे।

जिनेवा बैठक में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जेरेड कुशनर के शामिल होने की संभावना है। समझौते की संभावनाओं पर ट्रंप ने कहा कि ईरान पारंपरिक रूप से कड़ा रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले वर्ष अमेरिकी हमलों से उसने सबक लिया है और अब वार्ता के लिए अधिक इच्छुक है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम चाहते हैं।

### तीन घंटे तक चली दूसरे दौर की परमाणु वार्ता

**जिनेवा।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का नवीनतम दौर लगभग तीन घंटे की बैठक के बाद समाप्त हो गया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। जिनेवा में यह वार्ता ऐसे समय में हुई, जब ईरान ने सैन्य अभ्यास के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी बंद किया

**जिनेवा।** ईरान ने कहा कि वह अपने सैन्य अभ्यास की वजह से कई घंटों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रहा है। दोनों देशों में वार्ता की शुरुआत के साथ ही ईरानी मीडिया ने कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर मिसाइलें दागी हैं। जलडमरूमध्य को कई घंटों के लिए बंद कर रहा है।

# जम्मू सुधार गृह से फरार दोनों पाकिस्तानी बंदियों को दबोचा

- **फरार हुआ गैंगस्टर अभी पकड़ से दूर, छह पुलिसकर्मी निलंबित**

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में एक बाल सुधार गृह से सोमवार शाम को दो पाकिस्तानी नागरिक और एक स्थानीय गैंगस्टर फरार हो गया। तीन बंदियों के फरार होने के बाद कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

मंगलवार को पुलिस ने बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को 24 घंटे के भीतर पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि गैंगस्टर अभी फरार है। अधिकारियों ने बताया कि आरएस पुरा के डबलेहर निवासी कराजीत सिंह उर्फ गुग्गा और पाकिस्तानी नागरिक मोह म्मद सना-उल्ला व अहसान अनवर सोमवार शाम करीब सवा पांच बजे पुलिसकर्मियों पर हमला कर बाल सुधार गृह से फरार हो गए थे। इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में एक सहायक उपनिरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया। ये निलंबन जांच का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि भागने की घटना कैसे हुई, सुरक्षा में सेंध क्यों लगी।

# पाकिस्तान आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों, बच्चे की मौत

- **खैबर पख्तूनख्वा में जांच चौकी पर उड़ाई विस्फोट भरी गाड़ी**

**पेशावर, एजेंसी**

उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों द्वारा एक जांच चौकी पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से किये गये आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत हो गयी। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में एफसी जांच चौकी पर हुए इस घातक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, 16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया। सरकार 'फितना-अल-ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लिए करती है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। हताशा में हमलावरों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा घेरा की दीवार से टकरा दिया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति: 18 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 16.57 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| श. 12 | चं. | मं. 10 | |
| 1 | बु. सू. शु. रा. 11 | 9 | |
| 2 | | 8 | |
| गु. 3 | 5 के. | 7 | |
| 4 | | 6 | |

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृतिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 21.16 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** - आज राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। घर की व्यवस्था में सुधार आयेगा। व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** - आज समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज किसी को उधार न दें। आपके पास अत्यधिक काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी समस्या होने की संभावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** - आज किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए। मन में आशंका हो सकती है। किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है।

**सिंह** - आज किसी जरूरत की वस्तु को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। आपको अपने काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। घर के लोगों से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** - आज कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी कमजोरी होने की सम्भावना है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें।

**तुला** - आज शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में बदलाव की कुछ योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आप से प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं।

**धनु** - आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्ण फल आपको प्राप्त होगा। रुचि के अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**मकर** - आज अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** - आज आप व्यवसाय पर विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मीन** - आज आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाये रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।


## सुडोकू-65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

## सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |



भारत से हार के बावजूद टीम पर किसी तरह का दबाव नहीं है। सच कहूं तो यह दबाव ज्यादातर दर्शकों और बाहरी शोर से होता है। लोगों को लगता है कि टीम में घबराहट का माहौल है लेकिन टीम के भीतर मैंने ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं किया।
–उस्मान तारिक


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हल्द्वानी, बुधवार, 18 फरवरी 2026


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका-यूएई | पूर्वाह्न 11 बजे |
| नामीबिया-पाकिस्तान | दोपहर 3 बजे |
| भारत-नीदरलैंड्स | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### हरमनप्रीत हुए बाहर हार्दिक संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है।

### वनडे टीम का हिस्सा बनीं प्रतिका रावल

**नई दिल्ली।** प्रतिका रावल को ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में 16वीं खिलाड़ी के रूप में जोड़ा गया है। ये सीरीज फिलहाल चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के बाद खेली जाएगी। 26 अक्तूबर से ही चोट के कारण मैदान से दूर चल रही रावल को इससे पहले टेस्ट टीम में भी शामिल किया गया था। हालांकि, अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी जल्दी होगी।

### भगत की निगाहें एशियाई खेलों पर

**नई दिल्ली।** डोपिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल पाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में विश्व खिताब जीतकर अपने करियर को नहीं दिशा दी है और उनकी निगाह अब एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों पर टिकी है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में एसएल3 श्रेणी में अपना छठा एकल स्वर्ण पदक जीतकर खुद को साबित किया। भगत ने इस तरह से लगातार चौथा एकल विश्व खिताब हासिल किया।



## ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर फिरा पानी, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

**पल्लेकल, एजेंसी**

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा, लेकिन फोकस अगले मैच पर है।

- सुपर-8 में 26 फरवरी को भारत से टकराएगा जिम्बाब्वे

पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है।

आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। ग्रुप दो में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान या अमेरिका होंगे। रजा ने कहा मैं और कोच मिलकर श्रीलंकाई टीम के बारे में विश्लेषण करेंगे और यह मैच जीतने की कोशिश करेंगे। क्वालीफाइंग से हमारा लक्ष्य नहीं बदला है। हमें यह मैच भी जीतना है। पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया को जिम्बाब्वे के दोनों मैच हारने के बाद ही सुपर आठ में जगह मिलनी थी लेकिन बारिश ने उसके इरादों पर पानी फेर दिया।

### सुपर-8 में भारत के मुकाबले

| बनाम | तारीख | मैदान | समय |
|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद | शाम 7 बजे |
| जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई शाम | शाम 7 बजे |
| वेस्टइंडीज | 1 मार्च | कोलकाता | शाम 7 बजे |



### पाकिस्तान के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**कोलंबो।** अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है।
एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

# अहमदाबाद को अभिषेक शर्मा से आक्रामक पारी का इंतजार


## टी-20 विश्व कप : स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है।

अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें।



अभ्यास करते कुलदीप यादव व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन-कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।



## नेपाल ने स्कॉटलैंड को हराकर पहली जीत दर्ज की



शॉट लगाते नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी। एजेंसी

**मुंबई, एजेंसी**

नेपाल ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया।

नेपाल का अभियान चार मैचों में एक जीत के साथ खत्म हुआ। स्कॉटलैंड की चार मैचों में यह तीसरी हार है।

स्कॉटलैंड को सात विकेट पर 170 रन पर रोकने के बाद नेपाल ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

नेपाल की ओर से दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 23 गेंद में नाबाद 50 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।सलामी बल्लेबाज कुशल भुर्तेल ने 43 जबकि आसिफ शेख ने 33 रन का योगदान दिया। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने तीन विकेट लिए।



न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र (दाएं), कनाडा के खिलाड़ियों के साथ।

## फिलिप्स की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचा

**चेन्नई, एजेंसी**

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए।

फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया।

न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

## टी-20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए युवराज समरा

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** कनाडा के भारतीय मूल के 19 साल 141 दिन के बल्लेबाज युवराज समरा ने टी-20 विश्व कप इतिहास में शतक जमाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। समरा ने मंगलवार को यहां ग्रुप डी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 65 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 110 रन की पारी खेली। वह इस विश्व कप में अब तक सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। क्रिकेट के शौकिन पिता बलजीत समरा ने उनका नाम सिक्सर किंग भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के नाम पर रखा था। पिछले साल मार्च में पदार्पण करने वाले समरा ने अपने 19वें टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। समरा ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 11 चौके और छह छक्के जड़े। वह अंतिम ओवर में जैकब डफी पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। उनकी यह पारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम था, जिन्होंने 2014 में 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी।



- भारतीय सिक्सर किंग युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है इस कनाडा खिलाड़ी का नाम

मुझे लगता है कि इस पारी से मेरा जीवन बदल सकता है। मैं खेल में कैरियर बना सकता हूं। मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा होगा। मैं हमेशा से इस पल, इस दिन और रात के बारे में सोचता था। मैं विश्व कप में नाम कमाना और खेल में कैरियर बनाना चाहता था। कनाडा में यह आसान नहीं है क्योंकि खेलने के लिये तीन महीने ही मिलते हैं। बाकी समय माइनस 25 या 30 तापमान रहता है। हमने श्रीलंका में अभ्यास किया।
–युवराज समरा

### टी20 विश्व कप में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

- 19 वर्ष 141 दिन – युवराज सामरा (कनाडा) बनाम न्यूजीलैंड, चेन्नई, 2026
- 22 वर्ष 127 दिन – अहमद शहजाद (पाकिस्तान) बनाम बांग्लादेश, मीरपुर, 2014
- 23 वर्ष 156 दिन – सुरेश रैना (भारत) बनाम दक्षिण अफ्रीका, ग्रोस आइलेट, 2010

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल** | 736 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 पर चटका दिए

## उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने कसा शिकंजा

**लखनऊ, एजेंसी**

कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 700 से अधिक स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 रन पर चटका दिए। आठ बार के चैम्पियन कर्नाटक ने दूसरे दिन छह विकेट पर 689 रन बना लिये थे लेकिन तीसरे दिन पारी घोषित नहीं की। रविचंद्रन स्मण और विद्याधर पाटिल ने टीम को 736 रन तक पहुंचाया। अब कर्नाटक ने पूरी तरह से मैच पर शिकंजा कस लिया है।

स्मरण और पाटिल ने कल के स्कोर में 28 रन और जोड़े। पाटिल ने 114 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। स्मरण और पाटिल के आउट होने के बाद कर्नाटक की पारी का भी अंत हो गया। इससे पहले केएल राहुल ने 141 रन बनाये थे। उत्तराखंड के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज आदित्य रावत ने चार और स्पिनर मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिए। उत्तराखंड अभी भी पहली पारी में 587 रन से पीछे है। कर्नाटक के लिये पाटिल ने दो विकेट चटकाये। कर्नाटक ने 81 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे जिसके बाद लक्ष्य रायचंदानी (नाबाद 52) और जगदीशा सुचित (21) ने पांचवें विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी की। सुचित को भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया जिससे उत्तराखंड का स्कोर पांच विकेट पर 124 रन हो गया। लक्ष्य और सौरभ रावत (10) क्रीज पर टिके हुए हैं।



बंगाल के सूरज सिंधु जायसवाल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू और कश्मीर के औकिब नबी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर फाइनल में पहुंचने के करीब

**कल्याणी।** तेज गेंदबाज आकिब नबी के हरफनमौला खेल से जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां बंगाल के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंच गया। मैच में नौ विकेट लेने वाले नबी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन की अहम पारी खेली जिससे बंगाल की टीम बड़ी बढ़त लेने में नाकाम रही। नबी के हरफनमौला खेल ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी को फीका कर दिया। शमी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिये। बंगाल की पहली पारी में 328 रन के जवाब में जम्मू कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर सिमटी।

## यामल पेनाल्टी से चूके, बार्सिलोना एक सप्ताह में दूसरा मैच हारा

**गिरोना (स्पेन), एजेंसी**

लामिन यामल पेनाल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना सोमवार को यहां गिरोना से 2-1 से हार गया और इस तरह से उसने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियल मैड्रिड को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

बार्सिलोना की एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी हार है जिसके कारण वह तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया। वह रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। इस मैच में जीत से बार्सिलोना अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी से आगे हो जाता लेकिन अब उसके 24 मैच में 58 अंक है जबकि रियल मैड्रिड के इतने ही मैच में 60 अंक हैं। बार्सिलोना की टीम पिछले हफ्ते कोपा डेल रे में एटलेटिको मैड्रिड से 4-0 से हार गई थी। यामल ने हाफ टाइम से ठीक पहले पेनल्टी किक को गोलपोस्ट पर मार दिया हालांकि पाउ कुबार्सी के गोल से बार्सिलोना ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। हालांकि, महज तीन मिनट बाद ही गिरोना ने जोरदार वापसी करते हुए मैच पर कब्जा जमा लिया।



स्पेन के गिरोना जोएल रोका से बहस करते बार्सिलोना लामिन यामल। एजेंसी